नई दिल्ली
शुक्रवार, 29 अगस्त 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष, षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 135
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


बोले पीएम दोनों देशों की मेरी यह यात्रा हमारे राष्ट्रीय हितों और प्राथमिकताओं पर केंद्रित होगी

जापान में वार्षिक सम्मेलन और चीन में एससीओ शिखर सम्मेलन में करेंगे शिरकत

## टैरिफ संकट के बीच जापान और चीन की यात्रा पर रवाना हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के कुछ भागों में जारी संघर्षों और 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ की चुनौती के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को जापान और चीन की चार दिवसीय (29 अगस्त से 1 सितंबर तक) यात्रा पर रवाना हो गए। जिसका पहला पड़ाव जापान (29 से 30 अगस्त तक) होगा। जहां पीएम अपने जापानी पीएम शिगेरू इशिबा के साथ 15 वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इसके बाद (31 अगस्त से 1 सितंबर तक) प्रधानमंत्री मोदी चीन की यात्रा करेंगे।

जहां पर वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भारत का नेतृत्व करेंगे। इस महत्वपूर्ण आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग (31 अगस्त) और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन (1 सितंबर) के साथ द्विपक्षीय बैठक भी होगी। विदेश मंत्रालय ने ▶▶ शेष पेज 5 पर



### क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा

*मंत्रालय ने कहा, पीएम ने अपनी यात्रा पर रवाना होने से पहले दिए बयान में बताया कि मुझे विश्वास है कि मेरी ये यात्रा हमारे राष्ट्रीय हितों और प्राथमिकता पर केंद्रित रहेगी। साथ ही यह लाभप्रद सहयोग जो कि क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और सतत विकास को आगे बढ़ाने वाला साबित होगा। उसके निर्माण में भी योगदान करेगी। जापान में, मैं और पीएम इशिबा दोनों देशों की विशेष सामरिक और वैश्विक भागीदारी के अगले चरण को आकार देने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। बीते 11 वर्षों में जिसमें तेजी से प्रगति हुई है। हमारे सहयोग को नए पंख लगेंगे। जिससे आर्थिक सहयोग और निवेश* ▶▶ शेष पेज 5 पर

जिसका इंतजार था...वो तारीख तय हो गई, चीन में होगी पीएम की जिनपिंग-पुतिन से मुलाकात

# 31अगस्त को चीन और 1 सितंबर को रूस के राष्ट्रपति से मिलेंगे प्रधानमंत्री मोदी

■ शीर्ष नेताओं की बातचीत में शामिल रहेगा टैरिफ का मुद्दा, बढ़ेगी ट्रंप की टेंशन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मौजूदा साल 2025 की जिस बहुप्रतीक्षित मुलाकात का हर खासो-आम को बेसब्री से इंतजार था। उसके लिए तारीख तय हो चुकी है। जी हां, यहां बात चीन की अध्यक्षता में तियानजिन में आयोजित किए जाने वाले 25वें 'शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन' (31 अगस्त से 1 सितंबर तक) की हो रही है। जिसमें 31 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय मुलाकात होगी। दोनों नेता भारत-चीन संबंधों, क्षेत्रीय सहयोग के अलावा अमेरिकी टैरिफ के मामले पर भी चर्चा कर सकते हैं। जो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का तनाव बढ़ा सकती है। सात साल बाद पीएम की यह चीन यात्रा हो रही है। पूर्व में वह 2018 में पड़ोसी देश गए थे। वहीं, 2020 में एलएसी ▶▶ शेष पेज 5 पर



### 20 से अधिक देशों के नेता करेंगे शिरकत

*इस वर्ष एससीओ सम्मेलन में 20 से अधिक देशों के शीर्ष नेता शिरकत करेंगे। जिसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू शामिल होंगे। इसके अलावा तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोआन, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो, मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम और वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह भी इस महत्वपूर्ण आयोजन में भाग लेंगे। 10 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख भी इस आयोजन के लिए चीन की यात्रा करेंगे। जिसमें संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, एससीओ महासचिव नूरलान येरमेकबायेव मुख्य हैं।*

### यह हैं एससीओ के सदस्य देश

*एससीओ में कुल 10 सदस्य देश हैं। जिनमें चीन, भारत, रूस, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, ईरान और बेलारूस शामिल हैं। 2001 में जब इसकी स्थापना हुई थी। तब चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान इसके मूल सदस्य थे। भारत और पाकिस्तान 2017 में एससीओ में शामिल हुए थे। ईरान 2023 और बेलारूस पिछले साल 2024 में एससीओ का सदस्य बना है।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### जनधन खातों में 56% महिलाओं की भागीदारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री जन धन योजना को गुरुवार को 11 वर्ष पूरे हो गए। यह योजना 28 अगस्त 2014 को शुरू की गई थी और आज यह दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन की पहल बन चुकी है। अब तक 56.16 करोड़ बैंक खाते खोले जा चुके हैं और इनमें कुल 2.67 लाख करोड़ रुपए की जमा राशि है। इनमें से 56% खाते महिलाओं के नाम पर हैं।



### इंडिगो की सूरत-दुबई उड़ान का मार्ग बदला

**अहमदाबाद।** गुजरात के सूरत से दुबई जा रहे इंडिगो के एक विमान को तकनीकी खराबी आने पर अहमदाबाद में सुरक्षित उतार दिया गया। विमान में लगभग 150 यात्री सवार थे। सूरत हवाई अड्डे से सुबह लगभग साढ़े नौ बजे उड़ान भरने वाला विमान मार्ग परिवर्तित होने के बाद अहमदाबाद में उतर गया।



### महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित शहर मुंबई

**नई दिल्ली।** कोहिमा, विशाखापत्तनम, भुवनेश्वर, आइजोल, गंगटोक, ईटानगर और मुंबई भारत में महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित शहर बनकर उभरे हैं जबकि पटना जयपुर फरीदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, श्रीनगर और रांची इस मामले में सबसे निचले पायदान पर हैं। राष्ट्रीय वार्षिक महिला सुरक्षा रिपोर्ट एवं सूचकांक में यही स्थिति है।




राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा अक्साई चिन पर हमला करने वाले से दोस्ती बढ़ा रहा भारत

# टैरिफ विवाद के बीच बोला भारत, समस्या के हल के लिए प्रयास जारी, अमेरिका ने कसा तंज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के बीते बुधवार से पूरी तरह से लागू होने के बाद दोनों देशों के बीच जारी टीका-टिप्पणियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान होने वाली भारत और चीन के राष्ट्राध्यक्षों की द्विपक्षीय मुलाकात की घोषणा से जुड़ा हुआ जान पड़ता है। जिससे अमेरिका को बुरी तरह से मिर्ची लग गई है। भारत हालांकि सरकारी सूत्रों के मार्फत टैरिफ के मामले का अमेरिका के साथ समाधान निकालने को लेकर प्रयासों के जारी रहने की बात कह रहा है। साथ ही उसकी तरफ से दोनों देशों के बीच जल्द द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर छठे दौर की बातचीत की पुनः शुरुआत करने को लेकर भी उम्मीद जताई गई है। लेकिन भारत की चीन से बढ़ती निकटता की वजह से सातवें आसमान पर जा पहुंचा अमेरिका का गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने भारत पर आरोप लगाते हुए कहा कि भारत जिस चीन के साथ दोस्ती बढ़ा रहा है। उसने ही उसके लद्दाख वाले अक्साई चिन के इलाके पर हमला किया था। मालूम हो कि यह पहला मौका नहीं है कि पीटर नवारो ने भारत के खिलाफ यूं जहर उगला है। पूर्व में वो भारत को टैरिफ का महाराज कह चुके हैं। बीते 27 अगस्त को अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने इस बात के संकेत दिए थे कि अंत में भारत और अमेरिका एक साथ आएंगे। समस्या का हल निकलेगा।



### तानाशाही वाले देशों संग दोस्ती गांठ रहा भारत

एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में नवारो ने यह बातें कहीं। लेकिन वो केवल अक्साई चिन तक ही नहीं रुके। उन्होंने आगे कहा कि भारत जो कि एक लोकतांत्रिक देश है। वो तानाशाही वाले देशों जैसे चीन और रूस के साथ अपने संबंधों को मजबूत बनाने में लगा हुआ है। चीन के साथ भारत का दशकों पुराना संघर्ष जारी है। उसने आपके कई इलाकों पर हमला किया था। जिसमें अक्साई चिन को हड़पना भी शामिल है। वो (चीन) आपका (भारत) का दोस्त नहीं है। रूस को लेकर नवारो ने कहा कि रूस की जहां तक बात है तो मैं क्या ही कहूं?

### रूसी तेल मत लो, टैरिफ पर छूट मिलेगी

नवारो ने ये भी कहा कि भारत के पास अमेरिका द्वारा लगाए गए 25 फीसदी दंडात्मक टैरिफ से छूट पाने का एक रास्ता मौजूद है। अगर वह रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद कर दे और यूक्रेन युद्ध को बढ़ावा देना बंद दे तो कल ही उसे 25 फीसदी टैरिफ से निजात यानी छूट मिल सकती है। भारत के बारे में एक बात अमेरिका को बेहद परेशान कर रही है। वो यह है कि वो लगातार अहंकार के साथ कह रहे हैं कि यह हमारी संप्रभुता है कि हम जिससे चाहें उससे तेल की खरीद कर सकते हैं। जो कि ठीक नहीं है। ट्रंप के व्यापार सलाहकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक महान और परिपक्व देश का नेता बताया। साथ ही कहा कि मैं हैरान हूं कि इसके बाद भी ये सब कुछ हो रहा है।

### टैरिफ संग बीटीए पर कैसे होगी बात:भारत?

*सरकारी सूत्रों ने कहा कि भारत, अमेरिका के बीच बनी हुई वर्तमान परिस्थिति अस्थायी है। बावजूद इसके कि दोनों देशों के बीच एक दीर्घकालिक संबंध हैं। निर्यातकों को टैरिफ के प्रभावों को लेकर बहुत अधिक चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। क्योंकि इनका प्रभाव बहुत ज्यादा नहीं पड़ने वाला है। क्योंकि भारत के पास विविधतापूर्ण निर्यात आधार मौजूद है। वहीं, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर अगले दौर की वार्ता के लिए दोनों देशों के बीच अभी तारीखें तय नहीं हुई हैं। जिसके पीछे 50 फीसदी टैरिफ ही जिम्मेदार है। इस मुद्दे के बीच अमेरिकी के साथ बीटीए की बातचीत को आधिकारिक तौर पर किया जाना उचित नहीं है। दोनों देशों के बीच बीते मार्च महीने से व्यापार समझौते पर चर्चा चल रही है। जिसके पांच दौर हो चुके हैं। छठे के लिए 25 अगस्त को अमेरिकी दल को भारत आना था। लेकिन यह बैठक फिलहाल आगे के लिए टल गई है। उधर, भारतीय उद्योग कह रहे हैं कि दोनों पूरक अर्थव्यवस्थाएं हैं, समझौता भी होना चाहिए। लेकिन यह ऐसा होना चाहिए। जो दोनों देशों के लिए न केवल लाभप्रद हो। बल्कि राष्ट्रीय हितों के लिहाज से भी बेहतर हो। व्यापार समझौते के लिए टैरिफ का समाधान निकालने की आवश्यकता है। अनुमानित आंकड़ों के मुताबिक, भारत का अमेरिका को किया जाने वाला वार्षिक निर्यात कुल करीब 60 बिलियन डॉलर का है।*

संघ और भाजपा के बीच किसी तरह का विवाद नहीं,दोनों का लक्ष्य देश कल्याणः भागवत

# संघ प्रमुख बोले, 'मैंने कभी नहीं कहा कि 75 साल में रिटायर हो जाना चाहिए'



■ मोहन भागवत ने पत्रकारों के सवालों पर दिए बेबाक जवाब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को साफ किया कि संघ और भारतीय जनता पार्टी के बीच किसी तरह का विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि संघ किसी भी मुद्दे पर सलाह दे सकता है, लेकिन अंतिम फैसला बीजेपी का ही होगा। भागवत ने यह भी जोड़ा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से संघ का अच्छा तालमेल है। संघ और भाजपा के बीच मतभेद की खबरों पर सफाई देते हुए भागवत ने कहा कि यह सब केवल एक भ्रम है।

उन्होंने कहा, 'कभी-कभी संघर्ष हो सकता है, लेकिन यह झगड़ा नहीं है। लक्ष्य दोनों का एक ही है, देश का कल्याण।' मैं कई सालों से संघ चला रहा हूं और वे सरकार चला रहे हैं। इसलिए हम केवल सलाह दे सकते हैं, फैसला नहीं ले सकते। अगर हम ही सब तय करते तो इतना समय क्यों लगता?' भाजपा के नए अध्यक्ष के चयन में देरी पर भागवत ने कहा, 'अपना समय लीजिए, इसमें हमें कुछ नहीं कहना। मैंने कभी नहीं कहा कि मैं सेवानिवृत्त हो जाऊंगा या किसी और को 75 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त हो जाना चाहिए। संघ के 100 साल पूरा होने के मौके पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में भागवत ने पत्रकारों के कई सवालों के जवाब दिए हैं। भागवत ने कहा, हिंदू विचारधारा कभी नहीं कहती कि यहां इस्लाम को नहीं होना चाहिए। संघ धार्मिक आधार समेत किसी भी रूप में किसी पर हमला करने में भरोसा नहीं करता। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, धर्म व्यक्तिगत पसंद का मामला है और इसमें किसी तरह का प्रलोभन या जबरदस्ती शामिल नहीं होनी चाहिए। भागवत ने फिर कहा कि राम मंदिर एकमात्र ऐसा आंदोलन था जिसका संघ ने समर्थन किया था और वह काशी-मथुरा पुनरुद्धार सहित किसी भी अन्य ऐसे अभियान का समर्थन नहीं करेगा। इस दौरान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से जब पूछा गया कि 75 साल के बाद क्या राजनीति से सेवानिवृत हो जाना चाहिए? इस पर मोहन भागवत ने कहा कि, मैंने कभी नहीं कहा कि मैं सेवानिवृत्त हो जाऊंगा या किसी और को 75 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें नौकरी दी जाती है, हम चाहें या न चाहें। अगर मैं 80 साल का हूं और संघ कहता है कि जाओ और शाखा चलाओ, तो मुझे करना ही होगा। संघ जो भी कहता है, हम करते हैं। यह किसी की सेवानिवृत्ति के लिए नहीं है। हम सेवानिवृत्त होने या काम करने के लिए तैयार हैं। जब तक संघ चाहता है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने आगे कहा कि मैंने ये 75 साल वाली बात संघ के वरिष्ठ प्रचारक दिवंगत मोरोपंत पिंगले जी के बयान का हवाला देते हुए उनके विचार रखे थे। मैंने ये नहीं कहा कि मैं रिटायर हो जाऊंगा या किसी और को रिटायर हो जाना चाहिए। हम जिंदगी में किसी भी समय रिटायर होने के लिए तैयार हैं और संघ हमसे जिस भी समय तक काम कराना चाहेगा, हम संघ के लिए उस समय ▶▶ शेष पेज 5 पर

खालिस्तानी आतंकी हरदीप निज्जर की हत्या के बाद से गर्त में चले गए थे दोनों देशों के संबंध

## कनाडा में भारत के उच्चायुक्त बने दिनेश पटनायक, जल्द संभालेंगे कार्यभार

■ इस साल जून में हुई पीएम मोदी और कार्नी की मुलाकात के बाद संबंधों में सुधार के मिले थे संकेत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वर्ष 1990 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी और वरिष्ठ राजनयिक दिनेश.के.पटनायक को कनाडा में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। जिससे फिलहाल बेपटरी हो चुके दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के मजबूत संकेत मिल रहे हैं। बीते करीब नौ महीने से यह पद खाली पड़ा हुआ था। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि दिनेश पटनायक, जो वर्तमान में स्पेन में भारत के राजदूत हैं। उन्हें कनाडा के अगले उच्चायुक्त के तौर पर नियुक्त किया गया है। जल्द ही ▶▶ शेष पेज 5 पर

## रेलवे बोर्ड चेयरमैन और सीईओ सतीश कुमार बने रहेंगे, मिला एक साल का सेवा विस्तार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सह सीईओ सतीश कुमार को उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद भी पद पर बनाए रखने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ने सतीश कुमार को एक साल का सेवा विस्तार देने के फैसले पर मुहर लगा दिया है। एक साल के सेवा विस्तार के साथ सतीश कुमार का कार्यकाल बतौर रेलवे बोर्ड चेयरमैन सीईओ अब 31 अगस्त 2026 तक रहेगा।

**क्यों मिला विस्तार :** सरकार ने रेलवे में जारी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की निरंतरता बनाए रखने के लिए सतीश कुमार को विस्तार दिया है। उनके कार्यकाल में स्टेशन पुनर्विकास योजना को तेज़ी मिली, 100 फ़ीसदी विद्युतीकरण की दिशा में गति आई, वंदे भारत ▶▶ शेष पेज 5 पर

मोदी सरकार ने लिया बड़ा फैसला

## केंद्र सरकार ने कपास के शुल्क मुक्त आयात की अवधि बढ़ाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने कपास के शुल्क मुक्त आयात की अवधि गुरुवार को तीन महीने के लिए बढ़ाकर 31 दिसंबर तक कर दी। इस कदम का मकसद अमेरिका के 50% उच्च शुल्क का सामना कर रहे कपड़ा निर्यातकों को समर्थन प्रदान करना है। इससे पहले 18 अगस्त को वित्त मंत्रालय ने 19 अगस्त से 30 सितंबर तक कपास आयात पर शुल्क छूट की अनुमति दी थी। मंत्रालय ने गुरुवार को बयान में कहा कि निर्यातकों को और अधिक समर्थन देने के लिए केंद्र सरकार ने कपास (एचएस 5201) पर आयात शुल्क छूट को 30 सितंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक बढ़ाने का फैसला किया है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

केंद्रीय संचार मंत्री सिंधिया ने बाढ़ प्रभावित राज्यों में संपर्क सेवा के बारे में समीक्षा बैठक की

## हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में मोबाइल सेवाओं को मज़बूत करने के लिए तत्काल उपाय करने के निर्देश दिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय संचार और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल संपर्क सेवा बहाल करने के संबंध में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में सचिव (दूरसंचार) डॉ. नीरज मित्तल, संचार मंत्रालय, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और अन्य दूरसंचार संचालकों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने सभी प्रभावित क्षेत्रों, विशेष रूप से जम्मू के डोडा और उधमपुर जिलों में, जहाँ बाढ़ का सबसे अधिक प्रभाव पड़ा है, सेवाएँ बहाल करने के लिए तत्काल युद्धस्तर पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अंतर-जिला और घाटी संपर्क में क्रमिक प्रतिबंधों पर भी कड़ी नज़र रखी जा रही है ताकि सेवाएँ शीघ्र अति शीघ्र सामान्य हो सकें। केंद्रीय मंत्री को बताया गया कि अधिकांश फाइबर कट पहले ही बहाल कर दिए गए हैं, और ज़मीनी स्तर पर टीमें क्षतिग्रस्त फाइबर को जल्दी से ठीक कर रही हैं, लूप बना रही हैं और सेवाओं को फिर से चालू कर रही हैं। दूरसंचार विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में इंट्रा-सर्किल रोमिंग (आईसीआर) लागू की गई, जिससे उपभोक्ता उन जगहों पर अन्य नेटवर्क से जुड़ सकते हैं जहाँ उनका प्राथमिक नेटवर्क बाधित था। सिंधिया ने इस बात पर बल दिया कि ▶▶ शेष पेज 5 पर



भाजपा और चुनाव आयोग पर साधा निशाना

वोट काटना गरीब लोगों के अधिकारों को छीनने की शुरुआत

# सीतामढ़ी में राहुल गांधी के कहा, हरियाणा सहित अन्य प्रदेशों में वोट चोरी के सबूत जल्द करेंगे उजागर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि वोट काटना गरीब लोगों के अधिकारों को छीनने की शुरुआत है। अगर मताधिकार चला गया तो गरीब लोगों के पास कुछ नहीं बचेगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को 'वोटर अधिकार यात्रा' के 12वें दिन सीतामढ़ी में लोगों को संबोधित करते हुए चुनावों में की जा रही धांधली को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर तीखा प्रहार किया। उनके साथ राजद नेता तेजस्वी यादव, इंडिया गठबंधन नेता दीपांकर भट्टाचार्य, मुकेश सहनी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। इससे पूर्व राहुल गांधी ने सुबह जानकी मंदिर में दर्शन व पूजा-अर्चना कर देश की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना भी की। यात्रा के पूरे रूट पर सड़कें भीड़ से खचाखच भरी हुईं थीं। लोगों का उत्साह इतने चरम पर था कि वे सुबह से ही अपने घरों से निकलकर घंटों यात्रा के इंतजार में सड़कों पर खड़े रहे। यात्रा को मिल रहे भारी जनसमर्थन से अभिभूत राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा-आरएसएस गरीब, दलित, पिछड़े व अल्पसंख्यक वर्गों के वोट काटकर और फर्जी मतदाता जोड़कर चुनाव जीतने की साजिश रच रहे हैं। लोकसभा चुनाव, महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव का उदाहरण देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने फर्जी मतदाताओं के बल पर ये चुनाव जीते हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन जीता, लेकिन चार महीने बाद विधानसभा चुनाव में वही गठबंधन जैसे गायब हो गया। इसका कारण यह था कि राज्य में चार महीनों के अंदर भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर करीब एक करोड़ फर्जी वोटर जोड़ दिए। उन्होंने बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा क्षेत्र की महादेवपुरा विधानसभा ▶▶ शेष पेज 5 पर



# मुठभेड़ के बाद बिश्नोई गिरोह से जुड़े चार बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बिश्नोई गिरोह के रोहित गोदारा और हैरी बॉक्सर से जुड़े चार बदमाशों को दिल्ली और मोहाली से गिरफ्तार किया है। दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद दबोचा गया। आरोपी हैरी राजस्थान में एक राजनेता से 30 करोड़ की रंगदारी के केस में भी वांटेड थे। वह विदेश में बैठकर गिरोह चला रहा है।

पुलिस के अनुसार बॉक्सर हाल ही में हास्य कलाकार कपिल शर्मा को धमकी देने के कारण चर्चा में आया था। जबकि गोदारा, लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़ा हुआ हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो अपराधी कार्तिक जाखड़ और कविश फुटेला दिल्ली में अपराध करने की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने बुधवार देर रात पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर में मुठभेड़ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। दोनों कुख्यात अपराधी हैं और हाल ही में दिल्ली में जबरन वसूली के कई मामलों में शामिल रहे हैं। इसके अलावा मोहाली के व्यवसायी, जिसे पहले जबरन वसूली की धमकी दी गई थी, की जान लेने की कोशिश भी इस गिरफ्तारी से रोकी गई है। पुलिस के अनुसार कविश राजस्थान में जबरन वसूली के एक मामले में वांछित था। इनके पास से चार पिस्टल बरामद हुई है।



## कपिल शर्मा को भी दी जा चुकी धमकी

एडिशनल सीपी पी एस कुशवाहा के अनुसार डीसीपी अमित कौशिक के नेतृत्व वाली टीम को सूचना मिलने पर न्यू अशोक नगर में जाल बिछाया गया था। दरअसल हाल ही में हैरी बॉक्सर ने दिल्ली के दो व्यापारियों को धमकी भरे कॉल किए थे। इसके बाद गिरोह के गुर्गों पर नजर रखी जा रही थी। हैरी वर्तमान में अमेरिका में छिपा हुआ है और राजस्थान, पंजाब और दिल्ली में व्यापारियों, बिल्डरों, प्रॉपर्टी डीलरों आदि को जबरन वसूली के लिए कॉल कर रहा हैं। हैरी बॉक्सर इससे पहले मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा को भी धमकी दे चुका है। उसने कॉमेडियन कपिल शर्मा को (कनाडा में उनके कैफे में गोलीबारी के बाद) ऑडियो के जरिए धमकी दी थी।

## बदमाशों ने पुलिस पर चलाई गोली

पुलिस के अनुसार 27 अगस्त को सूचना मिली कि कार्तिक जाखड़ और कविश फुटेला को हैरी बॉक्सर ने दिल्ली भेजा है। सूचना को आगे बढ़ाया गया और पता चला कि वे मोटरसाइकिल पर वसुंधरा एन्क्लेव क्षेत्र में धर्मशिला कैंसर अस्पताल से गुजरेंगे। टीम गठित कर तैनात की गई। लगभग 00:50 बजे मुखबिर ने धर्मशिला अस्पताल की तरफ से आ रहे दो मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों की पहचान कार्तिक और कविश के रूप में की। बदमाशों ने मुख्य सड़क को छोड़ दिया और अपनी मोटरसाइकिल को साइड रोड पर चलाने लगे। पुलिस टीम ने उनका पीछा किया और आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। हालांकि आत्मसमर्पण करने के बजाय पीछे बैठे व्यक्ति ने पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में गोली चलाई। कार्तिक जाखड़ (29) निवासी रावला, श्री गंगानगर, राजस्थान को पैर में गोली लगी। कविश फुटेला (25) निवासी एल ब्लॉक, श्री गंगानगर, राजस्थान को भी काबू कर लिया गया। बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इनसे बरामद स्प्लेंडर मोटरसाइकिल लक्ष्मी नगर क्षेत्र से चोरी की निकली।

## भाजपा नेता से मांगी थी 30 करोड़ की रंगदारी

इसी साल जून में हैरी बॉक्सर ने गंगानगर के भाजपा नेता और व्यापारी अशोक चांडक से 30 करोड़ की रंगदारी मांगी थी। इस संबंध में थाना कोतवाली, श्रीगंगानगर में केस दर्ज किया गया था। रंगदारी न देने पर व्यापारी के बिजनेस पार्टनर पर गोलीबारी की गई थी। यह केस भी गंगानगर में ही दर्ज हुआ था। इसके अलावा जुलाई माह में इसी साल 5 करोड़ की जबरन वसूली के मामले भी यह शामिल थे। पंजाब के कुर्ता पजामा किंग के नाम से मशहूर और न्यू वेयरवेल स्टोर, अबोहर, पंजाब के मालिक संजय वर्मा की हत्या भी इसी गिरोह द्वारा की गई थी।

## दो बदमाशों को मोहाली से दबोचा

गिरफ्तार आरोपियों से मिली जानकारी और खुलासे के आधार पर एक अनुवर्ती कार्रवाई में इस गिरोह के दो और गुर्गों मनोज सहारन (21) निवासी मत्रीया वाली ढाणी, हनुमानगढ़, राजस्थान और पवन कुमार (30) निवासी मुंडा, हनुमानगढ़, राजस्थान को गुरुवार सुबह मोहाली के एक होटल से गिरफ्तार किया गया। हैरी बॉक्सर ने उन्हें मोहाली के एक व्यापारी पर गोली चलाने का काम सौंपा था, जिसे जुलाई महीने में उसके सहयोगी गैंगस्टरों द्वारा 10 करोड़ रुपये की फिरौती की धमकी मिली थी। उसने इनकी मांगें पूरी नहीं की थी। कार्तिक जाखड़ एंड-टू-एंड एनक्रिप्टेड चैट प्लेटफॉर्म के माध्यम से हैरी बॉक्सर और गिरोह के अन्य सदस्यों के संपर्क में रहता था। वर्तमान मामले में हैरी बॉक्सर ने उसे कविश के साथ दिल्ली पहुंचने और आगे के निर्देशों की प्रतीक्षा करने का निर्देश दिया था। कार्तिक राजस्थान और हरियाणा के आठ मामलों में वांटेड रहा है। इनमें ज्यादातर मामले राजस्थान के हैं।

# फर्जी ई वाउचर्स से गोल्ड खरीदने वाले दो दबोचा

**नई दिल्ली।** मध्य जिला की राजेंद्र नगर पुलिस ने दो धोखेबाजों को गिरफ्तार किया है। इन पर नकली ई-वाउचर के जरिये एक नामी ज्वैरी शोरूम से सोना खरीदने का आरोप है। आरोपियों के पास से दो सोने के सिक्के (प्रत्येक 10 ग्राम) और 54,500 रुपये नकदी बरामद हुई है। जांच में पता चला कि एक आरोपी पहले भी जयपुर में इसी तरह के एक मामले में शामिल रहा है। पुलिस के अनुसार 25 अगस्त को दो आरोपी पूसा रोड स्थित जॉयअलुक्कास गोल्ड शोरूम गए और धोखाधड़ी से दो लाख कीमत के दो सोने के सिक्के खरीदे। अगले दिन यानी 26 अगस्त को आरोपी आठ लाख मूल्य के छेड़छाड़ किए गए ई-वाउचर लेकर फिर से उसी शोरूम में आए। इस बार शोरूम के कर्मचारियों को शक हुआ। वाउचर की जांच करने पर उन्हें नकली पाया गया और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपनी पहचान महेंद्र सिंह (26) और संदीप सिंह राठौर (25) निवासी जयपुर, राजस्थान के रूप में बताई। दोनों आरोपियों ने बताया कि वे जयपुर में शशांक नाम के एक व्यक्ति से मिले थे, जहां उन्होंने अपने संपर्क विवरण साझा किए।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया हैं कि अभियुक्त नामः **मोहसिन, पुत्रः ज़ाकिर, निवासी डी–260, नई सीमापुरी, दिल्ली–110095** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.33/2025 Dt.25.01.2025 U/S 281/125(A) भारतीय न्याय संहिता, 2023** के तहत एक मामला **थाना सिविल लाइंस, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **मोहसिन** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **मोहसिन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.33/2025 Dt.25.01.2025 U/S 281/125(A) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थाना सिविल लाइंस, दिल्ली** के अभियुक्त **मोहसिन** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **27.09.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, गौरव गोयल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06,
कक्ष संख्या 247, मध्य जिला,
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/11513/N/2025
(अदालती मामला)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सतेंद्र सिंह, पुत्रः श्री रघुराज सिंह, पताः म.नं. 202, गली नं. 4, ज्वाला नगर, शाहदरा, नई दिल्ली** ने **FIR No. 11/2024, dated 04.01.2024, U/s 174A IPC, पुलिस थाना जनकपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सतेंद्र सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सतेंद्र सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 11/2024, dated 04.01.2024, U/s 174A IPC, पुलिस थाना जनकपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **सतेंद्र सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.10.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हरजोत सिंह ओजला
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–121
दक्षिण–पश्चिम जिला, कमरा नं. 05
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/11421/WD/2025


# अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का किया भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कार में 16.24 किलोग्राम अफीम ले जा रहे चार लोगों की गिरफ्तारी के साथ ही मादक पदार्थ तस्करी के एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह उत्तर प्रदेश के बरेली से संचालित किया जा रहा था। आरोपी उच्च गुणवत्ता की अफीम तस्करी कर दिल्ली-एनसीआर में लाते थे।

पुलिस को नशीले पदार्थों के दो तस्करों हरि शंकर और विकास के बारे में सूचना मिली थी। सूचना थी कि दोनों बरेली से अफीम की एक बड़ी खेप लेकर दिल्ली आएंगे। छापेमारी टीम ने रात 10 बजकर 20 मिनट पर रिंग रोड पर भैरव रोड अंडरपास के निकट एक कार को रोका। तलाशी लेने पर उसमें से 16.24 किलोग्राम अफीम से भरे प्लास्टिक के तीन थैले बरामद हुए।



- बरेली से संचालित गिरोह से जुड़े चार लोग गिरफ्तार

पुलिस ने मौके पर से हरि शंकर (22), विपिन शर्मा (35) और विकास (20) को गिरफ्तार कर लिया। जांच के बाद मामले में चौथे आरोपी अजय वर्मा (22) को उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले से गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक पूछताछ से पता लगा कि आरोपियों ने बरेली के राहुल नाम के अपने आका के निर्देश पर यह तस्करी की और संदेह है कि जब्त की गई खेप का मुख्य तस्कर राहुल है, जिसमें उसका परिवार भी शामिल है। यह गिरोह ज्यां नाम के एक नाइजीरियाई नागरिक के संपर्क में था। विदेश में जाकर बसने से पहले ज्यां तिलक नगर से काम करता था। यह गिरोह बेरोजगार युवाओं और नाबालिगों को वाहक के तौर पर नियुक्त करता था और जांच से बचने के मकसद से तस्करी के लिए निजी वाहनों का इस्तेमाल करता था।

# चोरी के मोबाइल बांग्लादेश में खपाने वाले तीन पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- 50 लाख के मोबाइल बरामद

दक्षिण जिला पुलिस ने चोरी के मोबाइल बांग्लादेश में खपाने वाले गिरोह के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी अब तक दिल्ली से 1000 मोबाइल चोरी कर बांग्लादेश बेच चुके थे। इनके पास से 50 लाख कीमत के 294 मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं। पुलिस पहले भी इस गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर चुकी है। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार यह गिरोह दिल्ली में डीटीसी बसों में यात्रियों के मोबाइल चोरी करने वालों से फोन खरीद लेता था। फिर उन्हें कोलकाता के रास्ते बांग्लादेश भेजते थे। इस गिरोह का मास्टरमाइंड भी बंगाल में रहता है। पुलिस ने इस गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए विशेष अभियान चलाया था। इसके तहत अभी तक आठ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस के अनुसार बरामद मोबाइल में से 45 फोन एफआईआर और 30 गुमशुदगी की रिपोर्ट से जुड़े पाये गये हैं, जबकि शेष के संबंध स्थापित करने के प्रयास जारी हैं।

## डीटीसी बसों में करते थे फोन साफ

स्पेशल स्टाफ को 27 जुलाई को एमबी रोड पर चलने वाली डीटीसी बसों में चोरी करने वाले एक गिरोह के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद स्पेशल स्टाफ की टीम ने जाल बिछाया। चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनके नाम दिनेश, रिजवान उर्फ कमांडो, रवि और अजय पता चलें। इनके पास से 38 मोबाइल फोन बरामद हुए थे। सभी आरोपी पहले भी चोरी के मामलों में शामिल रहे थे। पूछताछ के दौरा आरोपियों ने खुलासा किया कि चोरी के फोन राहुल को सप्लाई किए जा रहे थे। 7 अगस्त को आरोपी विचित्र पुरी उर्फ अंकित उर्फ राहुल निवासी गोविंदपुरी को एक एप्पल आईफोन सहित 5 मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया। उसने संगम विहार निवासी मोजाहिर उर्फ समीर का नाम बताया, जो चोरी के फोन इकट्ठा करके उन्हें कोलकाता ले जा रहा था। तकनीकी निगरानी के बाद पता चला कि समीर एक अन्य व्यक्ति, मोहम्मद खालिद निवासी नादिया, कोलकाता के लगातार संपर्क में था। 21 अगस्त को एक टीम कोलकाता गई और मोहम्मद खालिद को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। उसके आवास की तलाशी लेने पर 30 मोबाइल फोन बरामद किए गए। उसने खुलासा किया कि 12 अगस्त को अपनी अंतिम यात्रा के दौरान मोजाहिर ने उसे फोन दिए थे। आरोपी ने आगे खुलासा किया कि बांग्लादेशी हैंडलर उससे फोन लेने के लिए अपने साथियों को भेजते थे। 22 अगस्त को कोलकाता कोर्ट में इसे पेश किया गया था, जहां से उसकी तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड प्राप्त हुई थी। बाद की जांच से पता चला कि आरोपी मोजाहिर उर्फ समीर और उसका साथी शिवम कुमार झा अक्सर राजधानी एक्सप्रेस से महीने में कम से कम चार बार कोलकाता आते-जाते थे। 23 अगस्त को स्पेशल स्टाफ की एक अन्य टीम ने दिल्ली में शेष दो आरोपियों मोहम्मद मोजाहिर उर्फ समीर और शिवम कुमार झा को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर इनके पास से 75 मोबाइल फोन बरामद हुए। इनमें से अधिकांश दक्षिण जिले में चोरी और झपटमारी की घटनाओं से जुड़े पाए गए हैं। अब तक यह पता चला है कि मोहम्मद खालिद को मोजाहिर से लगभग 1000 मोबाइल फोन मिले हैं। खालिद के फोन के डिजिटल विश्लेषण से तीन सक्रिय बांग्लादेशी व्हाट्सएप नंबरों का पता चला है, जिन पर ये चोरी किए गए मोबाइल फोन तस्करी के लिए भेजे जा रहे थे। इन विदेशी संचालकों का पता लगाने और उनकी भूमिका स्थापित करने के प्रयास जारी हैं।


**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ/एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | TENDERNO.07/CWK-11/2025-26.DATED 05.08.2025 | ई-निविदा जमा करवाने की प्रारम्भिक तिथि :- 26.08.2025 17:00 बजे से ई-निविदा बंद होने की निर्धारित तिथि :- 08.09.2025 13:00 बजे तक, ई-निविदा के खुलने की तिथि :- 09.09.2025 13:00 बजे। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | DNITNO.115596(EPC-D-127/PD&C) DATED 11.04.2025 | शुद्धिपत्र सं. 7/बोलियों को ऑनलाइन जमा करवाने की तिथि में विस्तार 10.09.2025 तक 17:00 बजे तक और 27.08.2025 (प्रकाशन हेतु)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | DNIT NO.129433 DATED 01.08.2025(EPC-D NO. 135/PD&C) TENDER REFERENCE NO IS 2025 97349637 49DA 42EA 9992797E31C00094824HVP | शुद्धिपत्र-1 के खुलने की तिथि 26.08.2025 सहित ऑनलाइन बोली जमा की निर्धारित तिथि में विस्तार 04.09.2025 17:00 बजे तक है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/38134/I/88/7 दि. 28.08.25



**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, बड़ोदरा–390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा–कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई–नीलामी–सह–आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 08 सितम्बर 2025 को एक ई–नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई–नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procureliger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : अग्रोहा | |
| 093362005409 | मेवा सिंह |
| शाखा का नाम : चरखी दादरी | |
| 211162002749 | संजय कुमार |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर–14 | |
| 489005000081 | पावनी रात्रा |
| 489062000067 | पावनी रात्रा |
| 489005000037 | निवेदिता बिस्वास |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – बल्लभगढ़ | |
| 140162002302 | राजेश कुमार |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर–29 | |
| 140062003402 | पावनी रात्रा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – यूनिवर्ल्ड टावर्स | |
| 724005000297 | अरविन्द कुमार सिंह |
| शाखा का नाम : हिसार – अर्बन एस्टेट | |
| 661662601010 | मुकेश कुमार |
| शाखा का नाम : करनाल–सेक्टर–13 | |
| 661762600503 | अविराज पॉल्ट्री फार्म |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : लाडवा, हरियाणा | |
| 359162000881 | राज पाल |
| शाखा का नाम : पंचकूला – सेक्टर–25 | |
| 373762000511 | सीमा सीमा |
| शाखा का नाम : रेवाड़ी – सनसिटी | |
| 733762000379 | तुषार तुषार |
| शाखा का नाम : शाहबाद | |
| 073162004316 | शिवानी शर्मा |
| शाखा का नाम : टोहाना | |
| 282862004088 | जपिन्द्र सिंह |

दिनांक : 29.08.2025
स्थान : फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार, करनाल, कुरूक्षेत्र, पंचकूला, रेवाड़ी, फतेहाबाद, चरखी दादरी

हस्ता/–प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# मंडावली में सिगरेट मांगने पर शराबी की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** पूर्वी जिले की मंडावली पुलिस और ऑपरेशन सेल की टीमों ने कुछ ही घंटों में हत्या का मामला सुलझा लिया है। इस सिलसिले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन पर सिगरेट मांगने पर एक शराब के नशे में धुत व्यक्ति की हत्या का आरोप है। डीसीपी अभिषेक धानिया के अनुसार 27 अगस्त को रात लगभग 8 बजे एक व्यक्ति को चाकू मारने की सूचना मंडावली थाने में एक पीसीआर कॉल पर मिली थी। ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारी तुरंत घटनास्थल राजिंदर पार्क, पश्चिम विनोद नगर पहुंचे और एक अज्ञात 30 वर्षीय व्यक्ति खून से लथपथ जमीन पर पड़ा हुआ पाया। उसे तुरंत एलबीएस अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंडावली थाने में हत्या का केस दर्ज किया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुये सीनियर अफसरों ने आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीमें बनाई। जांच में एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड और स्पेशल स्टाफ को भी शामिल किया गया। मृतक की पहचान बाद में नरेंद्र (30) निवासी डूंगरी, दुरहट ब्लॉक, अल्मोड़ा उत्तराखंड के रूप में हुई। वह शराब पीने का आदी था। एक गुप्त सूचना पर दो आरोपियों अमन सैफी और आफताब को खोड़ा, गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया। लगातार पूछताछ करने पर उन्होंने खुलासा किया कि पीड़ित शराब के नशे में पार्क में घूम रहा था जहां उनके साथ निखिल बोरा उर्फ चुन्नू और अन्य दोस्त भी मौजूद थे। मृतक युवक ने निखिल बोरा से सिगरेट मांगी। इस पर विवाद हो गया और उक्त युवक ने गाली गलौज शुरू कर दी। इस पर उन्होंने शराबी व्यक्ति की पिटाई शुरू कर दी और उस पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद सभी मौके से फरार हो गये थे। निखिल बोरा और प्रेम कुमार मोटरसाइकिल से उत्तराखंड भाग गए। पुलिस टीम ने उनका पीछा किया और घटना के कुछ ही घंटों के भीतर उत्तर प्रदेश के हापुड़ से उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आगे की पूछताछ में पता चला कि हत्या में एक भुप्पी नामक का युवक भी शामिल था जो अभी भी फरार है।

# औचंदी पावर प्लांट एचटी लाइन से जुड़े दो गांवों की मुआवजा राशि तय

- औचंदी के लिए 3 करोड़ 25 लाख रुपये और हरेवली के लिए 3 करोड़ 22 लाख रुपये प्रति एकड़ का रेट तय
- एडीएम, पावर ग्रिड और किसान प्रतिनिधियों की बैठक में हुआ फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के औचंदी बॉर्डर पावर प्लांट से जुड़ी एचटी लाइन और टावर्स के मामले में मुआवजे को लेकर आंदोलनरत किसानों को बृहस्पतिवार को बड़ी कामयाबी मिली। उत्तरी जिला के तहत आने वाले दो गांवों औचंदी और हरेवली के लिए मुआवजे की धनराशि पर सहमति बन गई। औचंदी के लिए 3 करोड़ 25 लाख रूपये और हरेवली के लिए 3 करोड़ 22 लाख रूपये प्रति एकड़ का रेट तय करने का फैसला एडीएम उत्तरी जिला, पावर ग्रिड और किसान प्रतिनिधियों की बैठक में लिया गया। भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा की अगुवाई में लंबे समय से चल रहे आंदोलन से जुड़े किसानों ने इस कीमत का स्वागत किया है। मोर्चा का अध्यक्ष सतेन्द्र लोहचब ने इसे किसान एकता की जीत करार देते हुए केन्द्रीय उर्जा मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का आभार जताया है।

ज्ञात हो कि पिछले कई महीने से किसानों, पावर ग्रिड और जिला प्रशासन के बीच कृषि भूमि का मार्किट रेट तय करने को लेकर बैठके चल रही थी। बुधवार को इस मामले में टकराव के हालत भी बने। जिला प्रशासन की भूमिका से गुस्साये किसानों ने सतेन्द्र लोहचब की अगुवाई में एडीएम उत्तरी जिला के अलीपुर स्थित कार्यालय में धरना शुरू कर दिया और पूरी रात वहां डटे रहे। आखिरकार किसानों की मेहनत रंग लाई और बृहस्पतिवार को हुई बैठक में मुआवजा तय हो गया। किसानों ने इस पर सहमति प्रकट की है। लोहचब ने कहा कि दिल्ली देहात के कई गावों का वास्तविक मार्केट रेट अभी तय होना बाकी है, हम उस लड़ाई को पूरी एकजुटता और ताकत से लड़ेंगे।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में सादलपुर से चिब्बरवाला रोड आरडी 0.000 से 5.650 तक रोड का मजबूतीकरण (रोड आईडी 4810) (एससीएसपी के तहत) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 30.08.2025 | 458.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प नरवाना | हैड नाबार्ड आरआईडीएफ-XXX के तहत कैथल जिले में कलायत से बालू से कसान पर मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा रोड का सुधार (आईडी 6771) + 1 कार्य। | 22.08.2025 01.09.2025 | 1338.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में कि.मी. 258.33 से 258.44 (एलएनएस) और 258.90 से 258.94 (एलएनएस) में नगर परिषद सिरसा द्वारा एनएच के एनएच 09 (पुराना एनएच 10) आंतरिक शहरी भाग (चत्तरगढ़ पट्टी फाटक के निकट) पर स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन (एचडीपी) बिछाने के लिए रोड के पुनरोद्धार हेतु डीएनआईटी + 2 कार्य। | 26.08.2025 02.09.2025 | 78.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | रखरखाव उपमंडल, लोनिवि भ व प शाखा करनाल के तहत इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न सड़कों पर सीसीबी के प्रावधान और बिछाने का कार्य। | 26.08.2025 01.09.2025 | 8.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, बहादुरगढ़ | पुराना न्यायालय परिसर को जोड़ने वाले सभी सीवेज के लिए सेप्टिक टैंक का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.09.2025 | 3.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionBgarh@gmail.com |
| 6 | जिला परिषद पानीपत | गांव परधाना, ब्लॉक इसराना में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 27.08.2025 04.09.2025 | 45.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467600003 xenzilaparishadpanipat@gmail.com |
| 7 | जिला परिषद पानीपत | गांव खोजकीपुर ब्लॉक बापौली, जिला पानीपत में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 27.08.2025 04.09.2025 | 45.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467600003 xenzilaparishadpanipat@gmail.com |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 35 मदों तक मदें निहित सूची (35 मदों का सिंगल लॉट)* | 29.08.2025 11.09.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 9 | वन विभाग, हिसार | हिरण पार्क हिसार, हरियाणा हेतु लोडर ई-रिक्शा (बैटरी ऑपरेटेड ड्राईवर डी.सी. मोटर) की खरीद। | 26.08.2025 01.09.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 1662259233 dwlohisar@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज राजौंद | सोंगल में बीसी चौपाल में स्टोन और टाइल की स्थापना + 3 कार्य। | 26.08.2025 02.09.2025 | 23.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज अम्बाला | एमपीएलएडी - गांव होली ब्लॉक बराड़ा में रामदासियां चौपाल के निकट हॉल का निर्माण। | 25.08.2025 01.09.2025 | 12.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज करनाल | गांव बल्हेरा, ब्लॉक घरौंडा, जिला करनाल में पंचायत भवन का निर्माण। | 27.08.2025 04.09.2025 | 37.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 13 | बागवानी विभाग, आईएचडीसी होडल, पलवल | वर्ष 2025-26 हेतु राष्ट्रीय समाचार-पत्र में आईएचडीसी होडल, पलवल में किसानों / प्रशिक्षुओं के लिए भोजन की आपूर्ति हेतु ई-निविदा की सार्वजनिक सूचना (गुड एंड सर्विसेज) के सम्बन्ध में। | 29.08.2025 08.09.2025 | 20000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9354801351 ihdchodal@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/260/38182/I/88/7 दि. 28.08.25

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने की छात्रों का रियायती पास मेट्रो में लागू करने की मांग

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा गुरुवार को शुरू की गई यू स्पेशल बस सेवा को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अधूरा कदम बताया। इस मुद्दे पर प्रदेश कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने बयान जारी कर कहा कि छात्रों के लिए यूनिवर्सिटी स्पेशल ईवी बसें चलाना अभी भी आधा-अधूरा कदम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मांग करती है कि छात्रों को दिया जाने वाला डीटीसी रियायती बस पास को अविलंब दिल्ली मेट्रो में भी मान्य किया जाए। डॉ. नरेश के अनुसार इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री को एक मेमोरेंडम सौंपा है, जिसकी प्रति उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना को भी भेजी गई है।

### गुरुद्वारा कमेटी ने पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए तत्काल राहत सामग्री से भरा दूसरा ट्रक गुरूवार को रवाना किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और जनरल सैकेट्री जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि कल बुधवार को एक ट्रक सामग्री भेजी गई थी , जबकि आज दूसरा ट्रक राहत सामग्री भरकर भेजा है। उन्होंने बताया कि इस सामग्री के साथ-साथ लंगर (रसोई सेवा) के लिए लांगरी और अन्य स्टाफ भी भेजा गया है, और पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए कैंप लगाकर लंगर सेवा शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जब तक बाढ़ से राहत नहीं मिल जाती, यह सेवा ऐसे ही जारी रखी जाएगी। उन्होंने दिल्ली की संगत से अपील की कि वे दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के अंतर्गत गुरुद्वारा बंगला साहिब, गुरुद्वारा नानक प्याऊ और अन्य गुरुद्वारों में सूखे राशन की सेवा कर सकते हैं।

### यूनिवर्सिटी स्पेशल बस सेवा का शुभारंभ

# सीएम की पहल पर कॉलेज छात्रों के लिए फिर चलीं यू- स्पेशल बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय खेल परिसर से 100 नई इलेक्ट्रिक बसों और कॉलेज छात्रों के लिए 25 यूनिवर्सिटी स्पेशल (यू-स्पेशल) बस सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार स्वच्छ और सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यार्थियों के लिए शुरू की गई यह इलेक्ट्रिक बसें न केवल प्रदूषण कम करेंगी बल्कि यह सेवा छात्रों के लिए उनकी लाइफ-लाइन भी बनेगी। इस समारोह में सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, विधायक सूर्या प्रकाश खत्री, परिवहन आयुक्त निहारिका राय और डीटीसी के प्रबंध निदेशक प्रिंस धवन व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यू-स्पेशल बसों की शुरुआत युवाओं के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और पर्यावरण हितैषी परिवहन का नया अध्याय है। उन्होंने कहा कि कभी यू-स्पेशल बसें विद्यार्थियों के लिए लाइफ लाइन मानी जाती थी। अब हमने इसे दोबार शुरू कर उसे फिर से छात्रों के लिए जीवन-रेखा बना दिया है। उन्होंने जानकारी दी कि छात्रों के लिए चलने वाली ये बसें आधुनिक सुविधाओं जैसे एसी, सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन और म्यूज़िक सिस्टम से लैस हैं, ताकि छात्रों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा मिल सके। मुख्यमंत्री ने युवाओं को आह्वान किया कि वे केवल नौकरी चाहने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले भी बनें। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार स्टार्टअप और सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को प्रोत्साहित करने के लिए नई नीतियां ला रही है, ताकि युवाओं की नवाचार और रचनात्मकता समाज के विकास में अहम योगदान हो।

#### डीटीसी की यू-स्पेशल बसों को 25 से ज्यादा रूटों पर चलाया जाएगा : डॉ. पंकज

इस अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का धन्यवाद करना चाहता हूं जिनके नेतृत्व में इस घोषणा के एक महीने के अंदर ही डीटीसी की यू स्पेशल बसों का संचालन शुरू हो गया है। उन्होंने जानकारी दी कि डीटीसी की यू-स्पेशल बसों को राजधानी दिल्ली के 25 से ज्यादा रूटों पर चलाया जाएगा। ये स्पेशल बसें दिल्ली यूनिवर्सिटी के नॉर्थ और साउथ कैंपस के कॉलेजों को आपस में जोड़ने का काम करेगी। साथ ही ये बसें डीयू के नॉर्थ और साउथ कैंपस में बने दिल्ली यूनिवर्सिटी के 67 कॉलेजों और उसके आपपास के इलाके और मेट्रो स्टेशनों को दिल्ली के कई महत्वपूर्ण स्थानों से भी जोड़ने का भी काम करेगी।

## दिल्ली में झमाझम बारिश, कई जगह जलभराव ने रोकी वाहनों की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में इस बार मानसून की मेहरबानी कुछ अधिक ही दिखाई दे रही है। जिसके चलते गुरुवार को भी राजधानी के कई हिस्सों में झमाझम बारिश देखने को मिली। बारिश में जगह जगह हुए जलभराव की वजह से सड़क यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ जिससे लोग जाम में फंसकर रह गए। मौसम विभाग की पूर्व भविष्यवाणी सही साबित हुई और दोपहर बाद दिल्ली के अनेक हिस्सों में जमकर पानी बरसा। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार सुबह के समय मौसम मिला जुला रहा। लेकिन बाद में सूरज की तेज किरणों ने अहसास कराया कि अभी गर्मी गई नहीं है। लेकिन दो बजे के बाद एक बार फिर मौसम का मूड बदला और आसमान पर बादलों का डेरा दिखने लगे। दोपहर तीन बजे के करीब दिल्ली के कई हिस्सों में झमाझम पानी बरसने लगा। देखते देखते कुछ मिनटों की बारिश से कई जगह जलभराव ने वाहनों की गति पर ब्रेक लगा दिया और वाहन जाम में फंस कर रह गए। आईएमडी के अनुसार रिज एरिया, नरेला, बवाना, अलीपुर, कंझावला, रोहिणी, बादली, करावल नगर, आजादपुर, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिलशाद गार्डन, मुंडाका, कश्मीरी गेट, पटेल नगर, लाल किला, राष्ट्रपति भवन, राजीव चौक, आईटीओ, जाफरपुर, नजफगढ़, द्वारका, अक्षरधाम, इग्नू, आया नगर, डेरा मंडी, करोल बाग, शादीपुर, राजेंद्र नगर, मोती नगर, मायापुरी, पंजाबी बाग, रानी बाग, जखीरा, रोहतक रोड, पीरागढ़ी, नांगलोई व नजफगढ़ सहित कई क्षेत्रों में बारिश दर्ज हुई। इसके साथ ही दिल्ली एनसीआर में 30-40 किमी प्रति घंटा तेज हवाएं चली। बावजूद इसके अधिकतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री ज्यादा 35.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। लेकिन इसके उलट न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.4 डिग्री नीचे है। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि शुक्रवार को आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। बहुत हल्की से हल्की बारिश व गरज देखने को मिल सकती है। जबकि अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट राहत दे सकती है। आईएमडी की मानें तो अगले तीन चार दिन ऐसे ही मौसम बने रहने की संभावना दिखाई दे रही है। यानी हल्की बारिश रह रहकर होती रहेगी, बादलों का जमावड़ा सुहाने मौसम वाली राहत देता रह सकता है।

### गृहमंत्री अमित शाह से बातचीत के बाद वकीलों ने हड़ताल ली वापस

**नई दिल्ली।** लगातार छह दिन से हड़ताल पर चल रहे वकीलों ने गुरुवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से हुई चर्चा के बाद अपनी हड़ताल वापस ले ली है। जिला बार एसोसिएशनों की समन्वय समिति अध्यक्ष वी. के. सिंह व महासचिव अनिल बसोया ने बयान जारी करते हुए बताया कि गृहमंत्री अमित शाह के साथ हुई बैठक में चर्चा के बाद मिले भरोसे के तहत फिलहाल हड़ताल स्थगित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अब शुक्रवार को एलजी विनय कुमार सक्सेना के आवास राजनिवास पर विरोध प्रदर्शन भी रोक दिया गया है। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण कुमार त्यागी ने बताया कि दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा जारी 13 अगस्त 2025 की अधिसूचना के विरुद्ध समिति के तहत वकीलों के लगातार अथक एवं सशक्त आंदोलन के परिणामस्वरूप सकारात्मक निकले हैं। समिति की एकता के चलते ही गृहमंत्री, बार काउंसिल ऑफ इंडिया व समिति प्रतिनिधि के साथ एक बैठक हुई। बैठक में खुले मन से चर्चा हुई जिसमें तमाम समस्याओं के निदान पर गंभीरता से मंथन के बाद गृह मंत्री की तरफ से उपयुक्त समाधान का भरोसा मिला है। अधिवक्ता प्रवीण त्यागी के अनुसार इस आशय का एक वक्तव्य दिल्ली पुलिस आयुक्त के कार्यालय से भी जारी किया गया है। बयान में स्पष्ट किया गया है कि उपरोक्त अधिसूचना का क्रियान्वयन सभी हितधारकों की बात सुनने के बाद ही किया जाएगा।

## 'ओस्लो ने दिल्ली की सामुदायिक ई-बस सेवा को अपनाने की जताई इच्छा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नार्वे की राजधानी ओस्लो ने गुरुवार को दिल्ली की सामुदायिक ई-बस सेवा को अपनाने की इच्छा जाहिर की है। ओसलो जलवायु विभाग के उप निदेशक ऑडन गारबर्ग ने सेंट्रल दिल्ली में देवी बस में यात्रा करने के बाद कहा कि सामुदायिक शेड्यूलिंग और किफायती किराया लास्ट-माइल समस्या का व्यावहारिक समाधान है। ओसलो इसे अपनाना चाहेगा।

गौरतलब है कि दिल्ली सचिवालय में गुरुवार को इलेक्ट्रिक-मोबिलिटी सहयोग पर उच्च-स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, नार्वे पक्ष से लिन सीरी बेंजामिंसन (नॉर्वे दूतावास), ऑडन गारबर्ग (उप निदेशक,



ओस्लो जलवायु विभाग) व मार्कस निल्सेन रोटेवात्न (नॉर्वेजियन ईवी एसोसिएशन) उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत में दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी प्रेजेंटेशन साझा कीं। दिल्ली ने 650 इलेक्ट्रिक बसों व देवी सेवा के विस्तार का ब्यौरा दिया, जबकि ओस्लो ने साझा किया कि वहां नई कार बिक्री का लगभग 94 प्रतिशत हिस्सा अब बैटरी-इलेक्ट्रिक है। इस प्रतिनिधिमंडल ने परिवहन मंत्री पंकज सिंह को नॉर्डिक ईवी समिट 2026 में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण भी दिया।

दोनों शहर नवम्बर 2025 तक ज्ञान-विनिमय कार्य-योजना तैयार करेंगे। रोटेवात्न ने बताया कि नार्वे में अपार्टमेंट ब्लॉकों में निवासियों को चार्जर लगाने का अधिकार दिया गया, यही बड़े पैमाने पर ईवी अपनाने की कुंजी बना। परिवहन मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने कहा कि दिल्ली की ईवी नीति 2.0 में आरडब्ल्यूए-केंद्रित यह प्रावधान शामिल करने पर विचार किया जा सकता है।

### कपिल मिश्रा ने किया श्री छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय का दौरा

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने गुरुवार को महरौली इलाके के कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया में बने 'श्री छत्रपति महाराज स्मारक संग्रहालय' का दौरा किया। इसके साथ ही मंत्री कपिल मिश्रा ने किला राय पिथौरा स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्मारक का भी भ्रमण किया। इस दौरान उनके साथ स्थानीय विधायक गजेन्द्र यादव भी मौजूद रहे। इस दौरान कपिल मिश्रा ने छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़े संग्रहालय का बारीकी से अवलोकन किया और यहां प्रदर्शित छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और संघर्षों से जुड़ी प्रेरणादायी झलकियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय न केवल दिल्ली बल्कि पूरे देशवासियों के लिए गर्व और प्रेरणा का केंद्र है। मिश्रा ने इस दौरान कहा कि दिल्ली के महरौली में यह अद्भुत संग्रहालय छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। कपिल ने कहा कि इस स्मारक का निर्माण करने वाली समिति ने ऐतिहासिक धरोहर को जीवंत रूप दिया है। उन्होंने समिति की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि दिल्ली सरकार इस स्मारक के प्रचार-प्रसार और संचालन में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी।



**खबर संक्षेप**

## नाबालिग के साथ कुकर्म करने वाले 3 युवक धराए



**गाजियाबाद।** थाना मोदीनगर ने 16वर्षीय युवक के साथ कुकर्म करने व उसका वीडियो वायरल करने के मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी एसएन तिवारी ने बताया कि 27 अगस्त को एक युवक ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसने कहा था कि तीन युवकों ने उसके चचेरे भाई के साथ पहले कुकर्म किया और उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच पड़ताल की और तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवकों में फफराना रोड धर्मपुरी जगन्नाथ अस्पताल के पास थाना मोदीनगर शिवम,मोनू उर्फ सुंदर तथा वासु उर्फ रवि हैं। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान घटना में शामिल रहने का इकबाल किया गया है ।

## तेज रफ्तार थार ने 3 साल के बच्चे को कुचला, मौत

**गुरुग्राम।** खेड़कीदौला थाना क्षेत्र में एक थार गाड़ी ने करीब डेढ साल के बच्चे को कुचल दिया।



हादसे के बाद बच्चे के परिजनों में चीख-पुकार मच गई। हादसा उस समय हुआ जब भांगरौला की पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) के पास बच्चा अपनी पांच साल की बहन व अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। तभी वह खेलते समय सड़क पर आ गया और तेज रफ्तार थार गाड़ी ने बच्चे को बुरी तरह कुचल दिया। परिजन उसे घायल अवस्था में अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अपने परिवार के साथ भांगरोला गांव में पीएचसी के सामने वाले मकान में किराए पर रहता है। गुरुवार की सुबह 9.30 बजे उमरेंद्र कुमार का डेढ़ वर्षीय बेटा आभिष पांच साल की बड़ी बहन प्रिया अन्य बच्चों के साथ ही खेल रहे थे।

### बल्लभगढ़ विधानसभा में नागरिक सुविधाओं के लिए बड़े कदम

# नगर निगम ने मंजूर की 5 करोड़ 8 लाख से ज्यादा के विकास कार्यों की राशि, जल्द लगेंगे टेंडरः विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम फरीदाबाद शहर के विकास और नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लगातार कार्य कर रहा है। बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं, जिनसे लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। बल्लभगढ़ से विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम द्वारा 5 करोड़ 8 लाख 21 हजार रुपए की राशि से डेकोरेट लाइट,



सेक्टर 3 की ग्रीन बेल्ट के सौंदर्यकरण, सेक्टर 3 की 60 गज पॉकेट की लाइटें और सेक्टर-3 के पार्कों का सौंदर्यीकरण और ग्रीन बेल्ट सुंदर बनाई जाएगी।

सेक्टर-3 में स्थित सभी पार्कों को हरियाली और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। पार्कों में पौधारोपण, साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था और नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ग्रीन बेल्ट एवं दादा-पोते ट्रैक पर स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगीं। यह पहल बुजुर्गों, बच्चों और युवाओं सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में सहायक होगी। सेक्टर-3 के 60 गज पॉकेट क्षेत्र में लंबे समय से पार्क और प्रकाश व्यवस्था की मांग की गई थी जो सरकार से मंजूर कर ली है अब यहां आधुनिक पार्क का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

### बाटा रोड पर लाईटें लगाई जाएंगी

बल्लभगढ़ विधानसभा में बाटा रोड, जो कि क्षेत्र का मुख्य मार्ग है, पर नई स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। इससे न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि नागरिकों, विशेषकर रात में आने-जाने वाले लोगों के लिए सुरक्षा की दृष्टि से भी यह कदम अहम साबित होगा। बल्लभगढ़ के ऐतिहासिक मेन बाजार को और अधिक सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाया जाएगा। यहां बेहतर प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई एवं आवश्यक बुनियादी ढांचे की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे खरीदारी करने आने वाले नागरिकों और व्यापारियों दोनों को लाभ होगा।

## रालोद नेता ने पीएम को लिखा पत्र बाढ़ पर प्रभावितों की सहायता की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू ने देश में आ रही बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता करने की मांग की है। उन्होंने एक पत्र प्रधानमंत्री को लिखा है। पत्र में टीटू ने कहा है कि इस समय पूरे देश में हर कोने में मात्रा से अधिक वर्षा हो रही है। जिसके कारण चारों तरफ नुकसान ही नुकसान दिखाई दे रहा है। आमजन को सभी को परिवार चलाने में व्यापार चलाने में परेशानियां सामने आ रही है चारों तरफ पानी भर जाने से किसान की मेहनत और फसल पर लगी हुई लागत खत्म होती नजर आ रही है ।

### पहली बार की गई जटिल सर्जरी के जरिए शिशु को बचाया

# अमृता अस्पताल में गर्भ के भीतर सफल सर्जरी, कई शिशुओं को मिली नई जिंदगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

यह किसी मेडिकल थ्रिलर की कहानी जैसी लगती है लेकिन यह सचमुच फरीदाबाद में हुआ। अमृता अस्पताल में, कई शिशुओं को गर्भ के भीतर रहते हुए ही हाई-रिस्क और पहली बार की गई जटिल सर्जरी के जरिये बचाया गया। जहां परिवारों ने उम्मीद छोड़ दी थी, वहीं डॉक्टरों ने उसे चमत्कारी पुनर्जन्म में बदल दिया।

एक परिवार के लिए दुख की शुरुआत गर्भावस्था के 23वें हफ्ते में हुई, जब डॉक्टरों ने पाया कि बच्चे के फेफड़ों के चारों ओर भारी मात्रा में तरल जमा है। 28वें हफ्ते तक बच्चा हाइड्रॉप्स फीटेलिस नामक खतरनाक स्थिति में पहुंच गया,जो अक्सर प्रसव से पहले ही घातक सिद्ध होती है। बच्चे की जिंदगी हाथ से फिसल रही थी। ऐसे में डॉ. रीमा भट्ट, हेड ऑफ फेटल मेडिसिन ने साहसिक निर्णय लिया, गर्भ के भीतर ही थोरेको-एम्नियोटिक शंट सर्जरी करने का। एक बारीक ट्यूब के जरिए बच्चे के फेफड़ों से तरल निकाला गया ताकि महत्वपूर्ण अंगों पर दबाव कम हो सके। 30वें हफ्ते में इमरजेंसी डिलीवरी करनी पड़ी। 1.8 किलो वजनी यह नन्हा शिशु पैदा हुआ।

### डॉक्टरों ने इसे दुर्लभ जीत बताया

हमें कहा गया था कि सबसे बुरे के लिए तैयार रहें। कई रातें हमने सोचा कि सब खत्म हो गया है, माता-पिता ने रोते हुए कहा। लेकिन आज हम अपने बच्चे को घर ले जा रहे हैं। ऐसा लगता है मानो हमारा बच्चा दो बार जन्मा है। डॉक्टरों ने इसे दुर्लभ जीत बताया, क्योंकि जन्मजात चाइलोथोरैक्स की वैश्विक जीवित रहने की दर मुश्किल से 50 प्रतिशत है। 38 वर्षीय आईवीएफ मां, जिसने 17 साल इंतजार किया था के अजन्मे शिशु को 21वें हफ्ते में ही हाइड्रॉप्स फीटेलिस का पता चला। कारण था एक दुर्लभ प्लेसेंटल कोरेंजियोमा ट्यूमर, जो बच्चे से खून खींच रहा था। बार-बार के खतरनाक ब्लड ट्रांसफ्यूजन से बचने के लिए अमृता टीम ने नॉर्थ इंडिया की पहली इन-वूम एम्बोलाइजेशन की। अल्ट्रासाउंड और डॉपलर गाइडेंस में ट्यूमर की रक्त आपूर्ति रोकने के लिए एक क्लॉटिंग एजेंट डाला गया। यह सफल रहा। ट्यूमर का बढ़ना बंद हो गया, बच्चा स्थिर हो गया और महीनों बाद मां ने स्वस्थ शिशु को फुल टर्म पर जन्म दिया। 17 साल मैंने इस बच्चे के लिए प्रार्थना की।

### निगम आयुक्त ने किया वार्ड 1 का औचक निरीक्षण

# बल्लभगढ़ सेक्टर-25 चुंगी से लेकर सेक्टर-56 तक बनेगी स्मार्ट रोडः धीरेंद्र खड़गटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने गुरुवार को वार्ड एक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ वार्ड स्थानीय पार्षद मुकेश डागर सहित अधिकारीगण मौजूद रहे। उन्होंने वार्ड की गलियों की साफ-सफाई व्यवस्था से लेकर कूड़ा उठान प्वाइंटों का निरीक्षण किया।

इस दौरान सफाई विंग के अधिकारियों ने गंदगी फैलाने और और अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के लगभग 30 हजार रुपए के चालान भी काटे गए। निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देश में हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान चला हुआ है, उसी के मद्देनजर फरीदाबाद शहर में आधारभूत ढांचे के विकास, स्वच्छता तथा नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रहा है।



इसी कड़ी में वार्ड 1 में बल्लभगढ़ सेक्टर-25 स्थित चुंगी से लेकर सेक्टर-56 तक एक आधुनिक स्मार्ट रोड का निर्माण किया जाएगा। यह सड़क न केवल स्थानीय निवासियों बल्कि आस-पास के क्षेत्रों से गुजरने वाले हजारों वाहनों के लिए भी सुगम और सुरक्षित मार्ग प्रदान करेगी।

स्मार्ट रोड परियोजना के तहत सड़क को मजबूत आधार, सुंदर डिवाइडर, बेहतर स्ट्रीट लाइटिंग, पैदल पथ, वर्षा जल निकासी एवं यातायात के सुचारु संचालन को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाएगा।

### पानी निकासी की बड़ी समस्या का होगा समाधान

वार्ड के पार्षद मुकेश डागर ने निगम आयुक्त का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेक्टर-56 के मोड़ पर बरसाती पानी भरने की समस्या वर्षों से बनी हुई है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए नई सीवर लाइन डाली जाएगी। निगम कमिश्नर ने अधिकारियों को उपरोक्त कार्यों का एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए हैं। ननि फरीदाबाद का लक्ष्य है कि इस परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए नागरिकों को जल्द ही एक सुगम, सुरक्षित और सुंदर स्मार्ट रोड का लाभ मिल सके।

## ब्रिक एंड बोल्ट ने गुरुग्राम में खोला एक्सपीरियंस सेंटर

**गुरुग्राम।** टेक-आधारित कंस्ट्रक्शन कंपनी ब्रिक एंड बोल्ट ने गुरुग्राम में अपना अत्याधुनिक एक्सपीरियंस सेंटर लॉन्च किया है। यह देश में कंपनी का चौथा एक्सपीरियंस सेंटर है। नोएडा एक्सपीरियंस सेंटर की सफलता के बाद, ब्रिक एंड बोल्ट अब उत्तर भारत में अपनी मौजूदगी और मजबूत कर रहा है।

यह एक्सपीरियंस सेंटर गुरुग्राम के एम3एम कॉर्नर वॉक, सेक्टर 74, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर स्थित है। इस अवसर पर ब्रिक एंड बोल्ट के को-फाउंडर और सीईओ जयेश राजपुरोहित ने कि गुरुग्राम एक्सपीरियंस सेंटर ब्रिक एंड बोल्ट की लगातार बढ़ती सफलता और विकास का प्रमाण है।

## नकदी और ज्वैलरी लूटने के मामले में तीन आरोपी पकड़ाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा सेक्टर 30 की टीम ने थाना सेक्टर 58 क्षेत्र के अंतर्गत तमिलनाडु के एक कारोबारी व उसके साथी के साथ लूट करने के एक मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्रभु वासी गांव इसियानहंगल जिला चेंगसिलपट्टू, तमिलनाडु ने पुलिस चौकी सोकरी में दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसने फेसबुक पर जनरेटर से संबंधित एक विज्ञापन देखा और विज्ञापन में दिए गए नंबर पर व्हाट्सएप के माध्यम से चैट करनी शुरू कर दी। जनरेटर का सौदा हो गया और फिर आरोपियों ने शिकायतकर्ता को जनरेटर देखने के बहाने से बुलाया गया।

**SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED**

Regd. Office- 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi - 110035
Corporate Office: 7th Floor, Corporate Office Tower, Ambience Mall, N.H.48, Gurugram-122002
E-mail: info@sainik.org Website: www.sainikfinance.com
CIN: L26912DL1991PLC045449
Telephone No.-011-28315036/0124-2719000 Fax No.-011-28315044/ 0124-2719100

**NOTICE OF 33RD ANNUAL GENERAL MEETING OF THE COMPANY TO BE HELD THROUGH VIDEO CONFERENCING ("VC") / OTHER AUDIO VISUAL MEANS ("OAVM") FACILITY, REMOTE E-VOTING INFORMATION AND BOOK CLOSURE ETC.**

Notice is hereby given that:

1. The 33rd Annual General Meeting (AGM") of the Sainik Finance & Industries Limited (" the Company") will be held on Wednesday, 24th September, 2025 at 11:30 a.m. through Video Conferencing ("VC") / Other Audio Visual Means ("OAVM") facility to transact the ordinary and special business, as set out in the Notice of the AGM, in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and Rules framed thereunder and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with MCA General Circulars and SEBI Circulars issued by them in this regard, without the physical presence of the Members at a common venue. The Members can join and participate in the AGM through VC/OAVM facility only.
2. The Notice of the AGM, Annual Report for the financial year 2024-25 will be sent by e-mail to all those Members whose e-mail addresses are registered with the Company or with their respective Depository Participants **("Depository")** and the Company's Registrar & Transfer Agent i.e. "Indus Shareshree Private Limited (ISPL)", in accordance with MCA Circulars and SEBI Circulars. The Company will also send a letter containing web-link of Annual Report to those shareholder/ members who have not registered their email address with the Company/RTA.
3. The Notice of the AGM along with Annual Report of the Company will also available on the website of the Company www.sainikfinance.com., at the website of National Securities Depository Limited ('NSDL') at www.evoting.nsdl.com and the Stock Exchanges i.e. BSE Limited at www.bseindia.com.
4. The members whose e-mail address have not yet been registered/ updated with the Company/ RTA/ DPs and who wish to receive the Notice of 33rd AGM and Annual Report for the financial year ended 31st March, 2025, may register/ updated their email address, contact no. and banking details by following below mentioned instructions:

Physical Holding: Register their e-mail address by sending following details/ documents to the RTA i.e. Indus Shareshree Private Limited via email at rs.kushwaha@indusinvest.com. or via post at the RTA address, G-65, Bali Nagar, Delhi - 110015.

| | |
|---|---|
| a. | Duly filled and signed Form ISR-1 (Available at the website of the Company www.sainikfinance.com or RTA https://indusrta.indusinvest.com.) |
| b. | Self-attested copy of PAN card and address proof **(PAN must be linked with Aadhar)** |
| c. | Bank Account proof i.e. Original cancelled cheque with the shareholder's name printed on it, or Copy of bank passbook attested by the bank, or Bank statement attested by the bank |

Demat Holding: Members holding their shares in demat mode may update the email address through their respective Depository Participants.

5. The instructions for joining the AGM and manner of participation in the remote electronic voting or casting vote through the e-voting system during the AGM are provided in the Notice of AGM.
6. Members holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date i.e. Friday, 19th September, 2025 may cast their vote electronically on the ordinary and special business, as set out in the Notice of the AGM through electronic voting system ("remote e-Voting") of National Securities Depository Limited ("NSDL").
7. All members are also informed that:

a) the remote e-Voting shall commence on Sunday, 21st September, 2025 at 9:00 a.m. IST;
b) the remote e-Voting shall end on Tuesday, 23rd September, 2025 at 5:00 p.m. IST;
c) the cut-off date, for determining the eligibility to vote through remote e-Voting or through the e-Voting system during the AGM, is Friday, 19th September, 2025;
d) any person, who becomes Member of the Company after sending the Notice of the AGM by email and holding shares as on the Cut-off date i.e. Friday, 19th September, 2025, may obtain the login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.com. However, if he/she is already registered with NSDL for remote e-voting then he/she can use his/her existing User ID and password for casting the vote;
e) In case of any queries, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-Voting user manual for Shareholders available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on 022-4886 7000 or send a request to Mr. Narendra Dev at evoting@nsdl.com. Members may also write to the Company Secretary at the Company's e-mail address legal.secretarial@sainikmining.com.

8. The Register of Members and the Share Transfer books of the Company will remain closed from Friday, 19th September, 2025 to Wednesday, 24th September, 2025 (both days inclusive) for its annual closing for the purpose of Annual General Meeting of the Company.

**For Sainik Finance & Industries Limited**
**Sd/-**
**Sarvesh Sindhu**
**Director**

**Place: Gurugram**
**Date: 28th August, 2025**

**PEARL Polymers Limited**

PET POLYETHYLENE TEREPHTHALATE JARS BOTTLES

**CIN:** L25209DL1971PLC005535
**Regd. Office:** A-97/2, Okhla Industrial Area, Phase-II, New Delhi-110020, INDIA
**Tel. No.:** +91-11-47385300
**Email:** pearl@pearlpet.net, **Website:** www.pearlpet.net

**NOTICE OF 54th ANNUAL GENERAL MEETING (AGM") TO BE HELD THROUGH VIDEO CONFERENCING (VC) / OTHER AUDIO VISUAL MEANS (OAVM), E-VOTING AND BOOK CLOSURE INFORMATION**

NOTICE IS HEREBY GIVEN THAT:

1. The **54th Annual General Meeting (AGM)** of the company will be held on **Monday, September 22, 2025 at 12:30 p.m.** through Video Conferencing (VC)/ Other Audio Visual Means (OAVM), in terms of "MCA Circulars" to transact the businesses as set out in the Notice of AGM. In accordance with MCA Circulars and SEBI Circulars, Notice of AGM along with the Annual Report, for the financial year 2024-25, inter-alia including the e-voting instructions and credentials has been sent through email on August 28, 2025 to the Members, whose e-mail address are registered with the RTA/Company or with the Depository Participants and a letter containing a web link and QR Code of the same has been sent to the registered address of Shareholders whose e-mail address is not registered with RTA/Company or with the Depository Participants. These documents can be downloaded from the website of the Company at **www.pearpet.net** and also from the website of BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com** respectively where the Equity Shares of the Company are listed.
2. Pursuant to the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 and Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rues, 2014, as amended from time to time, and Regulation 44 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, and MCA Circulars, the company is providing remote e-voting facility and e-voting at AGM through National Securities Depository Limited (NSDL).
3. The e-voting facility is being provided to the Members whose names appear in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on cut-off date i.e. **Monday, September 15, 2025** to exercise their right to vote by using remote e-voting and e-voting at the AGM on any or all of the businesses specified in the Notice of AGM. Detailed procedure and instructions for joining the meeting through VC/OAVM and remote e-voting facility and e-voting at AGM are mentioned in the Notice of AGM.
4. Date and time of commencement and ending of remote E-voting:
**Commencement: Friday, September 19, 2025 (09.00 AM)**
**Ending: Sunday, September 21, 2025 (05.00 PM)**
During this period members of the Company, holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date **September 15, 2025**, may cast their vote by remote e-voting.
5. The remote e-voting module shall be disabled for voting after 5.00 PM on Sunday, September 21, 2025 and the members will not be allowed to vote by way of remote e-voting beyond said date and time. Once the vote on a resolution is cast by the member, he/she/it shall not be allowed to change it subsequently.
6. Members who have casted their vote by remote e-voting prior to the AGM may attend the AGM through VC/OAVM, but are not entitled to cast their vote again. Members who have not casted their vote through remote e-voting and are present in the AGM through VC/OAVM shall be eligible to vote through e-voting at the AGM.
7. Any person who have acquired shares and became members of the Company after sending Notice of AGM and holding shares as on cut-off date i.e. Monday, September 15, 2025, may obtain the login ID and password by sending a request at **evoting@nsdl.co.in** or RTA, MAS Services Limited at **info@masserv.com** and may cast their votes by following the instructions of remote e-voting and e-voting at AGM as mentioned in the Notice of AGM.
However, if the members are already registered with NSDL for e-voting then they can use their existing user ID and password for casting their vote.
8. The Company has appointed Mr. Abhishek Gupta, Practicing Company Secretary (Membership No. F9857; CP No: 12262), to act as the Scrutinizer for conducing the remote e-voting process as well as the e-voting on the date of the AGM, in a fair and transparent manner who shall submit not later than 48 hours of the conclusion of the Meeting, a consolidated Scrutinizers Report of the total votes cast in favour or against, if any, forthwith to the Chairman of the Company or any person authorized by him in writing and the Results shall be declared by the Chairman or any person authorized by him thereafter.
9. The Members who have not registered their email address and bank account details are requested to register the same by sending a signed request to Registrar and Transfer Agent of the Company (RTA), MAS Services Limited at **info@masserv.com** providing Folio number, Name of the shareholder, scanned copy of the share certificate (Front and Back), PAN (Self attested scanned copy of PAN Card), AADHAR (Self attested scanned copy of Aadhar Card) for registering email address. Please send your bank details with original cancelled cheque to our RTA (i.e. MAS Services Limited, T-34, 2nd floor, Okhla industrial area phase-II, New Delhi 110020 alongwith letter mentioning folio no. If not registered already.) in case of Physical Holding and if shares are held in demat form, please contact your Depository Participant (DP) and register your email address and Bank details.
10. In case of any queries, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-voting user manual for Shareholders available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on toll free no.: 1800 1020 990 and 1800 22 44 30 or send a request to Amit Vishal, Assistant Vice president, NSDL at evoting@nsdl.co.in Further, members may also contact Mr. Deepanshu Rastogi, Assistant Manager, MAS Services Limited, RTA of the Company at T-34, 2nd Floor, Okhla Industrial Area, Phase-II, New Delhi-110020, Phone No. 011-26387281/82/83, e-mail: **info@masserv.com**
11. **BOOK CLOSURE**
Pursuant to the provisions of Section 91 of the Companies Act, 2013, read with Rule 10 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Register of Members and the Share Transfer Books of the Company shall remain closed from Tuesday, September 16, 2025 to Monday, September 22, 2025 (both days inclusive) for the purpose of AGM for Financial Year 2024-25.
**Members are requested to carefully read all the notes set out in the notice of the AGM and in particular, instructions for Joining the AGM, manner of casting votes at the AGM.**


**For Pearl Polymers Limited**
**Sd/-**
**Udit Seth**
**Chairman & Managing Director**

**Place: New Delhi**
**Date: 28.08.2025**

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 326 दिनांक 24.08.2025 धारा 127 (6) बी. एन. एस. थाना गन्नौर जिला सोनीपत**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम-कविता।
पति का नाम मोहित ।
पता वासी चिरसमी जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र 25 वर्ष।
कद- 5 फुट 3 ईन्च।
हुलियाः रंग गेहुआं, लंबुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखे, हृष्ट-पुष्ट शरीर।
पहनावाः-लाल रगं का सुट- सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए हैं।

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 24.08.2025 को कविता पत्नी मोहित वासी गांव चिरसमी जिला सोनीपत अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कही चली गयी है। अब तक वापिस नही आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना गन्नौर में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना गन्नौर -7419410542
अनुसंधानकर्ता तरूण सन्दीप न0.2019/ सोनीपत मो0 न0-9416630404
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

**हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत ।**

पीआरडीएच-1084/11/3812/2026/38071/88/7 दि. 28.08.2025

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | सिविल हॉस्पीटल, जिला पानीपत में मदर एंड चाइल्ड ब्लॉक की बिल्डिंग का निर्माण (मॉड्यूलर ओटी, एमजीपी, लिफ्टों में अतिरिक्त सेवाओं का प्रावधान) (एमजीपी और सम्बद्ध कार्य का प्रावधान)। | 27.08.2025 09.09.2025 | 709.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | कार्य कार्यक्रम 2025-26 हिसार जिले (आदमपुर निर्वाचन क्षेत्र) ग्रुप नं. 1 में चिकनवास से मेहलसारा रोड आरडी 0.000 से 2.520 तक रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 4801)। | बंद होने की तिथि 29.08.2025 | 50.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | बरवाला कस्बा :- 4.00 एमएलडी एसटीपी और एम.पी.एस. के निर्माण हेतु विस्तृत प्रोजैक्ट रिपोर्ट और 3 माह के ट्रायल संचालन की सफलतापूर्वक पूर्णता के पश्चात 12 माह की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि के दौरान और उसके पश्चात सभी प्रकार से पूर्ण 5 माह के प्रचालन और रखरखाव समेत 500 मिमी ओ/डी एचडीपीई राइजिंग मेन के प्रावधान व बिछाने समेत चारदिवारी, पम्पिंग मशीनरी इत्यादि। | 26.08.2025 18.09.2025 | 1173.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8569910916 ee2hissar@gmail.com |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | बरवाला कस्बा :- सीवरेज स्कीम के संवर्धन हेतु विस्तृत प्रोजैक्ट रिपोर्ट, 200 मिमी, 250 मिमी, 300 मिमी, 350 मिमी, 400 मिमी, 500 मिमी, 600 मिमी सीवर लाइन का प्रावधान व बिछाना और बरवाला कस्बे में विभिन्न कॉलोनियों में मैनहोल्स का निर्माण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 26.08.2025 12.09.2025 | 955.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8569910916 ee2hissar@gmail.com |
| 5 | जिला परिषद, पानीपत | साई बाबा मंदिर के साथ तालाब के निकट एक पाथ वे का निर्माण और बार्ब्ड वायर की स्थापना। | 26.08.2025 01.09.2025 | 26.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467600003 xenzilaparishadpanipat@gmail.com |
| 6 | सिविल सर्जन, भिवानी | एनेस्थेसिया मशीन (बॉयल्स अपेरेटस) हेतु निविदा। | 27.08.2025 05.09.2025 | 8000 | https://etenders.hry.nic.in | 9992174254 dycsmed@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज, राजौंद | सामान्य शमशान घाट 45*30 में शैड का निर्माण + 4 कार्य। | 23.08.2025 30.08.2025 | 18.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज करनाल | गांव भैणी खुर्द, ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में रिंकू पुत्र जीता राम के मकान से एमजीजीबीवाई कॉलोनी के आखिर तक नाला के निर्माण हेतु आकलन, जैडपी + 1 कार्य। | 22.08.2025 30.09.2025 | 11.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 9 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान, पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 09 मदों तक मदें निहित सूची (09 मदों का सिंगल लॉट)* | 27.08.2025 25.09.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 10 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान, पंचकूला हरियाणा | केन्द्रीय सरकार के तहत पीपीपी मोड (एनपीडीडी) स्कीम) में लैब को चलाने के लिए उपकरणों की खरीद, मद सं. 1 :- ट्रिपल क्वेड्रूपल मास स्पेक्टोमीटर सहित लिक्वेड क्रोमेटोग्राफी कपल्ड (एलसी - एमएस/एमएस) मद सं. 2 :- गैस क्रोमेटोग्राफी ट्रिपल क्वेड्रूपल मास स्पेक्टोमीटर (जीसी-एमएस/एमएस एटीसी) मद सं. 3 :- इंडक्टिवली कपल्ड प्लाजमा - मास स्पेक्टोमीटर (आईसीपी-एमएस)। | 27.08.2025 11.09.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | सुपर इनेमल्ड कॉपर वाइंडिंग वायर 19 एसडब्ल्यूजी (300 कि.ग्रा.) (आरआर/बीआईसी मेक) आईएस से पुष्टिकरण : 13730 पार्ट-III, ग्रेड-II + 6 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 31.08.2025 | 4.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8816016044 xenworkshopdadri@gmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | बाढ़ में उपयोग किए जाने 8" डाया (200 मिमी) के एचडीपीई पाइप्स के दोनों सिरों / साइड पर सामग्री सहित कपलर और टेल की आपूर्ति एवं फिटिंग। | बंद होने की तिथि 01.09.2025 | 0.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | लोहारू कैनाल के पम्प हाउस नं. 4 पर 2 अदद 58 सीएस. वीटी पम्प की मरम्मत और एक अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 02.09.2025 | 1.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 14 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, पंचकूला | एलडब्ल्यूएस यांत्रिकी मण्डल, भिवानी से सम्बन्धित विद्युत मदों की आपूर्ति। | 27.08.2025 11.09.2025 | 17.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2580542 xenproc@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2026/280/38144/I/88/7 दि. 28.08.25

**खबर संक्षेप**

## ट्रंप के 50% टैरिफ के खिलाफ पैदल मार्च

**लखनऊ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत के उत्पादों पर 27 अगस्त से 50% अतिरिक्त टैरिफ लागू करने के फैसले के खिलाफ लखनऊ में व्यापारियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।




उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के तत्वाधान में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने अयोध्या रोड पर शक्ति नगर से लेखराज मेट्रो स्टेशन तक पैदल मार्च निकाला।

## मुजफ्फरनगर के पांच लोगों की कटड़ा में मौत

**मुजफ्फरनगर।** कटड़ा में माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर हुए भूस्खलन में मुजफ्फरनगर के निवासी तीन परिवारों के कई सदस्य दब गए। इनमें दो बच्चों समेत पांच की मौत हो गई।



स्थानीय पुलिस ने सूचना परिजनों को दे दी है। वे कटरा के लिए रवाना हो गए हैं। उत्तरी रामपुरी निवासी अलग-अलग परिवारों के करीब 22 सदस्य 25 अगस्त को माता वैष्णो देवी दर्शन के लिए रवाना हुए थे।

## गैरहाजिरी पर गिरी गाज,10 डॉक्टर बर्खास्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अनुशासनहीन एवं गैरहाजिर चल रहे 10 डॉक्टरों पर गाज गिरी है।



डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लगातार गैरहाजिर डाक्टरों की बर्खास्तगी के दिए निर्देश दिए हैं। इसमें लखनऊ के चार डॉक्टर और एक डाटा एंट्री ऑपरेटर शामिल हैं। इन्हें भी बर्खास्त किया गया है।

**काशी में 5 नवंबर को देव दीपावली**

# काशी में राजघाट पर एक नवंबर से शुरू होगा गंगा महोत्सव

काशी में राजघाट पर एक नवंबर से गंगा महोत्सव शुरू होगा। वहीं पांच नवंबर को देव दीपावली होगी। सरकार ने देव-दीपावली को प्रांतीय मेले के रूप में घोषित किया है

**प्रांतीय मेले के रूप में 4 दिन होगा गंगा महोत्सव, चेत सिंह किला पर लेजर शो**

**वाराणसी के स्थानीय कलाकारों व प्रतिभागियों को मंच दिया जाएगा**

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

काशी में इस बार गंगा महोत्सव एक नवंबर से शुरू होगा। वहीं, देव दीपावली पांच नवंबर को मनाई जाएगी। इन दोनों आयोजनों की तैयारियों के मद्देनजर मंडलायुक्त एस राजलिंगम की अध्यक्षता में बैठक हुई। मंडलायुक्त ने कहा कि सरकार ने देव-दीपावली को प्रांतीय मेले के रूप में घोषित किया है।

मंडलायुक्त ने बताया कि पांच नवंबर को देव दीपावली से पहले एक नवंबर से चार दिवसीय गंगा महोत्सव की शुरुआत होगी। गंगा महोत्सव राजघाट पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महोत्सव में अच्छे कलाकारों के चयन करने के साथ वाराणसी के स्थानीय कलाकारों और प्रतिभागियों को मंच दिया जाएगा।




**ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान**

*उन्होंने पुलिस विभाग को पूरे आयोजन के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। लेजर शो के दौरान चेतसिंह घाट पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। नगर निगम को बैरिकेडिंग करने और गंगा पार की भी सुरक्षा व्यवस्था के उचित निर्देश दिए।*

### पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोपरि रखने के निर्देश

पुलिस विभाग, एनडीआरएफ, अग्निशमन, जल पुलिस को सुरक्षा के दृष्टिगत सभी प्रबंध करने को कहा। एडीएम सिटी को गंगा समितियों, नाविक संगठनों के साथ लगातार बैठक करने के निर्देश दिए। ताकि गंगा में नावों का उचित संचालन सुनिश्चित हो सके और सकारात्मक माहौल बनाया जाए। बैठक में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, सीडीओ हिमांशु नागपाल, एडीएम सिटी आलोक वर्मा, एडीएम एफआर वंदिता श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक पर्यटन दिनेश सिंह आदि शामिल रहे।

### यूपी में 11 से अधिक कानून बदले जाएंगे

# कारोबारियों को राहत देने के लिए नया बिल ला रही योगी सरकार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी की योगी सरकार कारोबार को और सुगम बनाने के लिये जल्द ही सुगम्य व्यापार (प्राविधानों का संशोधन) विधेयक लाने जा रही है। इसके जरिये प्रदेश में उद्योग और व्यापार से जुड़े 13 राज्य अधिनियमों में लगभग 99 प्रतिशत आपराधिक प्रावधान खत्म कर दिये जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि कारोबार सुगमता को और सशक्त बनाने के लिए नए कदम उठाना समय की मांग है। यह भी उतना ही जरूरी है कि औद्योगिक विकास के साथ श्रमिकों की सुरक्षा और सुविधा की गारंटी सुनिश्चित हो।

राज्य सरकार द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार जल्द ही 'सुगम्य व्यापार (प्राविधानों का संशोधन) विधेयक, 2025' लाने जा रही है। इसके तहत आबकारी अधिनियम, शीरा अधिनियम, वृक्ष संरक्षण अधिनियम, राजस्व संहिता, गन्ना अधिनियम, भूगर्भ जल अधिनियम, नगर निगम अधिनियम, प्लास्टिक कचरा अधिनियम, सिनेमा अधिनियम तथा क्षेत्र व जिला पंचायत अधिनियम सहित कई कानूनों को अधिक व्यावहारिक स्वरूप दिया जाएगा।

**खास बातें**

- निवेश मित्र 3.0 पर भी विचार-विमर्श
- निवेशकों की आवेदन व अनुमोदन प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल



**न्यायसंगत व्यवस्था लागू करना समय की मांग**

*नए प्रावधानों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अनावश्यक दंडात्मक प्रावधानों को समाप्त कर उनकी जगह पारदर्शी और न्यायसंगत व्यवस्था लागू करना समय की मांग है। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि इस विधेयक पर संबंधित 14 विभागों से राय ली गई है। ज्यादातर विभाग सहमत हैं जबकि कुछ ने आपत्तियां दर्ज कराई हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि आपत्तियों और सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए विधेयक को ऐसा स्वरूप दिया जाए, जो उद्योग और श्रमिकों के हितों में संतुलित हो।*

**अभद्र, गिरी सोच, नीचता...**

## योगी और दोनों डिप्टी सीएम आक्रोशित

**लखनऊ।** बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कथित मां की गाली पर यूपी में सियासत गरमा गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक इससे आक्रोशित हैं। सीएम योगी ने इसे अभद्र भाषा करार दिया तो वहीं केशव प्रसाद मौर्य ने स्तरहीनता और गिरी हुई सोच कहा है। ब्रजेश पाठक ने तो कहा कि राजनीति में ऐसी गिरी हुई सोच कभी नहीं देखी गई है। वीडियो सामने आने के बाद एनडीए और भाजपा में जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है। सीएम योगी ने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस और आरजेडी के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए प्रयुक्त अभद्र भाषा अत्यंत निंदनीय एवं राजनीतिक मर्यादा का पतन है।इ 'डी गठबंधन के नेताओं द्वारा किया गया यह कृत्य सिर्फ प्रधानमंत्री जी का नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों की भावनाओं का अपमान है।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की पूज्य स्व. माताजी के लिए राहुल गांधी व तेजस्वी यादव की यात्रा के मंच से की गई बेहद अभद्र टिप्पणी का मैं कड़ा विरोध करता हूं। राजनीति में ऐसी नीचता पहले कभी नहीं देखी गई। यह यात्रा अपमान, घृणा और स्तरहीनता की सारी हदें पार कर चुकी है।

### चुनावी साल में एक और ऐलान

# नीतीश सरकार ने स्वास्थ्य कर्मियों का मानदेय बढ़ाया

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने एक और बड़ा ऐलान किया है। राज्य के नियोजित स्वास्थ्य कर्मियों के मानदेय में 21 हजार रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई है। वहीं लैब टेक्नीशियन, एक्स-रे टेक्नीशियन और रेडियोग्राफर के मानदेय में भी बढ़ोतरी की गई है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरुवार को आदेश जारी कर दिए गए। इससे पहले राज्य सरकार आशा कार्यकर्ता, ममता वर्कर्स, फिजिकल टीचर, एमडीएम रसोइया समेत अन्य कर्मियों के मानदेय मे बढ़ोतरी कर चुकी है।

जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग ने स्वीकृत पदों पर नियोजित कर्मियों के मानदेय में 11000 रुपए से लेकर 21000 रुपए तक की वृद्धि की है। प्रयोगशाला प्रावैधिक यानी लैब टेक्नीशियन और एक्स-रे टेक्निीशियन का मानदेय 37 हजार से बढ़ाकर 48 हजार रुपए कर दिया गया है। इसी तरह वरीय रेडियो ग्राफर का मानदेय 37 हजार रुपए से बढ़ाकर 58 हजार रुपए कर दिया गया है। इनकी संख्या करीब 500 है।



### जमीन के कागज फर्जी मिले तो क्रिमिनल केस चलेगा

बिहार की नीतीश सरकार भू-माफिया पर लगाम कसने जा रही है। जमीन के अवैध कब्जा मामले में फर्जी दस्तावेज पाए जाने पर कार्रवाई होगी। इसके तहत ऐसे केस में संदेह होने पर या मामला पुलिस के संज्ञान में आने पर दस्तावेजों की गहन जांच-पड़ताल की जाएगी। जमीन के कागजात फर्जी पाए जाने पर अन्य आपराधिक मामलों की तरह ही इसे भी क्रिमिनल केस माना जाएगा। खासकर फर्जी दस्तावेजों और बलपूर्वक दूसरों का कब्जा हटाकर प्रवेश करने के अपराध में भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। सरकार का मानना है कि इससे भू-माफिया पर लगाम लगाना संभव हो सकेगा।

## पेज एक का शेष

### 31 अगस्त को चीन और...

विवाद की शुरुआत के बाद हो रही पीएम की यह पहली चीन यात्रा है। जिसका फिलहाल समापन हो चुका है। इसके ठीक बाद एससीओ शिखर सम्मेलन वाले दिन 1 सितंबर को पीएम मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक करेंगे। संभवतः टैरिफ का मसला इस दौरान भी उठेगा। आगामी शनिवार को ही सम्मेलन के पूर्व में चीन के राष्ट्रपति समूह के बाकी देशों के राष्ट्राध्यक्षों के लिए एक स्वागत रात्रिभोज (बैंक्वेट डिनर) का आयोजन करेंगे।

**टैरिफ टेंशन के बीच मिलेंगे तीनों शीर्ष नेता :** गौरतलब है कि भारत, चीन और रूस के शीर्ष नेताओं के बीच होने वाली यह द्विपक्षीय बैठकें एक ऐसे समय पर होने जा रही हैं। जब अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के बीच भारत की मास्को से जारी कच्चे तेल की खरीद पर 25 फीसदी जुर्माने के साथ दुनिया में सबसे ज्यादा कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जिसकी वजह से दोनों देशों के आपसी संबंधों में तल्खी बनी हुई है। इन सबके बीच राष्ट्रीय राजधानी में मौजूद रूस के राजनयिक भी बीते वक्त में इस बात के संकेत दे चुके हैं कि रूस, भारत और चीन के नेता जल्द ही त्रिपक्षीय संवाद कर सकते हैं। इतिहास में ऐसी ही एक प्रक्रिया को आरआईसी का नाम दिया गया था।

**कजान के बाद होगी दूसरी मुलाकात :** भारत और चीन के राष्ट्राध्यक्षों के बीच पिछली मुलाकात बीते वर्ष 2024 के अंत में रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर हुई थी। उस वक्त पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) दोनों देशों के बीच 2020 से भीषण सैन्य संघर्ष चल रहा था। जिसका कई दौर की बातचीत के बाद भी कोई ठोस परिणाम नहीं निकला था। फिर अचानक पीएम मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग कजान में मिले और दोनों ने यह तय किया कि इस जटिल विवाद से जुड़े हुए दो अंतिम देपसांग और डेमचौक के इलाकों में भी सैन्य तनाव को खत्म कर इस समस्या का पूरी तरह से अंत किया जाए। जिससे न केवल सरहदी क्षेत्रों में शांति कायम की जा सके। बल्कि एक बार फिर से भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंधों को पटरी पर वापस लाया जा सके। इस कवायद के बाद भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अक्टूबर-24 को एलएसी विवाद की पूर्ण समाप्ति की घोषणा की थी। तब से लेकर आज तक दोनों देश अपने संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठा चुके हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा, पर्यटक वीजा, प्राचीन पहाड़ी मार्गों से व्यापार की शुरुआत इसमें मुख्य हैं। जल्द ही भारत, चीन के बीच सीधी उड़ान सेवाएं बहाल हो जाएंगी।

### टैरिफ संकट के बीच...

एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। यहां बता दें कि 2020 में पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर हुए विवाद के बाद यह पहला मौका है। जब भारत के प्रधानमंत्री प्रत्यक्ष रूप से चीन की यात्रा करेंगे और वहां उनकी राष्ट्रपति जिनपिंग से भी मुलाकात होगी। दोनों नेता पिछले साल रूस के कजान शहर में भी मिल चुके हैं। जिसके बाद ही एलएसी विवाद पूरी तरह से खत्म हुआ है। इन सबके बीच चीन की धरती पर होने वाली भारत, चीन और रूस के राष्ट्राध्यक्षों की इस एकजुट आगामी मुलाकात से दुनिया में सबसे ज्यादा असहजता अगर किसी को होगी। तो वह अमेरिका और उसके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ही हैं। पीएम मोदी ने अपनी इस यात्रा को लेकर एक्स पर पोस्ट भी साझा की।

**भारत का 5वां बड़ा निवेशक जापान :** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक वीडियो के साथ की गई पोस्ट में पीएम की जापान यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह उनका आठवां जापान दौरा होगा। इससे पहले जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने 2023 में जापान की यात्रा की थी। दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच पूर्व में भी मुलाकात हो चुकी है। जिसमें इस साल जून महीने में कनाडा में आयोजित किए गए जी-7 सम्मेलन से इतर वह मिले थे और उससे पहले आसियान-इंडिया समिट में भी दोनों नेता मिल चुके हैं। 2014 में भारत, जापान की भागीदारी को आगे बढ़ाकर विशेष रणनीतिक और वैश्विक भागीदारी के रूप में तब्दील किया गया था। 2024-25 दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 25 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया है। जापान भारत का पांचवां बड़ा निवेश करने वाला देश है। क्वाड का मुद्दा भी दोनों शीर्ष नेताओं के बातचीत के एजेंडे में शामिल रहेगा। क्योंकि दोनों देश इसके सदस्य हैं। भारतीय प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान जापानी पीएम आगामी वक्त में भारत में व्यापारिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए करीब 68 बिलियन डॉलर के निवेश की घोषणा कर सकते हैं।

### क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा ...

संबंध मजबूत होंगे। नए क्षेत्रों जैसे एआई और सेमीकंडक्टर भी इसमें शामिल हैं। सेंडाइ में मैं एक सेमीकंडक्टर कारखाने का भी दौरा करूंगा। नई और उभरती हुई तकनीक के मुद्दे पर भी हम चर्चा करेंगे। मेरी यह यात्रा दो सभ्यताकालीन देशों के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत बनाने वाली साबित होगी। जापान के बाद मैं चीन की यात्रा करूंगा। जहां एससीओ सम्मेलन में मेरी भागीदारी रहेगी। उन्होंने कहा, मेरी यह चीन यात्रा राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर की जा रही है। भारत, एससीओ का एक सक्रिय सदस्य है। एससीओ सदस्य देशों के साथ साझा चुनौतियों को लेकर कार्य करने के लिए और क्षेत्रीय सहयोग को और गहरा बनाने के लिए भारत प्रतिबद्ध है। तियानजिन में मुझे राष्ट्रपति जिनपिंग और पुतिन सहित अन्य नेताओं के साथ अपनी बैठकों की प्रतीक्षा रहेगी।

### संघ प्रमुख बोले, 'मैंने...

तक काम करने के लिए भी तैयार हैं। मोहन भागवत ने कहा कि संघ 35 साल के किसी व्यक्ति को भी कह सकता है कि आप दफ्तर में बैठकर काम करो। संघ में हमें जो कहा जाता है, हम करते हैं। हम ये नहीं कहते कि मैं ये करूंगा, ये नहीं करूंगा। यहां इसकी इजाजत नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां पर कम से कम 10 ऐसे लोग बैठे हैं, जो सरसंघचालक बन सकते हैं, लेकिन वो दूसरे अहम कार्यों में व्यस्त हैं, उन्हें फ्री करके इसमें नहीं लगाया जा सकता। अभी मैं ही हूं, जिसे फ्री किया जा सकता है। भागवत ने कहा, हिंदू विचारधारा कभी नहीं कहती कि यहां इस्लाम को नहीं होना चाहिए। संघ धार्मिक आधार समेत किसी भी रूप में किसी पर हमला करने में भरोसा नहीं करता। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, धर्म व्यक्तिगत पसंद का मामला है और इसमें किसी तरह का प्रलोभन या जबरदस्ती शामिल नहीं होनी चाहिए। संघ प्रमुख बोले, हिंदू आत्मविश्वास की कमी के कारण असुरक्षित हैं। कोई भी हिंदू यह नहीं सोचता कि इस्लाम नहीं रहेगा। हम पहले एक राष्ट्र हैं... आरएसएस किसी पर भी, चाहे वह धार्मिक आधार पर ही क्यों न हो, हमला करने में विश्वास नहीं रखता। भागवत ने यह भी कहा कि सड़कों और जगहों के नाम आक्रांताओं के नाम पर नहीं रखे जाने चाहिए। भागवत ने कहा, आरएसएस संविधान की ओर से तय अनिवार्य आरक्षण नीतियों का पूर्ण समर्थन करता है और जब तक आवश्यकता होगी, तब तक उनका समर्थन करता रहेगा। जाति व्यवस्था पर आरएसएस प्रमुख ने कहा, जो कुछ भी पुराना हो गया है, वह अवश्य ही समाप्त हो जाएगा। जाति व्यवस्था कभी थी, लेकिन आज उसकी कोई प्रासंगिकता नहीं है। जाति अब एक व्यवस्था नहीं रही, यह पुरानी हो गई है और इसे समाप्त होना ही होगा। उन्होंने कहा, शोषण-मुक्त और समतावादी व्यवस्था के मूल्यांकन की आवश्यकता है। पुरानी व्यवस्था के समाप्त होते समय, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इसका समाज पर विनाशकारी प्रभाव न पड़े। भागवत ने फिर कहा कि राम मंदिर एकमात्र ऐसा आंदोलन था जिसका संघ ने समर्थन किया था और वह काशी-मथुरा पुनरुद्धार सहित किसी भी अन्य ऐसे अभियान का समर्थन नहीं करेगा। हालांकि भागवत ने स्पष्ट किया कि आरएसएस के स्वयंसेवक ऐसे आंदोलनों में शामिल होने के लिए स्वतंत्र हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि अखंड भारत एक सत्य है। भारत से किनारा करने वाले देशों की हालत दुनिया से नहीं छिपी। इन देशों ने भारतवर्ष की एक संस्कृति, एक पूर्वज और एक मातृभूमि के शाश्वत सच को ठुकराने की कीमत चुकाई। उन्होंने कहा कि संघ ने हमेशा बंटवारे का विरोध किया। संघ के संस्थापक को विश्वास था कि उस दौरान जिस महात्मा गांधी का पूरा देश अनुसरण कर रहा था, उन्होंने कहा था कि बंटवारा मेरी लाश पर होगा। बाद में गांधीजी ने इसे स्वीकार कर लिया। चूंकि उस समय संघ के पास ताकत नहीं थी, इसलिए बंटवारा रोकने के लिए यह संगठन कुछ नहीं कर सका था।

### कनाडा में भारत के उच्चायुक्त बने...

वह अपना कार्यभार संभालेंगे।

**अहम रही मोदी-कार्नी मुलाकात :** गौरतलब है कि इस साल जून महीने में जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कनाडाई पीएम मार्क कार्नी के बतौर प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद हुई पहली द्विपक्षीय बैठक में दोनों शीर्ष नेताओं ने आपसी संबंधों की पुनः बहाली और अपने-अपने देश की राजधानियों में रिक्त पड़े हुए राजनयिकों के पदों को जल्द भरने को लेकर सहमति प्रदान की थी। उक्त नियुक्ति इसी संदर्भ से जुड़ी हुई है। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की 2023 में कनाडा में हुई हत्या के बाद से दोनों देशों के संबंधों में जबरदस्त तनाव बना हुआ था। हालात इतने खराब हुए कि दोनों ने अपने-अपने कूटनीतिक मिशन से बड़ी तादाद में कर्मियों को वापस बुला लिया था। इन सबके बीच आग में घी डालने का काम कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने किया। उन्होंने आतंकी निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया था। भारत ने हालांकि इन आरोपों को बेतुका करार देते हुए इन्हें सिरे से खारिज कर दिया था।

### रेलवे बोर्ड चेयरमैन और सीईओ...

एक्सप्रेस और बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट जैसी सेमी-हाई स्पीड परियोजनाओं को आगे बढ़ाया गया,यात्री सुरक्षा और डिजिटलीकरण पर भी कई सुधार लागू हुए। सेवा विस्तार के पीछे तर्क दिया जा रहा है कि इतने बड़े पैमाने की परियोजनाएँ यदि नेतृत्व बदलने से बाधित हों तो नुकसान बड़ा हो सकता है। इसीलिए निरंतरता बनाए रखने के लिए सतीश कुमार को सेवा विस्तार दिया गया है।

**सतीश कुमार का कार्यकाल और करियर :** भारतीय रेलवे सेवा से जुड़े सतीश कुमार ने तीन दशक से अधिक समय तक रेलवे की विभिन्न इकाइयों और प्रोजेक्ट्स का नेतृत्व किया है। रेलवे बोर्ड अध्यक्ष बनने से पहले वे महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे, और बाद में अध्यक्ष, रेलवे विकास निगम लिमिटेड रहे। उनकी छवि एक तकनीकी दृष्टिकोण वाले सुधारक अधिकारी की है।

**प्रमोशन चेन पर पड़ेगा असर :** सतीश कुमार को मिले सेवा विस्तार से रेलवे बोर्ड में प्रमोशन की राह ताक रहे कई वरिष्ठ अधिकारियों की पदोन्नति पर परोक्ष या अपरोक्ष रूप से असर पड़ेगा। दो से तीन वरिष्ठ अधिकारी, जो वरिष्ठता क्रम में अध्यक्ष पद के दावेदार थे। विशेषज्ञों का मानना है कि इसका असर अन्य ग्रेड के अधिकारियों तक भी पड़ेगा क्योंकि शीर्ष पद खाली न होने से नीचे तक प्रमोशन चेन रुक जाती है। कुछ पूर्व बोर्ड सदस्य और विशेषज्ञों का मानना है कि बड़े प्रोजेक्ट्स के बीच में नेतृत्व बदलने से काम की रफ्तार पर असर पड़ता है, इसलिए निरंतरता ज़रूरी है।

**रेलवे में सेवा विस्तार का पैटर्न :** सतीश कुमार को दिया गया यह विस्तार कोई नया अपवाद नहीं है। पिछले एक दशक में कई बार रेलवे बोर्ड अध्यक्षों को सेवा विस्तार दिया गया है। ए.के. मित्तल को 2017 में विस्तार मिला था। वी.के. यादव को भी 2020 में सेवा विस्तार दिया गया, ताकि रेलवे और बजट विलय प्रक्रिया पूरी हो सके। हाल के वर्षों में अश्विनी लोहानी को भी अल्प अवधि के लिए विस्तार मिला था। विशेषज्ञों का कहना है कि यह ट्रेंड दिखाता है कि सरकार बड़े सुधारों और अधूरी परियोजनाओं के बीच अचानक नेतृत्व बदलने से बचना चाहती है। हालांकि आलोचकों का कहना है कि बार-बार का सेवा विस्तार नई पीढ़ी के अधिकारियों की प्रगति रोकता है और इससे संगठनात्मक संतुलन बिगड़ता है।

- सतीश कुमार को सेवा विस्तार मिलने से अब रेलवे की कई बड़ी और महत्वाकांक्षी योजनाएँ बिना किसी रुकावट के आगे बढ़ेंगी। इनमें प्रमुख हैं
- वंदे भारत एक्सप्रेस का विस्तार – अगले दो वर्षों में 100 से अधिक नई ट्रेनें चलाने की योजना है।
- बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट (मुंबई-अहमदाबाद) – भूमि अधिग्रहण और निर्माण कार्य तेजी से जारी है।
- स्टेशन पुनर्विकास योजना – 1,300 से अधिक स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने का लक्ष्य।
- 100 फीसदी विद्युतीकरण मिशन – वर्ष 2030 तक पूरी रेलवे को ग्रीन एनर्जी आधारित बनाने की दिशा में काम।
- कार्गो और लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर – मालगाड़ियों की रफ्तार बढ़ाने और परिवहन लागत घटाने के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का विस्तार।
- डिजिटल रेलवे प्रोजेक्ट – टिकटिंग, सिग्नलिंग और सुरक्षा प्रणाली का पूर्ण डिजिटलीकरण।
- यात्री सुरक्षा सुधार – नई कोच तकनीक, ऑटोमैटिक फायर अलार्म, और बायो-टॉयलेट्स जैसे उपायों का कार्यान्वयन।

### केंद्र सरकार ने...

इसमें पांच प्रतिशत मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) और पांच प्रतिशत कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर (एआईडीसी) से छूट, साथ ही दोनों पर 10 प्रतिशत सामाजिक कल्याण अधिभार शामिल है जिससे कपास पर कुल आयात शुल्क 11% बैठता है। इस कदम से कपड़ा मूल्य श्रृंखला की कच्चे माल की लागत कम होने और विनिर्माताओं एवं उपभोक्ताओं दोनों को आवश्यक राहत मिलने की उम्मीद है। कपड़ा मूल्य श्रृंखला में धागा, कपड़ा, परिधान एवं सिले हुए उत्पाद शामिल हैं। कपड़ा, रत्न एवं आभूषण और चमड़ा सहित भारतीय वस्तुओं पर 27 अगस्त से अमेरिका शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है।

### हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड ...

नागरिकों को अपने परिवारों और आवश्यक सेवाओं से जुड़े रहने में सक्षम बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दूरसंचार टीमों की त्वरित कार्रवाई और राज्य अधिकारियों के समन्वित सहयोग से, सेवाओं की पूर्ण बहाली शीघ्र ही हो जाएगी।

### सीतामढ़ी में राहुल ...

सीट का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां एक लाख फर्जी वोटर पाए गए, जिन्होंने भाजपा को चुनाव जितवाया। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने अभी सिर्फ कर्नाटक की एक सीट पर वोट चोरी का सबूत दिया है; आने वाले समय में पार्टी लोकसभा चुनाव, हरियाणा सहित अन्य राज्यों में वोट चोरी के जरिए भाजपा द्वारा चुनाव जीतने के और भी सबूत पेश करेगी। एसआईआर का उल्लेख करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि बिहार की जनता होशियार है और वह वोट चोरी नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि बिहार ने अपनी पूरी ताकत 'वोटर अधिकार यात्रा' में डाल दी है। आज बच्चा-बच्चा ये कह रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वोट चोरी करते हैं। उन्होंने जनता से 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का नारा भी लगवाया। जनता से सीधा संवाद करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि संविधान ने उन्हें अधिकार दिए हैं, लेकिन भाजपा इन्हें छीनना चाहती है। उन्होंने कहा कि बिहार में मतदाता सूची से गरीब, किसान, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और अति पिछड़े वर्गों के 65 लाख लोगों के नाम काटे गए हैं, लेकिन एक भी अमीर व्यक्ति का नाम नहीं कटा है। उन्होंने जनता को आगाह किया कि अगर वोट चला जाएगा तो उनके राशन कार्ड, जमीन और बाकी सारे अधिकार भी छिन जाएंगे। उन्होंने ये आरोप दोहराया कि भाजपा सरकार देश का पूरा धन अडानी-अंबानी को सौंप रही है।

### उज्जैन में मिट्टी के गणेश प्रतिमा वितरण कार्यक्रम में डॉ. मोहन ने किया मूर्तियों का वितरण

# मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना कर कहा, शुभ कार्य को सफल बनाते हैं रिद्धि-सिद्धि दाता

### महाकाल की कृपा से सिंहस्थ-2028 पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ेगाः सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में श्रीगणेश को प्रथम पूज्य देवता माना गया है। रिद्धि-सिद्धि दाता शुभ कार्य को सफल बनाते हैं, इसलिए हर मंगल कार्य के आरंभ में श्रीगणेश की वंदना अनिवार्य समझी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति का यही संदेश है कि घर-घर में मिट्टी के श्रीगणेश हों। प्रदेश में स्वदेशी के वातावरण के साथ मिट्टी के गणेश के वितरण का उत्सव मनाया जा रहा है।




#### गणेशोत्सव हमारे लिए आनंद का उत्सवः डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गणेशोत्सव हमारे लिए आनन्द का उत्सव है। भगवान की कृपा से देश के विकास के साथ प्रदेश का विकास हो रहा है, यह हमारे लिए गौरव की बात है। इससे पहले विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने बताया कि मूर्ति वितरण कार्यक्रम में लगभग 300 मिट्टी से बनी मूर्तियों का वितरण शहर की विभिन्न समितियों और संगठनों को किया जा रहा है।

#### प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने ली मिट्टी से निर्मित श्री गणेश की मूर्ति

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बुधवार को बैतूल में गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर स्थानीय कलाकारों द्वारा मिट्टी से निर्मित श्री गणेश की मूर्ति एवं पूजन सामग्री खरीदी। खंडेलवाल ने इस दौरान स्थानीय कलाकारों, व्यवसायियों से संवाद किया और प्रदेशवासियों से स्वदेशी उत्पादों का अधिक उपयोग करने का आग्रह किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार आदि उपस्थित रहे।



#### भाजपा कार्यालय में विराजे भगवान श्रीगणेश



भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा ने बुधवार को गणेश चतुर्थी पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा की स्थापना कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया।



भोपाल में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सपरिवार भगवान गणेश की प्रतिमा लेकर जाते हुए।

### रीगल टॉकीज का होगा उन्नयन



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में किया 79.27 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश की सात पवित्र नगरियों में अवंतिका (उज्जैन) भी शामिल है।

डॉ. यादव ने बुधवार को उज्जैन में गोपाल मंदिर छत्री चौक स्थित कार्यक्रम में 79.27 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें 25.15 करोड़ रुपए की लागत से रीगल टॉकीज के विकास कार्य, सिंहस्थ महापर्व के अंतर्गत 22.30 करोड़ की लागत से गदा पुलिया से रविशंकर नगर, जयसिंह पुरा होते हुए लालपुल ब्रिज तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य और 31.83 करोड़ रूपए की लागत से गाड़ी अड्डा चौराहे से वीडी क्लाथ मार्केट, निकास चौराहा, खजूर वाली मस्जिद, केडी गेट मार्ग वाया जूना सोमवारिया से बड़ी पुलिया तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य का भूमिपूजन शामिल है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने उज्जैन में एक अन्य कार्यक्रम में 52 करोड़ 69 लाख रुपए से अधिक की लागत से राष्ट्र वीर दुर्गादास छत्री के संरक्षण संवर्धन एवं विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया।

### पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी' योजना शुरू होगी

#### कैबिनेट मीटिंग के बाद सीएम सैनी का ऐलान

# प्रदेश में 25 सितंबर से महिलाओं को मिलेंगे 2100 रुपये प्रतिमाह

**परिवार में तीन महिलाएं हैं तो सभी को मिलेगा लाभ ■ लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 5000 करोड़ का फंड मंजूर ■ पहले चरण में 20 लाख महिलाओं को दिया जाएगा योजना का लाभ**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में सरकार ने अपने संकल्प पत्र के एक ओर वायदे को पूरा करते हुए महिलाओं के सामाजिक सुरक्षा और सम्मान के लिए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना को लागू करने का निर्णय लिया है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती अर्थात 25 सितंबर से इस योजना का शुभारम्भ होगा। इसके तहत सभी पात्र महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। योजना के तहत, 25 सितंबर, 2025 को 23 वर्ष या उससे अधिक आयु की सभी महिलाओं (विवाहित और अविवाहित) को लाभ मिलेगा। योजना के अंतर्गत पहले चरण में उन परिवारों को शामिल किया है, जिनकी वार्षिक आय 1 लाख रुपये से कम है। आने वाले समय में, चरणबद्ध तरीके से अन्य आय समूहों को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा। पहले चरण में करीब 20 लाख महिलाओं को लाभ दिया जाएगा।

#### ये शर्तें भी

23 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को लाभ
●
पहले चरण में वे परिवार शामिल जिनकी आय 1 लाख से कम
●
चरणबद्ध तरीके से अन्य आय समूहों को योजना में शामिल करेंगे
●
जो पहले से पेंशन ले रही उनको लाभ नहीं मिलेगा गंभीर बीमारियों से पीड़ित को अतिरिक्त लाभ



#### प्रदेश में 15 साल का निवासी होना जरूरी

योजना के लाभ के लिए अविवाहित आवेदिका का या विवाहित आवेदिका के पति का हरियाणा में 15 साल से निवासी होना जरूरी होगा। एक परिवार में महिलाओं की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। यदि एक परिवार में 3 पात्र महिलाएं हैं, तो सभी को लाभ मिलेगा। वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना, विधवा और निराश्रित महिलाओं को वित्तीय सहायता, हरियाणा दिव्यांग पेंशन योजना, लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता, कश्मीरी विस्थापित परिवारों को वित्तीय सहायता, बौने के लिए भत्ता योजना, एसिड अटैक पीड़ित महिला और लड़कियों के लिए वित्तीय सहायता, विधवा और अविवाहित महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता, पद्म पुरस्कार सम्मानित के लिए हरियाणा गौरव सम्मान सहायता, जिनमें आवेदिकाओं को पहले से ही अधिक राशि की पेंशन का लाभ मिल रहा है, उन्हें लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

#### इन्हें अतिरिक्त लाभ

- स्टेज 3 व 4 कैंसर पीड़ित मरीजों, सूचीबद्ध 54 दुर्लभ बीमारियों, हीमोफीलिया, थैलेसिमिया और सिकल सेल से पीड़ित जिन आवेदिकाओं को पेंशन का लाभ मिल रहा है। उन्हें लाडो लक्ष्मी का अतिरिक्त लाभ मिलेगा।
- जिस दिन अविवाहित लाभार्थी 45 वर्ष की आयु पूरी करेगी उस दिन से वे विधवा और निराश्रित महिलाओं को वित्तीय सहायता योजना के लिए पात्र मानी जाएंगी।
- लाभार्थी जैसे ही 60 वर्ष आयु की होगी, वे ऑटोमैटिक वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पेंशन के लिए पात्र हो जाएंगी।

#### एप भी लॉन्च किया जाएगा

- इस योजना के पहले चरण में लगभग 20 लाख महिलाओं को लाभ मिलेगा। आगामी दिनों में योजना की गजट नोटिफिकेशन करने के साथ-साथ एक एप भी लॉन्च किया जाएगा, जिस पर पात्र महिला अपना पंजीकरण करेगी।
- हर पात्र महिला को एसएमएस जाएगा कि इस योजना के लिए आप पात्र हैं, एप पर आवेदन करें। सभी पात्र महिलाओं की सूची सभी पंचायत और वार्डों में प्रकाशित की जाएगी।



#### सीएम बोले- हमने वादों को पूरा किया, कांग्रेस की गारंटी 'चीनी सामान' जैसी, जिसकी कोई गारंटी नहीं

*चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि पंजाब की बहनों को अब आम आदमी पार्टी की सरकार पर विश्वास नहीं रहा और वहां की जनता कल्याणकारी योजनाओं के लिए हरियाणा की ओर उम्मीद से देख रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पहले कांग्रेस पार्टी ने पंजाब को खोखला किया, उसी राह पर अब आम आदमी पार्टी भी चल रही है और चुनावों में महिलाओं से किए वादों को पूरा नहीं कर रही। मुख्यमंत्री मंत्रिमंडल की बैठक में 'दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना' लागू करने के निर्णय उपरान्त पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे।*

#### 1984 के दंगा पीड़ितों को नौकरी दी जाएगी

*चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार गुरुओं द्वारा दी गई शिक्षा को आत्मसात करके उनके दिखाए गए मार्ग पर चल रही है। मुख्यमंत्री पंचकूला स्थित गुरुद्वारा नाडा साहिब में शीश नवाने के बाद मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 1984 में हुए दंगों के दौरान हरियाणा में जिन सिख परिवारों ने अपने मुखिया को खोया है ।*

### बच्चों को बेचता था सुलोचन ट्यूब, 62 नग ट्यूब जब्त

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई नशे का सौदागर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

नशे के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बच्चों को सॉल्यूशन ट्यूब बेचने वाले आरोपी को जेल भेजा गया है। डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर ने बताया कि आरोपी अपने ही पिता की ऑटो पार्ट्स दुकान से चोरी कर सॉल्यूशन ट्यूब को नशा के लिए बेच रहा था।

युवक के पास से 62 नग सॉल्यूशन ट्यूब बरामद की गई हैं। आरोपी का नाम आशु सिन्हा (18 वर्ष) पिता राजेश सिन्हा, निवासी मठपारा, थाना कवर्धा है। अपने नाबालिग मित्रों के साथ रामनगर में जेवडन रोड स्थित एक किराये के मकान में बैठकर सॉल्यूशन ट्यूब बेचता था। पुलिस को सूचना मिली कि वह अपने पिता की दुकान से यह सामग्री चोरी कर लाता है और 3 से 4 गुना अधिक कीमत पर बच्चों व किशोरों को बेचता है, जो इसका दुरुपयोग नशे के लिए करते हैं। इस कार्रवाई के तहत पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को ग्राहक बनाकर आरोपी से संपर्क कराया। बातचीत के दौरान आरोपी ने बिक्री की बात स्वीकार की।

#### एसडीएम कोर्ट से भेजा जेल

*दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा उसकी निशानदेही पर कुल 62 नग सॉल्यूशन ट्यूब बरामद की गईं। आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया। कबीरधाम पुलिस बच्चों व किशोरों को नशे के दुरुपयोग से बचाने के लिए सतत अभियान चला रही है। बच्चों का भविष्य बिगाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। समाजविरोधी तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।*

## प्रभात चौराहा पर एमसीए छात्र की बाइक लेकर भागे बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित प्रभात चौराहा पर एमसीए के छात्र की तीन बदमाश बाइक लेकर फरार हो गए। घटना मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे के आसपास की है। बदमाश पैदल आए थे और छात्र भोपाल रेलवे स्टेशन से ऑटो से आ रहे अपने दोस्त का इंतजार कर रहा था, तभी बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार चंदन मौर्या पिता रमेश सिंह मौर्या (20) मूलतः भांडेर का रहने वाला है और इन दिनों चर्च रोड पटेल नगर में किराए के मकान में रह रहा है। उसने पुलिस को बताया कि एमसीए में अभी ही एडमिशन लिया है। उसका दोस्त भोपाल स्टेशन से उसके रूम आ रहा था। चंदन ने भोपाल स्टेशन नहीं देखा था। लिहाजा वह प्रभात चौराहा पर रात करीब 1 बजे पहुंचा और दोस्त को कॉल कर कहा कि तुम प्रभात चौराहा तक ऑटो से आ जाना। प्रभात चौराहा पर चंदन दोस्त कका इंतजार कर रहा था, तभी तीन बदमाश पहुंचे और धमकाते हुए उसकी बाइक छुड़ा ली। बाइक हाथ लगने के बाद आरोपी बाइक लेकर फरार हो गया, जबकि उसके दो साथी पैदल ही भाग निकले। करीब दो घंटे बाद चंदन अपने दोस्त के साथ थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि प्रभात चौराहा जैसे व्यस्ततम इलाके में चंदन के साथ घटना हो गई और उसने शोर मचाकर लोगों तक नहीं बुलाया। जिस जगह घटना हुई है उससे कुछ दूरी पर ही ऑटो चालक अपने ऑटो में बैठे थे।

## नगर को स्वच्छ रखने नगर परिषद सीएमओ ने किया भ्रमण

**औबेदुल्लागंज।** नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र में नगर परिषद की सीएमओ किरण रहंगडाले ने मुकेश जैन उपयंत्री, सफाई दरोगा राजकुमार, राजा, मोती परमार, विक्की ठाकुर के साथ भ्रमण किया। दुकानदारों को सफाई का महत्व बताते हुए जागरूक किया। कचरा को डस्टबिन में रखकर नगर परिषद के वाहन में ही कचारा देने का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी कहा कि अगले भ्रमण में जिस दुकानदार के पास डस्टबिन नहीं पाया जाएगा उनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी। नगर को स्वच्छ रखने का दायित्व सभी का है तथा यह मेरी प्राथमिकता में है। सीएमओ के नगर को स्वच्छ रखने के लिए सभी से सहयोग करने को कहा है।



## तामोट के हाई स्कूल के पास फैली गंदगी

**तामोट।** ग्राम पंचायत तामोट में हाई स्कूल के पास गंदगी फैल रहने से स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को काफी परेशानी हो रही हैं। वहीं सिंधी कैंप में प्राइमरी स्कूल भवन की छत जर्जर हो गई है,कभी भी हादसा हो सकता है। शासन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। स्कूल भवन की मरम्मत के लिए गांव वाले कई बार सरपंच और सचिव शिकायत की पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने एसडीएम, जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदोरिया को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान ग्रामवासी धीरेंद्र बल्दिया, राजकुमार चौहान आदि लोग मौजूद थे।



### मौके पर पहुंची एसडीआरएफ टीम, महापौर एवं नगर निगम का अमला, घर में मौजूद लोगों को सुरक्षित निकाला

# पुरानी इमारत का प्रथम तल धंसा, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बीती रात को जगदलपुर के श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड में बने एक इमारत का प्रथम तल अचानक से धंस गया, जिसकी जानकारी लगते ही एसडीआरएफ टीम के साथ महापौर व नगर निगम का दस्ता आ पहुंचा। जहां घर में मौजूद लोगों को बाहर निकाला गया।

बता दें कि बस्तर में लगातार हो रही बारिश के थमने के बाद राहत की सांस ली गई, सड़कों पर भरा बारिश का पानी धीरे-धीरे नीचे उतरने लगा है, वहीं पुल-पुलिया के क्षतिग्रस्त होने के बाद उसका सर्वेक्षण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। वहीं बरसात के चलते जिन-जिन लोगों के घर ढहे हैं उनका भी सर्वे करने के साथ ही मुआवजा राशि देने के लिए कहा जा रहा है। श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड में एक पुराने घर की पहली मंजिल धंस गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद महापौर संजय पांडे, एसडीआरएफ टीम के सेनानी संतोष मार्बल के अलावा आला अधिकारी पहुंचे।



### भैरमगढ़ ब्लॉक में भारी बारिश के कारण तबाही का मंजर, बिजली आपूर्ति ठप

## चेरली और सुरोखी गांव में ढहे 23 घर, 18 मवेशियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले में बीते 60 घंटों से लगातार हुई मूसलाधार बारिश ने भैरमगढ़ ब्लॉक में भारी तबाही मचाई है। बारिश के चलते क्षेत्र की कई नदियां और नाले उफान पर आ गए, जिससे गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए। प्राकृतिक आपदा का सबसे अधिक असर चेरली और सुरोखी गांवों में देखने को मिला, जहां कुल 23 घर पूरी तरह ढह गए हैं।

हादसे में 18 मवेशियों की भी मौत हो गई है। हालात को देखते हुए प्रशासन ने दोनों गांवों के करीब 80 प्रभावित ग्रामीणों को सुरोखी की प्राथमिक शाला भवन में अस्थायी रूप से शरण दी है, जहां भोजन और पानी की व्यवस्था की गई है। तहसीलदार सूर्यकांत धरत के मुताबिक बारिश और बाढ़ के कारण कोसलनार, मंगनार, बेलनार और बांगोली पंचायतों के लगभग 15 गांवों में अभी भी बिजली आपूर्ति ठप है। साथ ही इन गांवों से सड़क संपर्क मार्ग पहले से ही बंद पड़े हैं।



#### प्रशासन की ओर से राहत कार्य जारी

प्रशासनिक दल मौके पर मौजूद हैं और लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं। गांवों में स्वास्थ्य टीमों की तैनाती की जा रही हैं और प्रभावितों को हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है। हालांकि, मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटों में भी भारी बारिश की संभावना जताई है, जिससे चिंता और बढ़ गई है।

## चिंतन

# क्यों आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा सोना

पीली धातु यानि सोना आम आदमी की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। महिलाओं में आभूषणों की चाहत की सबसे उपयोगी धातु आसमान पर पहुंच गई है। 28 अगस्त को सोने के दाम अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए। सोना 622 रुपये बढ़कर 1,01,506 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हो गया। इससे पहले 1,00,884 रुपये पर था। वहीं चांदी की कीमत भी 1,240 रुपये बढ़कर 1,17,110 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,15,870 थी। आम आदमी की पहुंच से सोने के फिसलने के एक नहीं अनेक कारण हैं। पहला कारण दुनिया भर में लगातार बढ़ रहा तनाव है। इतिहास गवाह है कि जब भी दुनिया पर कोई मुसीबत आती है, सोने की कीमत तेजी से बढ़ने लगती है। जब दुनिया में डर का माहौल होता है, तो लोग सोना खरीदते हैं। सोने को एक सुरक्षित ठिकाना माना जाता है। डिमांड बढ़ने से सोने की कीमत में तेजी आई है। दूसरा कारण है ग्लोबल इकोनॉमी की हालत। अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान जैसे बड़े देशों की अर्थव्यवस्था सुस्त पड़ रही है। इससे दुनिया में मंदी की आशंका है। मंदी से बिजनेस प्रभावित होगा और इसलिए लोग सोना खरीद रहे हैं ताकि उनका पैसा सुरक्षित रहे। सोने में तेजी का एक बड़ा कारण महंगाई भी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया है। इससे महंगाई बढ़ना तय माना जा रहा है। सोना महंगाई से बचाता है। इसके अलावा दुनिया के अनेक बैंक लगातार सोना खरीद रहे हैं, जिसके चलते उत्पादन से कहीं ज्यादा डिमांड हो गई है। चीन, भारत, तुर्की और पोलैंड जैसे देशों के सेंट्रल बैंक जमकर सोना खरीद रहे हैं। वे अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं। उन्हें लगता है कि सोने का भंडार ज्यादा होने के बाद विश्व स्तर पर उनकी अहमियत बढ़ेगी, अमेरिका की डॉलर मोनोपोली पर भी लगाम लगाई जा सकेगी। गोल्ड में उछाल का एक कारण डॉलर का कमजोर होना भी माना जा रहा है। जब डॉलर कमजोर होता है, तो विदेशियों के लिए सोना खरीदना सस्ता हो जाता है। इससे सोने की मांग बढ़ जाती है। जब मांग बढ़ती है तो दाम उछलना स्वाभाविक है। इसके अलावा देशों के साथ-साथ आम आदमी भी सोने को सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहा है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव हो रहा है और बॉन्ड से भी ज्यादा फायदा नहीं हो रहा है। ऐसे में आम लोग सोना खरीद रहे हैं। इससे कीमतें बढ़ रही हैं। दुनिया भर में ब्याज दरें कम होना भी सोने के दाम बढ़ने का एक कारण है। बैंक में ब्याज कम हो रहा है। भारत में आरबीआई लगातार रेपो रेट में कटौती कर चुका है। भारत में कई बैंकों ने एफडी और सेविंग अकाउंट्स पर ब्याज दरों में कटौती की है। अमेरिका में भी फेड रिजर्व के आने वाले दिनों में ब्याज दरों में कटौती करने की उम्मीद है। जब ब्याज दरें कम होती हैं, तो सोना रखने का फायदा बढ़ जाता है। आम निवेशक को लगता है कि सोना ब्याज से ज्यादा फायदा देगा। इसी चाह में सोने के दाम आसमान पर पहुंच रहे हैं। एक तरफ तो मांग बढ़ रही है वहीं दूसरी ओर सोने का उत्पादन लगातार कम हो रहा है। सप्लाई और मांग में अंतर से कीमतें बढ़ रही हैं। सोने की कीमत में ज्यादा गिरावट की संभावना आसपास नजर नहीं आ रही। अगर दुनिया में तनाव और बढ़ता है तो कीमतें कम होना तो दूर इसमें ज्यादा उछाल आ सकता है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि आने वाले दिनों में दुनिया में परिस्थितियां कैसी रहती हैं।

# टिकट टू बॉलीवुड



समसामयिक
गौरव द्विवेदी

फिल्म उद्योग को अपनी टिकट की कीमतें निर्धारित करने में सावधानी बरतनी चाहिए और दर्शकों की संख्या और आय दोनों को संतुलित करने के लिए एक उपयुक्त टिकट मूल्य निर्धारण रणनीति अपनानी चाहिए। सिनेमा टिकट की कीमतें भारतीय फिल्म उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा रही हैं। बढ़ती कीमतें दर्शकों की संख्या को प्रभावित कर सकती हैं, जबकि कम कीमतें फिल्म उद्योग की आय को प्रभावित कर सकती हैं। 2019 में, जब कई सिनेमा हॉल ने अपनी टिकट की कीमतें बढ़ाईं, तो दर्शकों की संख्या में कमी आई।

हाल ही में कर्नाटक सरकार द्वारा सिनेमा की टिकट की अधिकतम क़ीमत 200 रुपये निर्धारित की गई। है ये एक अच्छी और स्वागत योग्य पहल जिससे लोगों को सस्ता मनोरंजन मिलेगा और फ़िल्म उद्योग को भी फ़ायदा होगा। ये एक सराहनीय पहल है! सिनेमा टिकट की कीमतें भारतीय फिल्म उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। सुपरहिट फिल्में और दोबारा से रिलीज़ हुई फिल्में दर्शाती हैं कि दर्शक सिनेमा देखने के लिए तैयार हैं, लेकिन टिकट की कीमतें और करों का प्रभाव फिल्म उद्योग की आय पर पड़ता है। फिल्म उद्योग को अपनी टिकट की कीमतें निर्धारित करने में सावधानी बरतनी चाहिए और दर्शकों की संख्या और आय दोनों को संतुलित करने के लिए एक उपयुक्त टिकट मूल्य निर्धारण रणनीति अपनानी चाहिए। सिनेमा टिकट की कीमतें भारतीय फिल्म उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा रही हैं। बढ़ती कीमतें दर्शकों की संख्या को प्रभावित कर सकती हैं, जबकि कम कीमतें फिल्म उद्योग की आय को प्रभावित कर सकती हैं। 2019 में, जब कई सिनेमा हॉल ने अपनी टिकट की कीमतें बढ़ाईं, तो दर्शकों की संख्या में कमी आई। उदाहरण के लिए, एक प्रमुख मल्टीप्लेक्स चेन ने अपनी टिकट की कीमतें 20 प्रतिशत बढ़ाईं, जिसके परिणामस्वरूप दर्शकों की संख्या में 15 प्रतिशत की कमी आई। दूसरी ओर, जब कुछ सिनेमा हॉल ने अपनी टिकट की कीमतें कम कीं, तो दर्शकों की संख्या में वृद्धि हुई। उदाहरण के लिए, एक सिनेमा हॉल ने अपनी टिकट की कीमतें 10 प्रतिशत कम कीं, जिसके परिणामस्वरूप दर्शकों की संख्या में इजाफा देखने को मिला।

***अगर सिनेमा के धंधे को बढ़ाना है तो तीन चीज़ों पर ध्यान देने की ज़रूरत है-***

पहला टिकटों की क़ीमत कम हो और उसपर लगने वाला मनोरंजन कर तर्कसंगत हो।

दूसरा देश में इस समय 9742 सिनेमा स्क्रीन हैं जिसमें सैंतालिस प्रतिशत दक्षिण भारत में हैं लिहाज़ा देश के हर कोने में सिनेमा स्क्रीन का बढ़ना जरूरी है। फिक्की की रिपोर्ट के मुताबिक़ सिनेमा स्क्रीन की तादाद हर साल 4 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है लेकिन अगर उसकी आप अमेरिका और चीन से तुलना करें तो काफ़ी कम है।

तीसरा तरीक़ा है जो काफ़ी हद तक कारगर हुआ है। वो है नैशनल सिनेमा डे का अवतरण! इस दिन सिनेमा के दाम पूरे देश में 99 रुपए कर दिए जाते हैं और जिसका असर दर्शकों की बढ़ती संख्या में देखने को मिला है।कई पुरानी फ़िल्में जैसे लैला मजनूं , तुम्बाड और सनम तेरी क़सम दोबारा रिलीज़ की गई और उन्होंने बॉक्स ऑफ़िस पर बंपर कमाई करी!

नेशनल सिनेमा डे कोरोना से निपटने के लिए मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ने सितंबर 2022 में मनाना शुरू किया। पिछले साल 20 सितंबर को नेशनल सिनेमा डे का असर ख़ासतौर



पर देखने को मिला।

2017 में रिलीज़ हुई बाहुबली 2 ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ दिए। फिल्म की टिकट की कीमतें 200 रुपए से 1,000 रुपए तक थीं, लेकिन दर्शकों ने इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में टिकट खरीदे। फिल्म ने 1,800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की।

2016 में रिलीज़ हुई दंगल ने भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म की टिकट की कीमतें 150 रुपए से 500 रुपए तक थीं, लेकिन दर्शकों ने इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में टिकट खरीदे। फिल्म ने 2,000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की।

1975 में रिलीज़ हुई शोले को हाल ही में 4के में दोबारा से रिलीज़ किया गया था। फिल्म की टिकट की कीमतें 200 से 500 रुपए तक थीं, और दर्शकों ने इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में टिकट खरीदे। फिल्म ने 50 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की।

1960 में रिलीज़ हुई मुगल-ए-आजम को भी दोबारा से रिलीज़ किया गया था। फिल्म की टिकट की कीमतें 100 से 300 रुपए तक थीं, और दर्शकों ने इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में टिकट खरीदे।

***अब बात भारत में मनोरंजन कर की जो राज्य सरकार द्वारा लगाया जाता है, और इसकी दरें राज्य से राज्य में भिन्न होती हैं। उदाहरण के लिए-***

महाराष्ट्र में मनोरंजन कर की दर 45 प्रतिशत है।

तमिलनाडु में मनोरंजन कर की दर 30 प्रतिशत है।

कर्नाटक में मनोरंजन कर की दर 22 प्रतिशत है।

दिसंबर 2018 में फिल्मों के लिए दो जीएसटी स्लैब घोषित किए गए थे। 100 रुपए तक के टिकट पर 12 फीसदी और इससे ज्यादा दाम के टिकट पर 18 फीसदी। लेकिन वर्तमान में लागू जीएसटी स्लैब के अनुसार, 100 रुपए तक के टिकट पर 18 प्रतिशत और अधिक महंगे टिकट पर 28 प्रतिशत जीएसटी वसूला जा रहा है। यह जीएसटी परिषद द्वारा तय किया गया था, जिसका उद्देश्य फिल्म उद्योग और दर्शकों के हितों को साधना है।

अक्सर राज्यों से किसी फिल्म के टैक्स फ्री होने की खबरें आती हैं। दीपिका पादुकोण की फिल्म 'छपाक' को कई राज्यों ने टैक्स फ्री किया वहीं अजय देवगन की फिल्म 'तान्हाजीः द अनसंग हीरो' को टैक्स फ्री कर दिया। इसके अलावा साबरमती रिपोर्ट, छावा, दंगल को भी कई राज्यों ने टैक्स फ्री किया।

***सवाल ये है कि फिल्म के टैक्स फ्री होने पर उसका टिकट कितना सस्ता हो जाता है?***

जीएसटी स्लैब दो हिस्सों में बांटा जाता है-एक हिस्सा राज्य सरकार का (स्टेट जीएसटी) और दूसरा केंद्र सरकार का (सेंट्रल जीएसटी) को होता है।

जब कोई राज्य किसी फिल्म को टैक्स फ्री घोषित करता है तो सिर्फ उसके खाते का टैक्स ही माफ होता है. इस तरह अगर टिकट 100 रुपए का है तो 6 फीसदी और टिकट 100 रुपए से अधिक का है तो 9 फीसदी टैक्स।

सिनेमा हॉल मालिकों का कहना है कि जीएसटी लागू होने से पहले फिल्म टैक्स फ्री किए जाने का बड़ा असर होता था।तब हर राज्य अलग-अलग दर से मनोरंजन टैक्स वसूला करता था, उस स्थिति में राज्य सरकार पूरा टैक्स माफ कर देती थी। पूरे सिनेमा के व्यापार का लब्बोलुबाब ये है कि 10-15 प्रतिशत की गति से सालाना बढ़ने वाला फिल्मों के कारोबार को और मजबूत करना है तो सिनेमा की टिकटों का दाम कम होना और देश में सिनेमा स्क्रीन की संख्या में इजाफा करना लाज़मी और वक़्त की ज़रूरत है।

*-लेखक फिल्म पॉलिसी के जानकार हैं।*

रायसीना हिल
विवेक शुक्ला




# देश के अहम फैसलों की मूक गवाह हैं नॉर्थ-साउथ ब्लॉक

स्वतंत्र भारत की दो सबसे खास सरकारी इमारतों में शामिल साउथ-नॉर्थ ब्लॉक का अब संध्याकाल शुरू हो गया है। राजधानी के रायसीना हिल पर बने नॉर्थ और साउथ ब्लॉक भारत के शासन का अहम हिस्सा रहे हैं। ये आइकॉनिक सचिवालय इमारतें भारतीय प्रशासन का केंद्र रही हैं, जो औपनिवेशिक और स्वतंत्र भारत के दौर में सत्ता और निरंतरता का प्रतीक बनीं। अब, जल्द ही ये दोनों इमारतें खाली होने वाली हैं। यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) साउथ ब्लॉक से कुछ सौ मीटर दूर बने नए एग्जीक्यूटिव एनक्लेव-1 में सितंबर 2025 तक शिफ्ट हो सकता है। वहीं, गृह मंत्रालय और कार्मिक मंत्रालय लगभग पूरी तरह कर्तव्य भवन-3 में स्थानांतरित हो चुके हैं, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महीने की शुरुआत में किया था। बीते दौर के पन्नों को खंगालते हैं। अगस्त 1947 में जैसे-जैसे 15 अगस्त यानी देश की आजादी का दिन, नजदीक आ रहा था, राजधानी के साउथ और नॉर्थ ब्लॉक के कुछ कमरों की बत्तियां लगभग पूरी रात जलती रहती थीं। ऐसा इसलिए क्योंकि प्रधानमंत्री पंडित नेहरू अपने साउथ ब्लॉक के ऑफिस में स्टाफ के साथ दिन-रात काम कर रहे होते थे ताकि आजादी और देश के बंटवारे की प्रक्रिया को अंतिम रूप दे सकें। वहीं, नॉर्थ ब्लॉक में गृह मंत्री सरदार पटेल देर रात तक काम करते थे ताकि 562 रियासतों को भारतीय संघ में सुचारू रूप से शामिल किया जा सके। लैरी कॉलिन्स और डोमिनिक लैपिएर ने अपनी शानदार किताब फ्रीडम एट मिडनाइट में उन दिनों के साउथ और नॉर्थ ब्लॉक का बेहतरीन तरीके से वर्णन किया है। नॉर्थ और साउथ ब्लॉक भारत के शासन का केंद्र इसलिए रहे हैं क्योंकि ये देश के प्रशासनिक दिल की तरह काम करते हैं। साउथ ब्लॉक में प्रधानमंत्री कार्यालय, रक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय हैं, जबकि नॉर्थ ब्लॉक में गृह मंत्रालय और वित्त मंत्रालय हैं। ये मंत्रालय आंतरिक सुरक्षा से लेकर आर्थिक नियोजन तक, राष्ट्रीय नीतियों के अहम पहलुओं को देखते हैं, जिससे ये इमारतें सरकार के कामकाज के लिए अहम रही हैं। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान साउथ ब्लॉक भारत का नर्व सेंटर बन गया था। यहां प्रधानमंत्री कार्यालय और रक्षा मंत्रालय थे। एक कमरे में 'वॉर रूम' बनाया गया था, जहां पूरे युद्ध की रणनीति और निगरानी होती थी। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ और अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारियों की अहम बैठकें यहीं होती थीं। कहा जाता है कि इंदिरा गांधी का दृढ़ नेतृत्व और मानेकशॉ की बेबाक सैन्य सलाह इन कमरों में गूंजती थी। हाल ही के ऑपरेशन सिंदूर में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साउथ ब्लॉक के ऑफिस में भारत की रक्षा सेनाओं के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की थी। अब इन दोनों में संग्रहालय बनेंगे। 1911 में राजधानी कोलकाता से दिल्ली स्थानांतरित होने के बाद ब्रिटिश नौकरशाही के लिए बनाए गए ये ब्लॉक 1947 में स्वतंत्र भारत की सत्ता के केंद्र बन गए। विजय चौक पर हर साल होने वाला बीटिंग रिट्रीट समारोह, जो इन दोनों ब्लॉकों के बीच होता है, इनकी सांस्कृतिक और राष्ट्रीय अहमियत को और बढ़ाता है। सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना के तहत 2025 के अंत तक इन्हें संग्रहालय में बदलने की योजना है, लेकिन इनकी वास्तुशिल्प और ऐतिहासिक कीमत उन्हें हमेशा प्रिय बनाए रखेगी। संजय बारू अपनी किताब द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर में लिखते हैं, "1991 में भारत एक गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा था। नॉर्थ ब्लॉक में वित्त मंत्रालय में प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव और वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने एक ऐतिहासिक बजट तैयार किया, जिसने भारत की अर्थव्यवस्था को हमेशा के लिए बदल दिया। बजट पेश करने से पहले पूरी गोपनीयता बरती गई थी। जब डॉ. मनमोहन सिंह ने संसद में अपना भाषण खत्म किया, तो उन्होंने विक्टर ह्यूगो के शब्दों को उद्धृत किया: 'कोई ताकत उस विचार को नहीं रोक सकती, जिसका समय आ गया है।" इन शानदार इमारतों का निर्माण 1929 में 1.75 करोड़ रुपये की लागत से पूरा हुआ था। हर्बर्ट बेकर ने इनको डिजाइन किया था। वे चोटी के आर्किटेक्ट थे और नई दिल्ली के चीफ आर्किटेक्ट एडविन लुटियंस के सहयोगी थे। हालांकि साउथ और नॉर्थ ब्लॉक के ऑफिस जल्द ही दूसरी जगह शिफ्ट होंगे, एक चीज़ नहीं बदलेगी, बंदर। दशकों से, सैकड़ों बंदर इन ब्लॉकों के आसपास परेशानी का सबब बने हुए हैं। वे कर्मचारियों के हाथों से खाना छीन लेते हैं और कभी-कभी तो अहम फाइलें और दस्तावेज़ भी लेकर भाग जाते हैं। बहरहाल, नॉर्थ और साउथ ब्लॉक सिर्फ़ पत्थर और ईंट की इमारतें नहीं हैं, बल्कि भारत के हर राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक उतार-चढ़ाव के मूक गवाह हैं।

(ये उनके अपने विचार हैं।)

## पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश को देवता का दर्जा



संकलित
**दर्शन**

प्रदूषण की विनाशलीला को देखते हुए भारतीय ऋषियों ने कदम-कदम पर मानव को सजग किया है। चूंकि मनुष्य पंचमहाभूतों का समन्वय रूप है इसलिए सबसे पहले आध्यात्मिक महापुरुषों ने इसे जन्म से लेकर मृत्यु तक के अलग-अलग संस्कारों के साथ जोड़ दिया, ताकि मां के गर्भ में आने से लेकर सौ वर्ष तक वह अदैन्य भाव में जी सके। सबसे पहले भारतीय ऋषियों ने वसुधैव कुटुंबकम की जो परिकल्पना की, उसमें नख से लेकर शिख तक पूरा शरीर एक वसुधा (धरती) के समान है। शरीर के किसी भी हिस्से में तकलीफ है तो यह शरीर रूपी विश्व को प्रभावित करेगी। इसके अलावा मनुष्य के जीने के जितने भी स्नेत हैं, वे सभी कुटुंब के सदस्यों की तरह हैं। जिसे 'क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, पंच रचित यह अधम शरीरा' से समझा जा सकता है। शरीर का आंतरिक हिस्सा चूंकि अधम है इसलिए वाह्य प्रकृति से उत्तमोत्तम पदार्थ ग्रहण कर उसके स्वरूप को और अधिक विकृत होने से बचाया जाना नितांत जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सबको देवता का दर्जा दिया गया। द्वापर युग के महानायक भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन ही प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष और जन जागरण का है। उम्र की परवाह न कर वह यमुना के प्रदूषित तत्व कालिया नाग का वध, प्रदूषित अग्नि लगाने वाले प्रलंबासुर का वध, अंतरिक्ष को शुद्ध करने के लिए व्योमासुर का वध, धरती की शुद्धता के लिए गो पालन करते हैं। त्रेता युग में रावण ने भी खर और दूषण नामक पर्यावरण-शत्रु तैनात किया था।

## रावण की वजह से बना बैद्यनाथ मंदिर



संकलित
**प्रेरणा**

त्रेता युग की घटना है। रावण शिव जी का परम भक्त था। रावण ने हिमालय क्षेत्र में शिवलिंग बनाकर कठोर तप किया था। इस तप से शिव जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए। भगवान ने रावण से वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने शिव जी से कहा कि मैं आपका ये शिवलिंग लंका में स्थापित करना चाहता हूं। शिव जी ने रावण की इच्छा पूरी होने का वरदान दिया, लेकिन साथ में ये भी कहा कि रास्ते में तुम ये शिवलिंग जहां रख दोगे, शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। इसके बाद तुम ये शिवलिंग आगे नहीं ले जा पाओगे। रावण ने शिव जी का बात मान ली और शिवलिंग उठाकर लंका की ओर चल दिया। रास्ते में रावण ने गलती से एक जगह शिवलिंग रख दिया। थोड़ी देर बाद वह शिवलिंग फिर से उठाने लगा, लेकिन शिवलिंग वहीं स्थापित हो गया था। बहुत कोशिश करने के बाद भी रावन शिवलिंग को उठा नहीं सका। अंत में हिम्मत हारकर रावण वहां से चला गया। रावण के जाने के बाद सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि और अन्य लोग इस शिवलिंग के पास पहुंचे और शिव पूजा की। सभी की पूजा से भगवान प्रसन्न हुए और प्रकट हुए। सभी भक्तों ने शिव जी से प्रार्थना की कि अब से वे यहीं निवास करें, ताकि भक्त आसानी से दर्शन-पूजन कर सके और उनका कल्याण हो सके। भक्तों की बात सुनकर शिव जी इसी शिवलिंग में ज्योति स्वरूप में विराजित हो गए। बाद ये ज्योतिर्लिंग बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**राजनीति में आकर नेता अपने वादे भूल जाते हैं**

अगर किसी को अमीर बनना है तो वो राजनीति में आ जाए। भीड़ में से एक इनसान को चुना जाता है ताकि वो लोगों की तकलीफों को दूर करे। लेकिन चुनाव के बाद जनप्रतिनिधि अपने वायदे भूल जाते हैं। हमारे देश भारत में राजनीति के नकारात्मक पहलू देखे जा सकते हैं। जो भी राजनीति में आता है, अमीर ही अमीर बनता जाता है।क्या नेता, लोगों की गरीबी को दूर करते-करते अमीर हो गए हैं या कुछ और? न्यूज चैनल वाले बताते हैं कि किस जगह का कौनसा नेता कितना अमीर है, कितनी संपत्ति है उसके पास। क्या इन लोगों को पता है कौन कितना गरीब होता जा रहा है, कितनों के पास दो टाइम का खाना नहीं है, कितने लोग बिना छत के हैं। जितनी सैलरी नेताओं को दी जाती है, उतनी अच्छे पढ़े-लिखे लोगों को भी नहीं दी जाती है।

*- नरेन्द्र तिवारी, सरायपाली*

## करंट अफेयर

# विदेशी छात्रों का अमेरिका में रहना अब होगा सीमित

ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका में विदेशी छात्रों और मीडियाकर्मियों के लिए वीजा की अवधि सीमित करने का प्रस्ताव रखा है। आंतरिक सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यदि प्रस्तावित नियम को अंतिम रूप दिया जाता है तो विदेशी छात्रों समेत कुछ वीजा धारकों के अमेरिका में रहने की अवधि सीमित हो जाएगी। साल 1978 से, विदेशी छात्रों को 'एफ' वीजा के तहत अनिर्दिष्ट अवधि के लिए अमेरिका में प्रवेश दिया जाता रहा है। डीएचएस ने कहा कि अन्य वीजा के विपरीत एफ वीजा धारकों को बिना किसी अतिरिक्त जांच-पड़ताल के अनिश्चित समय तक अमेरिका में रहने की अनुमति होती है। डीएचएस प्रवक्ता ने कहा, लंबे समय से, पिछले प्रशासनों ने विदेशी छात्रों और अन्य वीजा धारकों को अमेरिका में लगभग अनिश्चितकाल तक रहने की अनुमति दी है, जिससे सुरक्षा जोखिम पैदा हुआ है, करदाताओं के पैसे की भारी हानि हुई है, और अमेरिकी नागरिकों को नुकसान हुआ है।प्रवक्ता ने कहा, यह नया प्रस्तावित नियम कुछ वीजा धारकों के अमेरिका में रहने की अवधि को सीमित कर इस दुरुपयोग को हमेशा के लिए समाप्त कर देगा।



## ऑफ बीट

# आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे

क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं – लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है – एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा – 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।



## ट्रेंड

### यूनिवर्सिटी विशेष बसें



आज से शुरू हुई 25 यूनिवर्सिटी विशेष बसें विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, भरोसेमंद और समर्पित कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेंगी। इन बसों का शेड्यूल कॉलेज टाइमिंग्स के साथ तालमेल में रखा गया है ताकि विद्यार्थियों को अधिकतम सुविधा मिल सके।

**-रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली**

### तृणमूल छात्र परिषद



तृणमूल छात्र परिषद के स्थापना दिवस पर सभी सदस्यों को बधाई। बंगाल को और भी उन्नत व मजबूत बनाने के लिए हमारे संघर्ष में वे भी शामिल हैं। मैं अपने युवा साथियों से कहना चाहती हूं, किसी भी परिस्थिति में अन्याय से समझौता न करें। अपना मस्तक ऊंचा करके जिएं।

**-ममता बनर्जी, सीएम, पं. बंगाल**

### किसान-व्यापारी बर्बाद होंगे



आज हमारा देश दो तरफ़ से मार खा रहा है। एक तरफ़ ट्रंप ने 50% टैरिफ लगाकर हमारी इंडस्ट्री को खत्म करने की साज़िश की और दूसरी तरफ़ मोदी जी ने अमेरिका के माल पर टैरिफ ही हटा दिया। अब भारत का किसान और व्यापारी दोनों बर्बाद होंगे।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### एसआईआर की जरूरत



झारखंड में 2019-24 के बीच मतदाता सूची में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। बड़ी संख्या में घुसपैठियों के नाम जुड़े हैं। यहां एसआईआर की सख्त जरूरत है, राज्य सरकार को इस प्रक्रिया में हरसंभव सहयोग करना चाहिए।

**- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# बिहार विस चुनावः एनडीए में सीट शेयरिंग फॉर्मूला तय, जेडीयू 102, भाजपा 101 और चिराग को मिलेंगी 20 सीटें!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं इससे पहले एनडीए ने सीटों के बंटवारे का फॉर्मूला तय कर लिया है। हालांकि इसकी अभी अधिकृत घोषणा नहीं हुई है लेकिन माना जा रहा है कि जेडीयू 102, भाजपा 101 और चिराग पासवान की पार्टी को 20 सीटें दी गई हैं। वहीं जीतनराम मांझी की और और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम को 10-10 सीटें दिए जाने पर सहमति बनी है। इससे पहले चिराग और मांझी 40-40 और उपेंद्र कुशवाहा 15 सीटों की आस लगाए बैठे हुए थे। संभावना है कि एनडीए जल्द ही ऐलान हो सकता है। इस दौरान जेडीयू और भाजपा में 1-2 सीटों का अंतर हो सकता है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 17, जेडीयू ने 16, एलजेपी ने 5 और जीतन राम मांझी की हम और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने एक-एक सीट पर चुनाव लड़ा था। लोस में भाजपा ने जेडीयू से एक सीट ज्यादा लड़ी थी, लेकिन विधानसभा में जेडीयू, भाजपा से एक-दो ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ सकती है।

*लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जेडीयू से एक सीट ज्यादा पर चुनाव लड़ा था*

*चिराग और मांझी 40-40 और उपेंद्र कुशवाहा 15 सीटों की आस लगाए बैठे हुए थे*

## हम और आरएलएम 10-10 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव



### जेडीयू की 13 और भाजपा की 9 सीटें घटेंगी

2020 के चुनाव से तुलना करें तो इस बार भाजपा की 9 सीटें घट रही हैं, वहीं जदयू जो 115 सीटों पर लड़ी थी, उसे इस बार 13 सीटों पर कॉम्प्रोमाइज करना पड़ेगा। इनकी घटाई गई सीटें लोजपा और बाकी दलों में बंटेंगी। पिछले चुनाव में एनडीए में चार पार्टियां ही थीं। इसमें जदयू और भाजपा ने अपने कोटे से हम को 7 और वीआईपी को 11 सीटें दी थीं।

### 2020 में 135 सीटों पर लड़ी लोजपा

2020 का चुनाव तत्कालीन लोजपा ने अकेले लड़ा था। पार्टी ने 135 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। हालांकि एक सीट पर ही जीत मिली थी। लोजपा ने खासतौर से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के खिलाफ अपने उम्मीदवार खड़े किए थे, जबकि भाजपा के खिलाफ प्रत्यक्ष रूप से नहीं लड़ा। हालांकि जून 2021 में लोजपा में टूट हुई और पशुपति पारस की पार्टी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) बनी, जबकि चिराग की पार्टी लोजपा (रामविलास) है, जो इस बार के चुनाव में एनडीए का हिस्सा है।

### नीतीश की अगुवाई में लड़ा जाएगा चुनाव

सूत्रों के अनुसार, एनडीए ने स्पष्ट कर दिया है कि बिहार विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार की अगुवाई में लड़ा जाएगा। अगर एनडीए चुनाव जीतता है तो नीतीश कुमार ही ये तय करेंगे कि आगे की रणनीति क्या होगी। सूत्रों ने कहा कि नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर कुछ चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, लेकिन इस बारे में अंतिम निर्णय वे स्वयं लेंगे।

### इंडिया ब्लॉक ने भी शुरू की तैयारियां

वहीं, दूसरी ओर विपक्षी महागठबंधन (जिसमें राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी), कांग्रेस और वामपंथी दल शामिल हैं) ने भी अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की 'वोटर अधिकार यात्रा' ने मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं और विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के खिलाफ जनजागरूकता अभियान शुरू किया है।

### विपक्ष में अब भी खींचातानी!

एनडीए इस बार छोटे दलों को भी मजबूती से साथ रखना चाहता है। यही वजह है कि इस बार उनकी ताकत को देखते हुए उन्हें ज्यादा महत्व दिया है। जहां एनडीए में सीट बंटवारे की तस्वीर लगभग साफ है, वहीं विपक्षी महागठबंधन में अभी तक कोई ठोस सहमति नहीं बन पाई है। आरजेडी, कांग्रेस और वामदलों के बीच अभी बातचीत जारी है। सूत्रों के मानें तो महागठबंधन के कई दल आपस में उलझे हैं। इससे विपक्षी खेमे में असमंजस की स्थिति बनी है। भाजपा और जेडीयू भले ही कम सीटों पर लड़ें, लेकिन छोटे दलों को मजबूत करके गठबंधन को एकजुट बनाए रखने की कोशिश की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### बस ने कुचलाः परिवार के 4 लोगों की मौत

**मंगलुरु।** कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के तलापडी में बृहस्पतिवार को कासरगोड से मंगलुरु जा रही केएसआरटीसी की एक बस के ब्रेक फेल होने के बाद बस स्टैंड व एक ऑटो-रिक्शा से टकराने की दुर्घटना में एक ही परिवार के चार सदस्यों समेत पांच लोगों की मौत हो गई और सात अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों में चार वयस्क और एक बच्चा शामिल हैं।

### अब डायग्नोस्टिक एक्सरसाइज से मापा जाएगा बच्चों का गणित-हिंदी का ज्ञान

**भिवानी।** अब शिक्षा विभाग डाइग्नोस्टिक एक्सरसाइज (परीक्षा नहीं) के जरिए दूसरी व तीसरी क्लास के बच्चों का गणित व हिंदी भाषा का ज्ञान मापेंगे। विभाग की दो दिन की डायग्नोस्टिक एक्सरसाइज 15 व 16 सितम्बर को होगी। शिक्षा विभाग ने सभी स्कूल मुखियाओं को इस बारे में दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। शिक्षा विभाग ने कहा कि 15 सितम्बर को हिंदी भाषा में शब्द,वाक्य, एवं अनुच्छेद, पठन, निपुण आदि के आधार पर बच्चों से प्रशन पूछे जाएंगे।

### ऑनलाइन-मनी बेस्ड खेलों पर लगाए बैन को चुनौती

**बेंगलुरु।** भारत की एक ऑनलाइन गेमिंग कंपनी ए 23 ने गुरुवार को मोदी सरकार की ऑनलाइन-मनी



बेस्ड खेलों पर लगाए गए बैन को चुनौती देते हुए कर्नाटक हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से हस्ताक्षर करने के बाद इस कानून के खिलाफ कोर्ट में यह पहली याचिका दाखिल की गई है।

### मराठा आरक्षण कार्यकर्ता की हार्ट अटैक से मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे जिले के जुन्नार के निकट मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे के 40




वर्षीय एक समर्थक की बृहस्पतिवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। जरांगे और उनके समर्थक आरक्षण के मुद्दे पर प्रदर्शन करने के लिए मुंबई की ओर कूच कर रहे हैं।

## सीएम योगी आदित्यनाथ को सौंपी गई संभल हिंसा की रिपोर्ट

# दहशत के चलते संभल में तेजी से घटी हिंदुओं की संख्या, 45 प्रतिशत थे अब 15 प्रतिशत बचे

### साढ़े 4 सौ पन्नों की रिपोर्ट में 24 नवंबर की हिंसा का जिक्र नहीं, ऐतिहासिक दंगों की दी विस्तार से जानकारी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संभल जिले में बीते वर्ष में हुई हिंसा के संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लगभग 450 पृष्ठों की एक रिपोर्ट सौंपी गई है। इस रिपोर्ट में न केवल 24 नवंबर को हुई हिंसा का जिक्र है, बल्कि संभल के इतिहास में हुए दंगों की संख्या और उन दंगों के दौरान क्या-क्या हुआ, इसका भी विवरण दिया गया है। रिपोर्ट पहले राज्य कैबिनेट के समक्ष पेश की जाएगी। कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद आगामी विधानसभा सत्र के दौरान इसे सदन में रखा जाएगा। विस्तृत रिपोर्ट में संभल में हिंदुओं की घटती आबादी का कारण भी बताया गया है और दंगों की साजिशों का भी जिक्र है। 24 नवंबर 2024 को संभल की मस्जिद में सर्वे करने के दौरान हिंसा हुई थी। इस हिंसा की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया गया था। संभल में हिंसा पर न्यायिक जांत रिपोर्ट में जनसांख्यिकीय परिवर्तन का भी जिक्र है, जहां कभी यहां की 45 प्रतिशत आबादी हिंदू थी, लेकिन यह घटकर 15 से 20 प्रतिशत रह गई है। बता दें कि संभल में पिछले साल जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गई थी। इसमें 4 लोगों की जान गई थी। 29 नवंबर, 2024 को यूपी सरकार ने हिंसा की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया था। इसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस देवेंद्र कुमार अरोड़ा, रिटायर्ड आईएएस अमित मोहन और रिटायर्ड आईपीएस अरविंद कुमार जैन शामिल थे। माना जा रहा है कि रिपोर्ट में बाबर के दमन के साक्ष्य के साथ डेमोग्राफिक बदलाव, दंगे और आतंकी नेटवर्क पर बड़ा खुलासा किया गया है। रिपोर्ट को बेहद गोपनीय बताया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपी गई रिपोर्ट में संभल जनपद को लेकर कई गंभीर और चौंकाने वाले तथ्य दर्ज हैं। इस रिपोर्ट से बड़े मामले सामने आएंगे।

- 1947 में संभल नगर पालिका क्षेत्र में हिंदू 45% और मुस्लिम 55% थे
- अब हिंदू घटकर सिर्फ 15% रह गए, मुस्लिम आबादी 85% तक पहुंच गई



### हिंसा में विदेशी हथियार का प्रयोग

रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि सम्भल में 1947, 1948, 1953, 1958, 1962, 1976, 1978, 1980, 1990, 1992, 1995, 2001, 2019 में दंगे हुए। जो आजादी के बाद से अबतक 15 हैं। वहीं यह भी कहा गया है कि संभल कई सारे आतंकवादी संगठनों का अड्डा बन चुका है। इसके अलावा संभल दंगों में विदेशी हथियार का प्रयोग किया गया था।

### रिपोर्ट में क्या-क्या कहा गया?

- रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया हरिहर मंदिर पर बाबर काल के साक्ष्य मिले हैं
- हरिहर मंदिर की नींव में बाबरी काल के प्रमाण मिले हैं
- जिस पर ऐतिहासिक विवाद फिर गहरा सकता है
- डेमोग्राफिक बदलाव का बड़ा सच
- तुष्टिकरण, योजनाबद्ध दंगे और डर का माहौल इस बदलाव की प्रमुख वजहें मानी गई हैं
- दंगों की पूरी श्रृंखला का ब्योरा
- रिपोर्ट में 1947 से 2019 तक 15 बड़े दंगों का दस्तावेजी विवरण
- दंगों में सबसे अधिक नुकसान हिंदू समुदाय को हुआ

### हिंसा पूर्वनियोजित थीः रिपोर्ट

सूत्रों के हवाले से संभल हिंसा जांच कमेटी की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है कि 24 नवंबर 2024 की हिंसा पूर्वनियोजित और षड्यंत्र का नतीजा थी। नमाजियों को उकसाने के लिए सांसद जिया-उर-रहमान बर्क ने कहा था कि हम इस देश के मालिक हैं। सांसद जिया-उर-रहमान बर्क, विधायक के पुत्र सुहैल इकबाल और इंतेजामिया कमेटी के पदाधिकारी मुख्य भूमिका में थे। आरोप है कि संभल जामा मस्जिदकी इंतेजामिया कमेटी ने मिलकर साजिश रची। 22 नवंबर को नमाजियों को संबोधित करते हुए सांसद जिया-उर-रहमान बर्क ने भड़काऊ भाषण दिया था। उन्होंने कहा था कि हम पुलिस प्रशासन सरकार से दबने वाले थोड़ी हैं, अरे हम इस देश के मालिक है नौकर, गुलाम नहीं हैं'। मैं खुले रूप से कह रहा हूं कि मस्जिद थी, मस्जिद है, इंशा-अल्ला मस्जिद रहेगी कयामत तक। जिस तरह अयोध्या में हमारी मस्जिद ले ली गई, वैसा यहां नहीं होने देंगे।

### सर्वे की बात कैसे हुई थी लीक

रिपोर्ट में कहा गया है कि 24 नवंबर को हुए दंगे पर साजिशकर्ता को ये पता था कि वहां सर्वे होना है। संभवतः वहीं से सर्वे की बात लीक हुई और भीड़ जुटी। वहां अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों का जखीरा भी था। रिपोर्ट में पिछले दंगों की तिथियां, उनमें हुई जनहानि, प्रशासनिक कार्रवाई और उसके बाद की स्थिति का भी पूरा विवरण शामिल किया गया है। प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं गृह विभाग संजय प्रसाद ने बताया कि संभल में हिंसा की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय समिति ने आज मुख्यमंत्री को सौंप दी।

## 2021 से ख़ाली हैं जम्मू कश्मीर से राज्यसभा की 4 सीटें

# कानून मंत्रालय की स्टेगर्ड टर्म्स के लिए चुनाव आयोग को ना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर की 4 राज्यसभा सीटें फरवरी 2021 से रिक्त पड़ी हैं। चुनाव आयोग ने केंद्र से अनुरोध किया था कि राष्ट्रपति द्वारा सभी चार रिक्त पड़ी राज्यसभा सीटों का कार्यकाल अलग-अलग यानी 'स्टेगर्ड टर्म्स' के लिए निर्धारित कर दिया जाए ताकि हर दो साल में क्रमशः एक सीट खाली हो और नया चुनाव हो सके।

लेकिन कानून और न्याय मंत्रालय ने यह मांग ठुकरा दी है। मंत्रालय ने आयोग से स्पष्ट कहा कि संविधान और मौजूदा कानूनों में ऐसी व्यवस्था की कोई अनुमति नहीं है। आयोग ने कहा था कि संविधान का उद्देश्य राज्यसभा को "स्थायी सदन" बनाना है, जहाँ हर दो साल में एक-तिहाई सदस्य बदलते रहें। चूंकि जम्मू-कश्मीर में चारों सीटें एक साथ खाली हुई हैं, इस चक्र में असमानता आ गई है। इसलिए राष्ट्रपति आदेश से टर्म्स अलग-अलग कर दिए जाएं। कानून मंत्रालय ने कहा कि इस तरह की मांग का कोई कानूनी आधार नहीं है। यदि राष्ट्रपति आदेश से एक बार टर्म बदल दिया गया तो वही नियम अन्य राज्यों में भी लागू करना होगा, जहाँ अतीत में ऐसी स्थिति बनी थी (जैसे पंजाब और दिल्ली)। ऐसा करना संविधान संशोधन के बिना संभव नहीं। जम्मू कश्मीर की नई विधानसभा में कुल 90 निर्वाचित सदस्य और 5 नामित सदस्य हैं। इनमें नेशनल कॉन्फ्रेंस 34 विधायक हैं जबकि कांग्रेस के 17, भारतीय जनता पार्टी के 22, अन्य व निर्दलीय– 17 विधायक हैं। राज्यसभा चुनाव में मतदान केवल निर्वाचित विधायक करते हैं। इस लिहाज़ से नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन के पास 51 विधायकों की संख्या है जो बहुमत से काफी अधिक है। इस समीकरण में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस को राज्यसभा की 3 सीटें मिलना लगभग तय माना जा रहा है। चौथी सीट के लिए भाजपा और नेशनल कांफ्रेंस-कांग्रेस के बीच टक्कर होगी। यदि गठबंधन निर्दलीयों को साथ ले आया, तो चारों सीटें उसके खाते में जा सकती हैं। भाजपा की झोली ख़ाली रह सकती है।

नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस ने कहा कि कानून मंत्रालय का फैसला सही है और इससे जम्मू-कश्मीर की जनता की आवाज़ राज्यसभा में दोबारा सुनी जाएगी।भाजपा नेताओं ने आयोग की मांग को "तर्कसंगत" बताते हुए कहा कि एक साथ चुनाव से विपक्ष को अनुचित लाभ मिलेगा।

### 1990 के दशक में इसी तरह की स्थिति बनी

विशेषज्ञों का मानना है कि जम्मू-कश्मीर का मामला पहला नहीं है। इससे पहले भी पंजाब और दिल्ली में राष्ट्रपति शासन और आपातकाल के दौर में राज्यसभा सीटें एक साथ खाली हुई थीं। पंजाब में आपातकाल के दौरान विधानसभा भंग हो जाने से राज्यसभा सीटों के कार्यकाल एकसाथ खत्म हुए। दिल्ली में 1990 के दशक में इसी तरह की स्थिति बनी थी। लेकिन तब भी कभी टर्म्स को स्टैगर करने का आदेश नहीं दिया गया। सभी सीटों पर एक साथ चुनाव कराए गए और नए सदस्यों का कार्यकाल एक ही तारीख से शुरू माना गया। यही परंपरा अब जम्मू-कश्मीर में भी अपनाई जाएगी।

## एसआईआर पर ममता ने बोला हमला

# जब तक मैं जिंदा हूं... पश्चिम बंगाल में नहीं छिनेगा मताधिकार

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने गुरुवार को कहा कि वह किसी को भी लोगों का मताधिकार नहीं छीनने देंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बंगालियों पर भाषाई आतंक फैला रही है। कोलकाता में टीएमसी की छात्र शाखा की एक रैली को संबोधित करते हुए, बेनर्जी ने दावा किया कि भाजपा ने मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने के उद्देश्य से सर्वेक्षण करने के लिए देश भर से 500 से ज्यादा टीमें पश्चिम बंगाल में



तैनात की हैं। मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने रैली में कहा, आपको खुद जांच करनी चाहिए कि आपका नाम अभी भी मतदाता सूची में है या कट गया है... आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आपके पास आधार कार्ड हैं। सीएम ममता ने आगे कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं, किसी को भी लोगों का मताधिकार नहीं छीनने दूंगी।

## ·नड्डा ने घोर निंदनीय और भर्त्सनीय बताया, शाह ने लोकतंत्र को भी कलंकित करने का कृत्य बताया

# पीएम मोदी की दिवंगत माता के लिए अपशब्दों के इस्तेमाल पर भाजपा ने राहुल को आड़े हाथ लिया

*नड्डा ने कहा - यह अभद्रता की सारी सीमा लांघ चुके*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने बिहार के दरभंगा में कांग्रेस के एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करने को लेकर राहुल गांधी की कड़ी आलोचना की है। भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने वीडियो जारी कर कांग्रेस और राजद पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तथाकथित वोट अधिकार यात्रा में जिस तरह से कांग्रेस-आरजेडी के मंच से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत माता जी को गाली दी गई, वह घोर निंदनीय और भर्त्सनीय है।

गौरतलब है कि एक वायरल वीडियो में कोई व्यक्ति मंच के माइक का इस्तेमाल करके मोदी की





दिवंगत माँ के बारे में गालियाँ दे रहा है। यह कार्यक्रम कांग्रेस के नेतृत्व वाली 'मतदाता अधिकार यात्रा' का हिस्सा था, और मंच पर राहुल, प्रियंका गांधी वाड्रा और राजद के तेजस्वी यादव के पोस्टर लगे थे। अब भाजपा की ओर से इसे बड़ा मुद्दा बना लिया गया है। नड्डा ने कहा कि यह अभद्रता की सारी सीमा लांघ चुके दो शहजादों का बिहार की धरती पर बिहार की संस्कृति का तिरस्कार भी है। राहुल गाँधी और तेजस्वी यादव को अविलंब इस कुकृत्य के लिए अविलंब माफी मांगनी चाहिए। गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लंबे पोस्ट में लिखा कि बिहार के दरभंगा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी स्वर्गीय माताजी के लिए कांग्रेस और आरजेडी के मंच से जिस प्रकार गालियों से भरी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है, वह न केवल निंदनीय है, बल्कि हमारे लोकतंत्र को भी कलंकित करने वाला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की राजनीति अपने निम्न स्तर पर आ पहुँची है। उनको यह बर्दाश्त नहीं हो पा रहा है कि कैसे एक गरीब माँ का बेटा बीते 11 वर्षों से प्रधानमंत्री पद पर बैठा हुआ है और अपने नेतृत्व में देश को निरंतर आगे ले जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह साफ दर्शाता है कि कांग्रेस पार्टी अपने उस चाल-चरित्र में वापस लौट आई है, जिसके माध्यम से उसने हमेशा देश की राजनीतिक संस्कृति में जहर घोलने का काम किया। गुजरात के मुख्यमंत्री काल से लेकर आज तक गांधी परिवार ने मोदी जी के खिलाफ नफरत फैलाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। परंतु अब तो इन्होंने मर्यादा की सारी सीमाएँ लांघ दी हैं। यह हर माँ का, हर बेटे का अपमान है, जिसके लिए 140 करोड़ देशवासी उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की स्वर्गीय माता जी के लिए जिस तरह की भाषा का प्रयोग किया गया, वह कांग्रेस और राजद के नैतिक पतन को दर्शाता है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की यात्रा के मंच से ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करना केवल शर्मनाक ही नहीं, बल्कि राजनीति के पतन की पराकाष्ठा है। माँ सदा पूजनीय होती है। भारतीय संस्कृति में माँ को भगवान से भी ऊँचा दर्जा दिया गया है। माँ का अपमान करना केवल व्यक्तिगत आघात नहीं है, बल्कि पूरे समाज की मर्यादाओं पर चोट है। परंतु, आंखों पर नफ़रत की पट्टी बाँध लेने के कारण इन नेताओं को अब न अच्छाई दिखाई देती है।

*धर्मों के लोगों के बीच भूमि लेनदेन के लिए एसओपी*

# असम में हिंदू अब सीधे मुस्लिम को नहीं बेच पाएंगे खुद की जमीन

एजेंसी ▶▶ दिसपुर

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने घोषणा की कि असम मंत्रिमंडल ने विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच भूमि लेनदेन के लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू की है। नए नियमों के तहत यदि कोई हिंदू किसी मुस्लिम को, कोई मुस्लिम किसी हिंदू को, या कोई अन्य धर्म जैसे ईसाई, बौद्ध या जैन धर्म के व्यक्ति को जमीन बेचता है, तो इसे 'अंतर-धार्मिक लेनदेन' माना जाएगा और इसे विस्तृत सत्यापन प्रक्रिया से गुजरना होगा। कैबिनेट बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में सीएम सरमा ने कहा कि असम जैसे संवेदनशील राज्य में दो धार्मिक समूहों के बीच भूमि हस्तांतरण को बहुत सावधानी से संभालने की जरूरत है। इसलिए यह एसओपी बनाई गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह एसओपी केवल 'अंतर-धार्मिक लेनदेन' के लिए लागू होगी।

### एनजीओ पर भी नजर

मुख्यमंत्री सरमा ने स्पष्ट किया कि यदि असम के बाहर के एनजीओ राज्य में जमीन खरीदना चाहेंगे, तो उन्हें भी इस प्रक्रिया का पालन करना होगा। उन्होंने कहा, हमने



देखा है कि केरल जैसे कई बाहरी एनजीओ जमीन खरीदकर संस्थान स्थापित करते हैं, जो भविष्य में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं। ऐसे एनजीओ को इस प्रक्रिया से गुजरना होगा। हालांकि, असम में पंजीकृत एनजीओ को इन अतिरिक्त जांचों से छूट मिलेगी। जांचों के बाद विशेष शाखा अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इसके बाद डीसी अंतिम निर्णय लेगा कि लेनदेन को मंजूरी दी जाए या नहीं। यदि डीसी की ओर से मंजूरी मिलती है, तो जमीन दूसरे पक्ष के नाम पर हस्तांतरित हो जाएगी।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | नाबार्ड-आरआईडीएफ-XXX स्कीम के तहत यमुनानगर जिले में बिचपड़ी से नवाजपुर वाया लक्कड़माई प्रताप पुर (आईडी 678) कि.मी. 0.00 से 6.95 तक रोड का सुधार। | 22.08.2025 04.09.2025 | 724.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में (सी.एम. घोषणा के तहत) करनाल जिले में इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में (सी.एम. घोषणा कोड नं. 27991 दिनांक 23.12.2024) अग्रलिखित के प्रावधान द्वारा 3 अदद रोड के सुधार का कार्य (1) धनौरा से सेखुपुरा एप रोड (रोड आईडी-7213) पर कि.मी. 2.150 में डब्ल्यू बीएम + 50 मिमी बीएम + 20 मिमी पीसी और सीसीबी को पुनः बिछाकर मजबूतीकरण (सी.एम. घोषणा कोड 27986 दिनांक 23.12.2024) (2) कुंजपुरा से मुगल माजरा (रोड आईडी-7230) पर लम्बाई कि.मी. 3.500 पर डब्ल्यू बीएम + 50 मिमी बीएम + 20 मिमी पीसी और सीसीबी को पुनः बिछाकर मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण (3) नाथौरी से कालरी जागिर रोड (रोड आईडी-11342) पर कि.मी. 0.00 से 2.210 में डब्ल्यू बीएम + 50 मिमी बीएम + 20 मिमी पीसी सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण (सी.एम. घोषणा कोड 27978 दिनांक 23.12.2024)। | 21.08.2025 01.09.2025 | 367.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में पलवल में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम के परिसर में 2 अदद चेंजिंग रूम और शौचालय, नई चारदिवारी, ट्रैकिंग पथ, फाउंटेन, गार्ड रूम, स्टेच्यू प्लेटफॉर्म, सेल्फी प्वाइंट, सिटिंग स्टेप्स, पी/एफ स्टेच्यू और कोर्ट्स फैंसिंग का निर्माण (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 29.08.2025 | 266.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज रोहतक | वीकेसी गांव व डा. जसिया के निकट हॉल का निर्माण + 1 कार्य। | 25.08.2025 01.09.2025 | 119.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01262-254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 5 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में डीजल जनरेटर (डीजी) सैट्स समेत वैद्युत, अग्निशमन सेवाओं के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा। | 28.08.2025 12.09.2025 | ईएमडी 5.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 6 | सिविल हस्पताल फरीदाबाद | जिला सिविल हस्पताल फरीदाबाद में गैसेज (मैनीफोल्ड) की आपूर्ति। | 29.08.2025 13.09.2025 | 4.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1294017001 civilhospitalfbd@gmail.com |
| 7 | सिविल हस्पताल फरीदाबाद | जिला सिविल हस्पताल, फरीदाबाद में खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति। | 28.08.2025 13.09.2025 | 0.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1294017001 civilhospitalfbd@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/160/38104/I/88/7 दि. 28.08.25

## रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 87.63 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपया बृहस्पतिवार को छह पैसे की बढ़त के साथ 87.63 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारतीय उत्पादों पर बुधवार से लागू अतिरिक्त अमेरिकी शुल्क को लेकर चिंता और घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट ने स्थानीय मुद्रा में बढ़त को सीमित कर दिया। अमेरिकी सरकार ने कुछ क्षेत्रों को छोड़कर भारतीय निर्यात पर कुल 50 प्रतिशत शुल्क लगाया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 87.56 पर खुला।

# दोपहिया वाहन चालकों के लिए छोटी कारों का विकल्प लेकर आना जरूरी: मारुति चेयरमैन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर. सी. भार्गव ने बृहस्पतिवार को कहा कि निचले तबके के उपभोक्ताओं को जोखिम भरे दोपहिया वाहनों की जगह यात्री कारों का विकल्प देने के लिए कम कर स्लैब वाली छोटी कारें पेश करने की जरूरत है।

■ कारों की कीमतें बढ़ जाने से कई लोग अब इन्हें खरीद नहीं पा रहे

भार्गव ने यहां कंपनी की 44वीं वार्षिक आम बैठक में कहा कि शुरुआती स्तर पर पेश की जाने वाली कारों की कीमतें बढ़ जाने से कई लोग अब इन्हें खरीद नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा, /"आज बहुत सारे लोग दोपहिया वाहन से यात्रा करते हैं। ये वाहन जोखिम से भरपूर होते हैं और पूरी तरह आरामदायक भी नहीं होते। इसलिए स्कूटर चलाने वालों के लिए हमें ऐसी छोटी कारें लाने पर विचार करना चाहिए।/"

### भार्गव ने कहा, कम कर स्लैब वाली कारों की जरूरत

#### जापान ने ऐसी कारें पेश कर समस्या का समाधान किया

भार्गव ने कहा कि 1950 के दशक में जापान ने केई कारें पेशकर इसी तरह की समस्या का समाधान किया था। उन्होंने कहा कि ये कारें छोटी होती हैं, इनमें सुरक्षा नियम कम होते हैं और इन पर अन्य कारों की तुलना में कर भी कम लगता है। छोटी कारों की कीमतों में वृद्धि के कारणों पर विस्तार से बताते हुए भार्गव ने कहा कि वित्त वर्ष 2018-19 में यह निर्णय लिया गया था कि भारत में यूरोपीय सुरक्षा एवं उत्सर्जन मानकों को लागू किया जाना चाहिए।




*अधिक कीमत की कार खरीदने में असमर्थ : चेयरमैन ने कहा, "यही कारण है कि छोटी कारों की बिक्री में गिरावट आई और फिर कार उद्योग में समग्र नरमी देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि निचले तबके के कई लोग, जो दोपहिया वाहन खरीद रहे हैं और उनका उपयोग कर रहे हैं, वे अधिक कीमत वाली सुरक्षित कारें खरीदने में असमर्थ हैं।*

#### सुरक्षा की दृष्टि से दोपहिया वाहन जोखिम भरे

भार्गव ने कहा, /"हमारा मानना है कि हमें इस स्थिति को इस तरह संतुलित करने की जरूरत है कि दोपहिया वाहन चलाने वाले लोग सुरक्षित कारों की तरफ जा सकें, क्योंकि सुरक्षा की दृष्टि से दोपहिया वाहन सबसे अधिक जोखिम भरे होते हैं।/" उन्होंने कहा कि छोटी कार खंड के पुनरुद्धार से कार उद्योग की समग्र वृद्धि तेजी से हो सकती है।

#### अमेरिकी धौंस के खिलाफ डटे रहने की जरूरत: भार्गव



भार्गव ने कहा कि देश को शुल्क के मामले में अमेरिका की धौंस के आगे झुकना नहीं चाहिए। देश को अपनी गरिमा बनाए रखनी चाहिए और एकजुट होना चाहिए। भार्गव ने अमेरिकी शुल्क के कारण हाल के महीनों में वैश्विक अनिश्चितता के बारे में बात की। भार्गव ने कहा, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई मायनों में देशों को अपनी पारंपरिक नीतियों एवं संबंधों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर किया है।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी की रिपोर्ट

# विनिर्माण के दम पर जुलाई में औद्योगिक उत्पादन चार महीनों के उच्चतम स्तर 3.5 प्रतिशत पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विनिर्माण क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण इस साल जुलाई में देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर चार महीने के उच्चतम स्तर 3.5 प्रतिशत पर पहुंच गई। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। देश के औद्योगिक उत्पादन ने इससे पहले मार्च 2025 में 3.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन जुलाई, 2024 में पांच प्रतिशत बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जून के अपने संशोधित आंकड़ों में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर को पिछले महीने के अस्थायी अनुमानों की तरह 1.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा।

**इससे पहले मार्च 2025 में 3.9 फीसदी की वृद्धि दर्ज की थी**

**खनन उत्पादन में 7.2 प्रतिशत की गिरावट आई**

**इसमें कच्चे माल और टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का योगदान रहा**

#### बिजली उत्पादन में मामूली बढ़ोतरी

नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि दर जुलाई 2025 में बढ़कर 5.4 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 4.7 प्रतिशत थी। खनन उत्पादन में 7.2 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसमें 3.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। पिछले महीने बिजली उत्पादन में मामूली 0.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 7.9 प्रतिशत थी।

#### पूंजीगत वस्तु खंड में गिरावट

उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार, पूंजीगत वस्तु खंड की वृद्धि जुलाई में घटकर पांच प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 11.7 प्रतिशत थी। टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं की वृद्धि समीक्षाधीन महीने में सुस्त पड़कर 7.7 प्रतिशत रह गई जबकि साल भर पहले की समान अवधि में यह 8.2 प्रतिशत थी।



#### पिछला उच्चतम स्तर जनवरी 2025 में रहा

इन आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, /"विनिर्माण उत्पादन में वृद्धि जून 2025 के 3.7 प्रतिशत से उत्साहजनक रूप से बढ़कर जुलाई 2025 में छह महीने के उच्चतम स्तर 5.4 प्रतिशत पर पहुंच गई। इसमें निर्माण से जुड़े कच्चे माल और टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का योगदान रहा।/" विनिर्माण क्षेत्र में पिछला उच्चतम स्तर जनवरी 2025 में 5.8 प्रतिशत दर्ज किया गया था।

#### 23 में से 14 उद्योगों में सकारात्मक वृद्धि

नायर ने कहा, /"पिछले कुछ हफ्तों में कुछ क्षेत्रों में हुई भारी बारिश के साथ विवेकाधीन खरीदारी में इस स्थगन के कारण अगस्त 2025 में आईआईपी वृद्धि तीन प्रतिशत से कम रह सकती है।/" विनिर्माण क्षेत्र में 23 में से 14 उद्योग समूहों ने जुलाई 2025 में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है।

#### गैर-टिकाऊ वस्तुओं के उत्पादन में मामूली वृद्धि

*जुलाई में उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं के उत्पादन में 0.5 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एक साल पहले इसमें 4.2 प्रतिशत की गिरावट आई थी। बुनियादी ढांचा एवं निर्माण क्षेत्र में जुलाई के दौरान 11.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 5.5 प्रतिशत थी।*

#### प्राथमिक वस्तुओं को उत्पादन में गिरावट आई

*आंकड़ों से यह भी पता चला है कि प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में जुलाई में 1.7 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। मध्यवर्ती वस्तुओं के क्षेत्र में विस्तार आलोच्य महीने में 5.8 प्रतिशत रहा, जबकि एक वर्ष पूर्व इसी महीने में यह सात प्रतिशत था।*

## अदाणी समूह की आय 90,000 करोड़ रुपए के पार पहुंची

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह ने जून तक पिछले 12 महीने में 90,572 करोड़ रुपये की अभी तक की सर्वाधिक कर पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) दर्ज की है। समूह ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि प्रमुख बुनियादी ढांचे और स्वच्छ ऊर्जा व्यवसायों में मजबूत प्रदर्शन के साथ-साथ उभरते हवाई अड्डा खंड का योगदान इसमें सबसे अधिक रहा। बयान के अनुसार, जुलाई 2024 से जून 2025 की अवधि में कर पूर्व आय(ईबीआईटीडीए) 90,572 करोड़ रुपये रही जो जून 2024 को समाप्त होने वाले पिछले 12 महीने में दर्ज 85,502 करोड़ रुपये से अधिक है।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, **Suman Malhotra W/o Sh. Chander Kamal Malhotra R/o House No. 8, Ashoka Crescent Road, DLF Phase-I, Gurgaon, Haryana,** am the owner of **DDA Shop No. 4, LSC at Anand Niketan, New Delhi,** vide File No.F.26(2)76/IMPL. I lost/misplaced my **Original Possession Letter, Original Possession Slip and NOC for water and electricity** of the above said shop. An FIR to this effect has been lodged in Police Station, vide LR No. 3134605/2025 dt. 21/08/2025. Any person claiming any right, interest having any objection may write/contact with above named person at above address/phone No.9873765471 within 15 days from the date of publication of this notice and can personally inform or write to Dy. Director (CE), or Asstt, Director (CE), -Block-A, Second Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

**NOTICE**

I, Mahabir Mahato S/o Sh. Maheshwar mahato R/o Kh. No. 523, F/F, Chaupal Chowk, Mahipalpur, Delhi-37 declare that mine and my minor daughter's name has been wrongly written as Mahavir Mahto and Seema Mahto in her school records but mine and my minor daughter's correct name is Mahabir Mahato and Seema mahato which may be amended accordingly.

**उत्तर रेलवे**

**ई–खुली निविदा सूचना**

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 19.09.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्रम सं | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| ए | सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–I के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/ट्रांजिट कैंप के कार्य क्षेत्र में स्टेट एंट्री रोड पर यातायात लेखा भवन का सुधार कार्य और सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–I के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/पहाड़ गंज के कार्य क्षेत्र मे ब्लॉक संख्या 189 के पीछे की ओर सीएचआई/बसंत लेन कार्यालय का निर्माण कार्य हेतु। | रुपये 7782196.31 | रुपये 155700.00 | 06 महीने |

निविदा दिनांक 19.09.2025 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।
**पत्र सं. 128-डब्लयू/269/खुली निविदा सूचना/टेंडर नं:23/25–26/डब्ल्यू–ई**
**दिनांक : 28.08.2025** **2612/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत की राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु एक पैकेट खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. | **कार्य का विवरण और स्थान** : आईओएच/पीओएच के दौरान कार्य अनुसूची के अनुसार ट्रैक मशीनों के कैंप कोचों की मरम्मत का कार्य। |
| 2. | **कार्य समाप्त अवधि** : 06 महीने |
| 3. | **अनुमानित लागत** : रुपये 54,93,058.41 |
| 4. | **धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा)** : रु. 1,09,900.00 |
| 5. | **निविदा पत्र का मूल्य (ऑनलाइन जमा)** : रु. शून्य |
| 6. | **निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय** : निविदा प्रपत्र दिनांक 28.08.2025 से दिनांक 19.09.2025 तक सायंकाल 15:00 बजे तक रेल वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 19.09.2025 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद खुलेगी। |
| 7. | **निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण** : इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 05.09.2025 से दिनांक 19.09.2025 तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्त निविदा प्रपत्र में दी गयी हैं। |

**सं.: 1-डब्ल्यू-उ.मु.अभि.-टी.एम.सी. ला.-सीसी-10-25-26** **2611/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

## टैरिफ से देश का हीरा पॉलिश उद्योग होगा प्रभावित

**मुंबई।** अमेरिका के भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाए जाने के कारण देश के प्राकृतिक हीरा पॉलिश उद्योग का चालू वित्त वर्ष में राजस्व 28 से 30 प्रतिशत कम होकर 12.50 अरब डॉलर तक आने का अनुमान है। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रूसी तेल की खरीद के लिए भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क बुधवार से प्रभावी हो गया। भारत पर अमेरिका द्वारा लगाया गया कुल शुल्क अब 50 प्रतिशत हो गया है। क्रिसिल रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान भारत में प्राकृतिक हीरा पॉलिश उद्योग का राजस्व लगभग 16 अरब डॉलर था। पिछले तीन वित्त वर्षों में प्राकृतिक हीरों की कीमतों और बिक्री की मात्रा में 40 प्रतिशत की गिरावट के बाद यह झटका आया है, क्योंकि अमेरिका और चीन में मांग कम हो गई है और प्रयोगशाला में विकसित हीरों से प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट में कहा गया कि इस हफ्ते से लागू हुए 50 प्रतिशत शुल्क की वजह से अमेरिका को निर्यात करना मुश्किल हो गया है।

## सोने में 300 रुपये की तेजी, चांदी स्थिर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 300 रुपये बढ़कर 1,01,570 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। कमजोर डॉलर, फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कमी की उम्मीद और शुल्क घटनाक्रमों ने कीमतों में उतार-चढ़ाव को बढ़ावा दिया है। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,01,270 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 200 रुपये बढ़कर 1,01,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। बुधवार को यह 1,00,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

## अमेरिकी शुल्क के दबाव में सेंसेक्स 706 अंक लुढ़का

**मुंबई।** अमेरिका में भारतीय उत्पादों के आयात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लागू हो जाने के अगले दिन बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तगड़ी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 706 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 211 अंकों की गिरावट रही। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी शुल्क वृद्धि के अलावा विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करने का काम किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाया गया अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क बुधवार को लागू हो गया। इसके साथ ही भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका में कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 705.97 अंक गिरकर 80,080.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 773.52 अंक गिरकर 80,013.02 पर आ गया था। निफ्टी 211.15 अंक गिरकर 24,500.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एचसीएल टेक, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

## उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल पर भारी वर्षा के कारण रेल यातायात प्रभावित, रेल सेवाएं रद्द रहेगी

उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल पर भारी वर्षा से कठुआ-माधोपुर पंजाब स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या 17 पर तकनी की समस्या के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकिरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर निम्न रेल सेवाएंप्र् रभावित रहेगी:-

### रद्द रेल सेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से)

1.गाडी संख्या 14661, बाडमेर-जम्मूतवी रेल सेवा दिनांक 29.08.25 को रद्द रहेगी।
2.गाडी संख्या 14662, जम्मूतवी-बाडमेर रेल सेवा दिनांक 29.08.25 को रद्द रहेगी।
3.गाडी संख्या 14803, भगत की कोठी-जम्मूतवी रेल सेवा दिनांक 29.08.25 को रद्द रहेगी।
4. गाडी संख्या 14804, जम्मूतवी-भगत की कोठी रेलसेवा दिनांक 29.08.25 को रद्द रहेगी।
5. गाडीसंख्या 12413, अजमेर-जम्मूतवीरेलसेवादिनांक 29.08.25 को रद्द रहेगी।
6. गाडीसंख्या 12414, जम्मूतवी-अजमेररेलसेवादिनांक 29.08.25 को रद्द रहेगी।
7. गाडीसंख्या 19223, साबरमती-जम्मूतवीरेलसेवादिनांक 29.08.25 को रद्द रहेगी।

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें।

**तुला** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मैट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज



## आईईईई जूट ने किया कार्यशाला का आयोजन

**नई दिल्ली।** आईईईई जूट छात्र शाखा ने **IEEE R**10 शिक्षा गतिविधियों और **IEEE** दिल्ली अनुभाग के सहयोग से, 19 से 23 अगस्त, 2025 तक जेपी सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाकनाघाट में संवर्धित वास्तविकता (**AR**) विकास पर एक कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। डॉ. विकास बघेल, **ECE**, **JUIT** संसाधन व्यक्ति थे। कार्यशाला में विभिन्न विषयों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो इमर्सिव तकनीकों के तेजी से बढ़ते क्षेत्र का पता लगाने के लिए उत्सुक थे। पांच दिवसीय कार्यक्रम ने सिद्धांत और व्यावहारिक अभ्यास का एक आदर्श संतुलन प्रदान किया, जिससे प्रतिभागियों को **AR** उपकरणों, रूपरेखाओं और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों में कौशल विकसित करने में मदद मिली।

## विल्मर ने हिस्सेदारी खरीदने सीसीआई से मंजूरी मांगी

नई दिल्ली। विल्मर इंटरनेशनल ने अपनी इकाई लेंस प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले अदाणी समूह से एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई से मंजूरी मांगी है। अदाणी समूह के एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस (पूर्व में अदाणी विल्मर लिमिटेड) में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) में दाखिल नोटिस के अनुसार, " अधिग्रहणकर्ता (लेंस प्राइवेट लिमिटेड) ने लक्ष्य (एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड) की चुकता शेयर पूंजी का अधिकतम 20 प्रतिशत और न्यूनतम 11 प्रतिशत अधिग्रहण करने का प्रस्ताव रखा है।"

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**


धारा **82Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **बन्टी,** पुत्रः हरजीत सिंह **पताः** मकान नः सी–86, डीडीए फ्लैट, जहांगीर पुरी, नार्थ–वेस्ट दिल्ली, दिल्ली, ने **FIR No.: 456/2021, U/s: 25/54/59 Arms Act, थानाः** केएन काटजू मार्ग, रोहिणी, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **बन्टी,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **बन्टी,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 456/2021, U/s: 25/54/59 Arms Act, थानाः** केएन काटजू मार्ग, रोहिणी, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **बन्टी,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांकः **25.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री हिमांशु सहलोथ, एलडी.**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03**
**उत्तर जिला, कमरा न. 213**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/11408/RD/2025**
**(Court Matter)**

## शब्द पहेली - 5972




**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

### शब्द पहेली -5971 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ला | म | त | ■ | म | हा | व | र | ■ |
| का | म | ■ | ही | र | ■ | म | सि | ■ | थ | ल |
| फी | ■ | शा | न | ■ | वं | ■ | ल | ब | ■ | क्ष्य |
| ■ | ■ | य | ■ | म | हा | न | ■ | र | ■ | ■ |
| ■ | फ | र | मा | न | ■ | र | स | खा | न | ■ |
| का | की | ■ | ल | ■ | ■ | ■ | न | ■ | र | ति |
| ■ | र | नि | वा | स | ■ | ह | म | द | म | ■ |
| ■ | ■ | य | ■ | र | ज | क | ■ | स्त | ■ | ■ |
| जा | ■ | म | जा | ■ | हां | ■ | श | क | ■ | का |
| न | शा | ■ | य | म | ■ | पा | प | ■ | सा | या |
| ■ | म | हा | का | ल | ■ | ल | थ | प | थ | ■ |



# बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप : सिंधु ने अंतिम 8 में बनाई जगह, वर्ल्ड नंबर-2 खिलाड़ी को दी मात

महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु पिछले काफी समय से अपने खराब फॉर्म के चलते आलोचना का सामना कर रही थी, पर उन्होंने वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में विश्व नंबर-2 की खिलाड़ी को मात देने के साथ अब महिला सिंगल्स के अंतिम 8 में अपनी जगह बना ली है।

## झी यी वांग को सीधे सेटों में हारकर महिला सिंगल्स में जगह की पक्की

एजेंसी ▸▸| पेरिस

बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में 28 अगस्त को भारत की स्टार बैडमिंटन प्लेयर पीवी सिंधु का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। पीवी सिंधु ने चीन की वर्ल्ड नंबर-2 खिलाड़ी झी यी वांग को सीधे सेटों में मात देने के साथ महिला सिंगल्स के अंतिम 8 में अपनी जगह को पक्की कर ली है।

सिंधु के लिए ये काफी बड़ी जीत भी है क्योंकि उन्होंने साल 2019 में इस खिताब को जीता था तो वहीं साल 2021 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्की करने में कामयाब हो पाई हैं।



### नहीं गंवाया एक भी सेट

बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में पीवी सिंधु के फॉर्म का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अब तक तीन मैच टूर्नामेंट में खेले हैं, जिसमें एक भी सेट में उन्हें मात नहीं मिली है। अब पीवी सिंधु 29 अगस्त को क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेलने उतरेंगी, जिसमें उनका सामना वर्ल्ड नंबर-9 रैंकिंग खिलाड़ी इंडोनेशिया की कुसुमा वर्दानी से होगा। कुसुमा का फॉर्म सिंधु के मुकाबले इस साल काफी देखने को मिला है, जिसमें उन्होंने जहां 27 मैच जीते हैं तो वहीं सिंधु सिर्फ 9 मुकाबलों में जीत हासिल करने में कामयाब हो पाई हैं।

## विश्व चैंपियनशिप में प्रणय का सफर खत्म



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय बड़ा उलटफेर करने के करीब पहुंचकर दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से हारकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो गए। दो साल पहले विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुके प्रणय को डेढ़ घंटे तक चले मुकाबले में 8-21, 21-17, 21-23 से पराजय झेलनी पड़ी। उन्होंने हार के बाद कहा,'मैंने आखिर में कुछ खराब शॉट्स खेले। मुझे थोड़ी ऊर्जा और रखनी चाहिए थी। आखिर में मैंने उसे आसान मौके दे दिए।' उन्होंने कहा,' मैच प्वाइंट गंवाना हमेशा अखरता है, खासकर बड़े टूर्नामेंटों में । एक मैच टूर्नामेंट की दिशा बदल सकता है। फॉर्म में चल रहे किसी खिलाड़ी को हराने से आत्मविश्वास बढ़ता है लेकिन हारने के बाद उलटा हो जाता है। मैं उस स्थिति में नहीं आना चाहता था।' प्रणय ने संकेत दिया कि कैरियर को लेकर कोई फैसला लेने से पहले वह एक विश्व चैंपियनशिप और खेलना चाहेंगे।

## खबर संक्षेप



### इंटर मियामी ने ओरलैंडो सिटी को हराया

**फोर्ट लॉडरडेल।** अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने वापसी के साथ दो गोल किए, जिसकी मदद से इंटर मियामी ने ओरलैंडो सिटी को 3-1 से हराकर लीग्स कप फाइनल में प्रवेश कर लिया। इंटर मियामी का सामना रविवार को एलए गैलेक्सी और सीएटल के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। हैमस्ट्रिंग चोट से उबर रहे मेस्सी ने दो सप्ताह में दूसरी बार वापसी की है। ओरलैंडो के लिए मार्को पासालिक ने एकमात्र गोल किया।

### क्वार्टर फाइनल नहीं खेल पाएंगे जुरेल और ईश्वरन



**बेंगलुरु।** मध्य क्षेत्र के कप्तान ध्रुव जुरेल और पूर्वी क्षेत्र के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन बुखार और ग्रोइन की चोट के कारण दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से बाहर रहेंगे। ईश्वरन के नहीं खेलने से पूर्वी क्षेत्र को करारा झटका लगा है, जिसका सामना पूर्वी क्षेत्र से होना है। तेज गेंदबाज आकाश दीप और विकेटकीपर ईशान किशन वैसे ही टीम में नहीं हैं। ईश्वरन के नहीं खेलने से असम के हरफनमौला रियान पराग को कप्तानी सौंपी गई है। समझा जाता है कि एशिया कप के लिए भारत के स्टैंडबाय खिलाड़ियों में शामिल जुरेल को कल चोट लगी और उन्हें मैच से बाहर रहने की सलाह दी गई है। उत्तर पूर्व के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आईपीएल खिताब दिलाने वाले रजत पाटीदार को मध्यक्षेत्र की कमान दी गई है। उत्तर क्षेत्र की टीम में कप्तान शुभमन गिल नहीं हैं, जो बुखार से उबर नहीं सके हैं। ऐसे में हरियाणा के अंकित कुमार कप्तानी कर रहे हैं।

### डीपीएल: प्लेआफ में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स



**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने वर्षाबाधित मैच में पुरानी दिल्ली 6 को आठ विकेट से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग के प्लेआफ में प्रवेश कर लिया। बारिश के कारण मैच सात ओवर प्रति टीम कर दिया गया था। आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर सुपरस्टार्स ने जीत दर्ज करके दो अंक अर्जित किए। जीत के लिए 134 रन के लक्ष्य के जवाब में तेजस्वी दहिया और अनमोल शर्मा ने अर्धशतक जमाए। दोनों ने 5.5 ओवर में 122 रन की साझेदारी की। तेजस्वी 21 गेंद में 69 रन बनाकर आउट हुए जबकि शर्मा ने 17 गेंद में नाबाद 56 रन बनाए। इससे पहले पुरानी दिल्ली 6 के लिए देव लाकड़ा ने 23 गेंद में नाबाद 85 और युग गुप्ता ने 14 गेंद में 38 रन बनाए।

## नोवाक ने चार सेट में जीता दूसरा मुकाबला

# 19वीं बार यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे जोकोविच, फेडरर को छोड़ा पीछे

एजेंसी ▸▸| न्यूयॉर्क

अमेरिका में जारी साल के आखिरी यूएस ओपन 2025 ग्रैंडस्लैम में सर्बिया के नोवाक जोकोविच कुछ खास रंग में नजर नहीं आ रहे हैं। बिना फॉर्म के भी जोकोविच ने पहले दो राउंड के मुकाबले जीते और तीसरे दौर में जगह बना ली है। दूसरे राउंड में जोकोविच का सामना 145वीं रैंक के खिलाड़ी जाचारी वाजदा से था। लेकिन उनसे भी जोकोविच पहला सेट हार गए थे लेकिन फिर वापसी करते हुए चार में तीन सेट जीतकर जोकोविच ने मैच को अपने नाम कर लिया। जोकोविच इस जीत के साथ ही रिकॉर्ड 19वीं बार यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गए और और रोजर फेडरर को पीछे छोड़ दिया।

### जोकोविच ने तीसरे राउंड में रखा कदम


दुनिया में सबसे अधिक 24 ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम कर चुके नोवाक जोकोविच जुलाई माह में विंबलडन सेमीफाइनल हारने के बाद पहली बार खेल रहे हैं। उन्होंने दूसरे राउंड में अमेरिका के जाचारी वाजदा को 6-7, 6-3, 6-3, 6-1 से हराया। अब तीसरे राउंड में नोवाक जोकोविच का सामना ब्रिटेन के कैम नौरी से होगा, जिनको वह छह बार हरा चुके हैं। वहीं ब्रिटेन के कैम नोरी की बात करें तो वह अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को कोमेसाना को 7-6 (5), 6-3, 6-7 (0), 7-6 (4) से हराकर तीसरे दौर में आ चुके हैं।



### टाउनसेंड और ओस्टापेंको की कोर्ट पर तीखी बहस

वहीं टेलर टाउनसेंड और येलेना ओस्टापेंको की कोर्ट पर तीखी बहस हो गई। युगल में नंबर एक अमेरिका के टाउनसेंड ने दूसरे दौर का मुकाबला 7-5, 6-1 से जीता। इसके बाद उन्होंने कहा कि 2017 फ्रेंच ओपन चैंपियन लाटविया की ओस्टापेंको ने उन्हें कहा कि उनमें 'क्लास' नहीं है और वह पढ़ी लिखी भी नहीं हैं। वहीं पिछले साल सेमीफाइनल तक पहुंचे पांचवीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर ने चोट के कारण नाम वापिस ले लिया। 12वीं रेंकिंग वाले कैस्पर रुड को बेल्जियम के रफेल कोलिंगनन ने 6-4, 3-6, 3-6, 6-4, 7-5 से मात दी।

### सबालेंका पहुंची तीसरे दौरे में




आर्यना सबालेंका ने यूएस ओपन के तीसरे दौरे में जगह बना ली है। सबालेंका ने पोलिना कुडेरमेतोवा को हराकर तीसरे दौरे में जगह बनाई। सबालेंका ने दूसरे दौर के मैच में गैर-वरीयता प्राप्त पोलिना कुडेरमेतोवा को 7-6(4), 6-2 से हराया। पहले सेट में जीत के लिए सबालेंका को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन दूसरा सेट उन्होंने आसानी से जीता। दूसरे सेट में पोलिना कुडेरमेतोवा ने घुटने की चोट के इलाज के लिए मेडिकल टाइमआउट लिया था। सबालेंका का अगला मुकाबला 31वीं वरीयता प्राप्त कनाडाई खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज से होगा, जिन्होंने फ्रांस की एल्सा जैक्वेमोट को 6-2, 3-6, 6-2 से हराया।



### अल्काराज की दूसरे दौर में आसान जीत

दूसरी वरीयता प्राप्त स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने डेढ़ घंटे से अधिक चले दूसरे दौर में मैच में इटली के 65वीं रैंकिंग वाले मात्तिया बेलूची को 6-1, 6-0, 6-3 से हराकर अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया । अल्काराज इस टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, जिन्होंने अपना सिर मुंडवा रखा है। उनके भाई ने उनके बालों से छेड़खानी की तो उन्होंने सारे बाल ही कटवा लिए। पांच बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्काराज ने पहला खिताब यहीं पर 2022 में जीता था।

### पाओलिनी ने दूसरे दौर में इवा जोविक को हराया



सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में दूसरे दौर के मुकाबले में गैर-वरीयता प्राप्त अमेरिकी इवा जोविक को 6-3, 6-3 से हराया। पाओलिनी ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बनाई। लेकिन, जोविक ने वापसी करते हुए तीन बार ब्रेक पॉइंट हासिल किए, लेकिन वे इसे भुना नहीं पाईं। दो गेम बाद जोविक को दो और ब्रेक पॉइंट मिले, लेकिन वह इसका फायदा भी नहीं उठा सकीं। पाओलिनी ने सेट 6-3 से अपने नाम किया। दूसरा सेट भी पाओलिनी ने 6-3 से अपने नाम किया। विश्व की आठवें नंबर की खिलाड़ी पाओलिनी का सामना तीसरे दौरे में 32वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी मैककार्टनी केसलर से होगा।

### हॉकी एशिया कप

## विश्व कप में जगह बनाने पर होगी भारत की नजर



एजेंसी ▸▸| मुंबई

राजगीर। तीन बार की चैंपियन भारतीय टीम पिछले कुछ अर्से के खराब फॉर्म को भुलाकर पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट जीतकर अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने के इरादे से उतरेगी, जिसे शुक्रवार को पहले मैच में चीन से खेलना है।भारत और चीन को पूल ए में जापान और कजाखस्तान के साथ रखा गया है जबकि पूल बी में पांच बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया, मलेशिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपै हैं। कजाखस्तान तीन दशक में पहली बार एशिया कप खेल रही है, जिसने ओमान की जगह ली है। हर पूल की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी जबकि फाइनल सात सितंबर को होगा।

### विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का आखिरी मौका

यह टूर्नामेंट अगले साल 14 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने का भारत के पास सर्वश्रेष्ठ और आखिरी मौका है। भारत ने पहला मौका गंवा दिया जब यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन के बाद वह एफआईएच प्रो लीग में सातवें स्थान पर खिसक गया। भारत ने आठ में से सिर्फ एक मैच जीता और सात मैच लगातार हारे, जिससे कोच क्रेग फुल्टोन को एशिया कप में अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम उतारनी पड़ी है। फुल्टोन ने स्वीकार किया कि एशिया कप इस साल का सबसे अहम टूर्नामेंट है। भारत को इस टूर्नामेंट में शीर्ष रैंकिंग मिली है और टीम बेहतरीन प्रदर्शन करके आलोचकों का मुंह बंद करना चाहेगी।



## इंटरनेशनल यूथ बॉक्सिंग गाला में भारत के 26 पदक पक्के

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजों ने चीन में आयोजित तीसरे 'बेल्ट एंड रोड' 'इंटरनेशनल यूथ बॉक्सिंग गाला' अंडर-17, अंडर-19 और अंडर-23 अंतरराष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर और टूर्नामेंट में 26 पदक पक्के किए। भारत ने अंडर-17 आयु वर्ग में 20 लड़कों और 20 लड़कियों सहित 58 सदस्यीय दल भेजा है। सेमीफाइनल में पहुंचने वाले मुक्केबाजों में ध्रुव खरब (46 किग्रा), उदय सिंह (46 किग्रा), फलक (48 किग्रा), पीयूष (50 किग्रा), आदित्य (52 किग्रा), उधम सिंह राघव (54 किग्रा), आशीष (54 किग्रा), देवेंद्र चौधरी (75 किग्रा), जयदीप सिंह हंजरा (80 किग्रा) और लोवेन गुलिया (+80 किग्रा) शामिल हैं जिन्होंने चीन, कोरिया, उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान के कड़े प्रतिद्वंद्वियों को हराकर कम से कम एक पदक पक्का किया। भारतीय जूनियर लड़कियों ने भी शानदार जीत के साथ रिंग में अपना दबदबा बनाया।



## आज से पीकेएल का आगाज भिड़ेंगी टाइटंस और थलाइवाज

एजेंसी ▸▸| विशाखापत्तनम

स्थानीय टीम पसंदीदा तेलुगु टाइटन्स शुक्रवार को शुरू होने वाले प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सत्र के पहले मैच में तमिल थलाइवाज से भिड़ेगी। यह लीग सात वर्षों के अंतराल के बाद इस शहर में वापसी कर रही है। बेंगलुरु बुल्स और पुणेरी पल्टन के बीच दिन का दूसरा मैच विश्वनाथ स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा।

नए सत्र से पहले पीकेएल के 12 कप्तानों ने भारतीय सशस्त्र बलों के सम्मान में आईएनएस कुरसुरा का दौरा किया। यह एक पनडुब्बी है जिसने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भाग लिया था। पीकेएल का पहला चरण यहां 29 अगस्त से 11 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। इसके बाद यह लीग जयपुर (12 सितंबर से 28 सितंबर), चेन्नई (29 सितंबर से 10 अक्टूबर) और नई दिल्ली (11 अक्टूबर से 23 अक्टूबर) में आयोजित की जाएगी। प्लेऑफ और ग्रैंड फिनाले के लिए स्थल अभी तय नहीं किए गए हैं।



### अमेरिकी ओपन : भांबरी बोपन्ना उतरेंगे कोर्ट में

**न्यूयॉर्क।** भारत के नंबर एक युगल खिलाड़ी युकी भांबरी और अनुभवी रोहन बोपन्ना सत्र के अंतिम ग्रैंडस्लैम अमेरिकी ओपन में देश की चुनौती की अगुआई करेंगे। भांबरी न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के साथ जोड़ी बनाएंगे जबकि बोपन्ना के जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो होंगे। भांबरी और वीनस को 14वीं वरीयता मिली है। उनका सामना मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन की जोड़ी से होगा, जो मजबूत एकल खिलाड़ी भी हैं। वहीं बोपन्ना और अर्नेडो अपने अभियान की शुरुआत रॉबर्ट कैश और जेजे ट्रेसी की अमेरिकी जोड़ी के खिलाफ करेंगे। अर्जुन काधे अपने इक्वाडोर के जोड़ीदार डिएगो हिडाल्गो के साथ खेलेंगे। इस जोड़ी का सामना अल साल्वाडोर और क्रोएशिया के मेट पाविच की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा।



### सिनक्यूफील्ड कप : वेसली ने जीता खिताब

# प्रज्ञानानंद ने किया ग्रैंड शतरंज टूर फाइनल के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▸▸| सेंट लुइस

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने सिनक्यूफील्ड कप में उपविजेता रहकर ग्रैंड शतरंज टूर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया जबकि अमेरिका के वेसली सो ने त्रिकोणीय प्लेआफ मुकाबला जीतकर खिताब अपने नाम किया। सो ने नौवें और आखिरी दौर में उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया और प्रज्ञानानंदा तथा फेबियानो कारुआना से ड्रॉ खेला। उन्होंने प्लेआफ में दो में से डेढ़ अंक बनाए।

प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के लेवोन आरोनियन से ड्रॉ खेला और कारुआना को हराया जबकि कारुआना ने टाइब्रेकर में एकमात्र ड्रॉ सो से खेला। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव ग्रैंड शतरंज टूर में सर्वाधिक अंक पाकर शीर्ष पर हैं। आरोनियन , कारुआना और प्रज्ञानानंदा भी क्वालीफाई कर चुके हैं।



### क्लासिकल वर्ग में सो, कारुआना और प्रज्ञानानंदा के 5.5 अंक



क्लासिकल वर्ग में सो, कारुआना और प्रज्ञानानंदा के 5.5 अंक रहे। आरोनियन पांच अंक लेकर चौथे स्थान पर रहे। वाचियेर लाग्रेव, अमेरिका के सैमुअल सेवियान और पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ पांचवें स्थान पर रहे। उनके बाद विश्व चैंपियन डी. गुकेश रहे। फ्रांस के अलीरजा फिरोजा के 3.5 अंक रहे जबकि अब्दुसत्तोरोव के 2.5 अंक रहे। प्रज्ञानानंदा ने पहले टाइब्रेक मुकाबले में कारुआना को हराकर जीत की उम्मीदें बढा दी थी लेकिन वह दूसरे दौर में सो से हार गए, जिन्होंने आखिरी दौर में कारुआना को ड्रॉ पर रोककर खिताब जीता।

# श्रीनगर और हिमाचल में बाढ़ जैसी स्थिति, चंबा में 1200 मणिमहेश यात्री फंसे

एजेंसी ▶▶ जम्मू/ अमृतसर

जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटना हुईं हैं। जम्मू में कटड़ा से लेकर डोडा तक भारी नुकसान हुआ है। कई पुल टूटे हैं, बिजली की लाइन और मोबाइल टावर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। कश्मीर घाटी में अनंतनाग जिले के संगम और श्रीनगर के राम मुंशी बाग में झेलम नदी बाढ़ की चेतावनी के निशान को पार कर गई। लोगों को पुलिस ने सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। झेलम नदी का पानी कुर्सु राजबाग में घुसने से लोगों में दहशत रही।

अनंतनाग कोर्ट में बाढ़ के दौरान नाव से जज पहुंचे, न्यायिक कामकाज जारी रहा। अनंतनाग में लिद्दर नदी में फंसे 22 लोगों को एसडीआरएफ ने बचाया। अवंतीपोरा में बाढ़ संभावित क्षेत्रों में पुलिस ने बचाव अभियान चलाकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। भूस्खलन से किश्तवाड़-बटोत एनएच 244 वाहनों की आवाजाही के लिए बंद है। 29 अगस्त के बीच जम्मू संभाग और दक्षिण कश्मीर के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। 30 अगस्त से एक सितंबर के बीच जम्मू संभाग में भारी बारिश के आसार हैं। 2 से 5 सितंबर को फिर मौसम में उतार-चढ़ाव रहेगा।

**पहाड़ों में बारिश का कहर जारी**

## बिजली-पानी, आवागमन और इंटरनेट पर आफत

## अनंतनाग कोर्ट में बाढ़ के दौरान नाव से जज पहुंचे



झेलम नदी में आई बाढ़ से अनंतनाग में दुकान में पानी घुसने से सामान खराब हो गया

## हिमाचल में 535 सड़कें ठप, मुश्किलें बढ़ीं

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश-भूस्खलन से सैकड़ों सड़कें, बिजली ट्रांसफार्मर व जल आपूर्ति योजनाएं ठप हैं। कई इलाकों में मोबाइल व इंटरनेट सेवाएं भी बाधित हैं। पंडोह डैम के साथ लगते कैंची मोड़ के पास चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे का बड़ा हिस्सा गायब हो गया है। यहां पैदल चलने के लिए भी रास्ता नहीं बचा है। राज्य में 535 सड़कें बंद रहीं। 1,184 बिजली ट्रांसफार्मर व 503 जल आपूर्ति योजनाएं भी ठप हैं। चंबा में मणिमहेश यात्रा पर गए 1200 श्रद्धालु जगह-जगह फंसे हैं। इनमें गौरीकुंड में 100, धन्छो में 500, भरमौर के चौरासी मंदिर में 600 श्रद्धालु फंसे हुए हैं।



कुल्लू के रायसन क्षेत्र में सड़क मरम्मत की जा रही

### चंबा में 2 लापता, 9 घर बहे

चंबा जिले में बुधवार को दो जगह भूस्खलन से भाई-बहन समेत अब तक चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो लापता हैं। भरमौर के होली क्षेत्र के सलून गांव में नाले में बाढ़ आने से नौ घरों के बहने की सूचना है। कांगड़ा की दुर्गम पंचायत बड़ा भंगाल में रावी नदी का जलस्तर बढ़ने से हेलीपैड के समीप दो सरकारी स्कूल भवन, आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी, पंचायत भवन, राशन डिपो, गांव को जोड़ने वाले पुल भी बहे हैं।

## पंजाब में उज्ज, रावी-ब्यास और सतलुज उफनाई



अमृतसर में सेना के अटोर एन1200 आधुनिक वाहन से बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित निकाला

पंजाब में रावी, ब्यास और सतलुज नदियों में जलस्तर बढ़ने से पठानकोट, गुरदासपुर, तरनतारन, होशियारपुर, कपूरथला, जालंधर, फिरोजपुर और फाजिल्का जिलों के 200 से अधिक गांव डूब गए हैं। यहां एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सेना बचाव कार्य में जुटी है। माधोपुर हेडवर्क्स के गेट टूटने से सिंचाई विभाग के कर्मचारी विनोद कुमार पानी के तेज बहाव में बह गए जिनकी तलाश की जा रही है। होशियारपुर में टांडा उड़मुड़ के

### मोर्चे पर डटी सेना

अमृतसर में रावी दरिया का जल स्तर खतरे के निशान के ऊपर चला गया है। जिले के 40 से ज्यादा गांव में पानी भर गया है। सेना की ओर से मोर्चा संभालते हुए लोगों को रेस्क्यू किया और अटोर एन1200 आधुनिक वाहन से बाढ़ प्रभावित लोगों को निकाल सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया।

सलेमपुर मंड क्षेत्र में ब्यास दरिया की बाढ़ में एक व्यक्ति के डूबने से मौत हो गई। पठानकोट के बॉर्डर क्षेत्र में पड़ते रावी दरिया के कथलोर पुल के नीचे एक 9 वर्षीय बच्ची की लाश मिली है। बच्ची की मौत पानी में डूबने से हुई है। लगातार हुई बारिश और रावी दरिया का जलस्तर बढ़ने से अमृतसर के 40 से ज्यादा गांवों में पानी भर गया है। गुरुवार को सेना ने मोर्चा संभाला बाढ़ प्रभावित गांवों से लोगों को निकालना शुरू किया।

### तेलंगाना में बारिश, 1000 लोग बचाए

*तेलंगाना में बीते 48 घंटे से भारी बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। बचाव कार्य में एसडीआरएफ और स्थानीय पुलिस के साथ एनडीआरएफ और सेना को तैनात किया गया है। भारतीय मौसम विभाग ने आगे भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस बीच बाढ़ की चुनौती से निपटने को खुद सीएम रेवंत रेड्डी ने मोर्चा संभाल लिया है। बारिश और बाढ़ से राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर यातायात बाधित है। राज्य में अभी 1 व्यक्ति की मौत हुई है, जबकि 1000 से अधिक लोगों को रेस्क्यू करके सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।*



## खबर संक्षेप


### रूसी खिलाड़ी मेदवेदेव पर 37 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** रूस के टेनिस खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव ने यूएस ओपन टूर्नामेंट के पहले दौर के मुकाबले के दौरान कोर्ट पर एक फोटोग्राफर पर गुस्सा निकाला। वे अंपायर को देखकर भी चिल्लाए और मैच के बाद रैकेट भी तोड़ दिया। मेदवेदेव की इस हरकत को खेलभावना के विरुद्ध माना गया और उन पर 42,500 डॉलर (करीब 37 लाख रुपए) जुर्माना लगाया गया। यह राशि मेदवेदेव की मैच फीस (1,10,000 डॉलर) से काटी जाएगी।



### ओल्ड लंदन हाउस राख बुजुर्ग महिला की मौत

**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल में डेढ़ सौ साल से ज्यादा पुराने 'ओल्ड लंदन हाउस' में भीषण आग लगने के कारण झुलसकर एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मल्लीताल क्षेत्र में मोहनको चौराहे पर स्थित इस इमारत में बुधवार रात आग लग गई। प्रसिद्ध इतिहासकार और पर्यावरणविद डॉ. अजय रावत ने बताया कि उनकी बहन शांता बिष्ट की आग में झुलसकर मृत्यु हो गई है। वह 82 वर्ष की थीं।



### चर्च में गोलीबारी करने वाला पार्किंग में मृत पाया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के मिनियापोलिस शहर में बुधवार को एक चर्च में प्रार्थना सभा में शामिल हो रहे स्कूली बच्चों पर गोलीबारी में दो छात्रों की मौत हो गई। 23 वर्षीय रॉबिन वेस्टमैन नाम के शूटर ने तीन हथियारों एक राइफल, एक शॉटगन और एक पिस्तौल का इस्तेमाल किया और एनुंसिएशन कैथोलिक स्कूल के चर्च पर दर्जनों राउंड फायरिंग की। बाद में वेस्टमैन पार्किंग में वह मृत पाया गया। अधिकारियों का मानना है कि उसने खुद को गोली मार ली।



## भारत पर टैरिफ लगाकर घर में ही घिरे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

हर तरफ से मिल कड़ी रही आलोचना

# भारत को निशाना बनाना उचित नहीं यह पूरी तरह भ्रामक नीतिगत फैसला

*अमेरिकी राजनेताओं और विशेषज्ञों ने ट्रंप की टैरिफ नीतियों और भारत पर लगाए गए शुल्कों की कड़ी आलोचना की है। कई अमेरिकी सांसदों, राजनयिकों और विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यह कदम अमेरिका की सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारियों में से एक को नुकसान पहुंचा सकता है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर रूसी तेल की खरीद कर यूक्रेन युद्ध में रूस की आर्थिक मदद का आरोप लगाते हुए भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। वहीं अमेरिकी दल ने भारत के साथ ट्रेड डील को लेकर चल रही बातचीत के अगले दौर को भी स्थगित कर दिया है। इन नीतियों की वजह से अब ट्रंप को घर में ही विरोध का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी राजनेताओं और विशेषज्ञों ने ट्रंप की टैरिफ नीतियों और भारत पर लगाए गए शुल्कों की कड़ी आलोचना की है।

**» भारत के साथ संबंधों को कमजोर करना एक आपदा**

**» ट्रंप का फैसला अमेरिकियों को नुकसान पहुंचा रहा**



### पूर्व उपराष्ट्रपति भी असहमत

वहीं अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने भी ट्रंप की नीति की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी कंपनियां और अमेरिकी उपभोक्ता अमेरिकी टैरिफ की कीमत चुका रहे हैं। पेंस ने एक लेख भी शेयर किया जिसमें बताया गया था कि कैसे फोर्ड ने अपनी ज्यादातर गाड़ियां अमेरिका में बनाईं। इसके बावजूद सिर्फ तीन महीनों में 80 करोड़ डॉलर का टैरिफ चुकाया।



### मोदी को घुटने नहीं टेकने चाहिए: पूर्व उप विदेश मंत्री

*अमेरिका के पूर्व उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल ने अमेरिका और भारत की साझेदारी को 21वीं सदी में अमेरिका का सबसे महत्वपूर्ण*



### संबंध कमजोर होंगे: रिपब्लिकन पार्टी

ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने कहा था कि व्यापार को लेकर भारत के साथ संबंधों को कमजोर करना एक रणनीतिक आपदा होगी।

### ऑस्ट्रेलिया के व्यापार मंत्री बोले


**हम भारत पर टैरिफ का समर्थन नहीं करते**

डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर टैरिफ लगाए जाने के बाद ऑस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री डॉन फैरेल ने भारत का समर्थन किया है और अपने देश की 'मुक्त और निष्पक्ष व्यापार' के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया है।



### उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

## एलओसी के पास 2 आतंकी ढेर, तलाशी अभियान जारी



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ बांदीपोरा

उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) से सटे गुरेज़ सेक्टर के नौशेरा में गुरुवार तड़के भारतीय सेना ने सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकवादियों को मारकर आतंकियों की एक घुसपैठ की कोशिश को नाकाम बना दिया गया। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी जिसमें दो आतंकवादी मारे गए।

उन्होंने बताया कि एलओसी पर नौशेरा सेक्टर में जम्मू कश्मीर पुलिस को एक घुसपैठ का इनपुट बरामद हुआ। इसके बाद सेना के जवानों ने जम्मू कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के जवानों के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चलाया।

### चिनार कोर ने शहीद सैनिक को दी श्रद्धांजलि

*इससे पूर्व उत्तरी कश्मीर के सीमांत जिले बारामुला के उड़ी सेक्टर में 25 अगस्त को सतर्क जवानों ने एलओसी के करीबी एक आतंकवादी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया गया। वहीं, सेना ने गुरुवार को बताया कि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक सैनिक 'कर्तव्य निभाते हुए शहीद' हो गया। चिनार कोर ने एक्स पर किए गए पोस्ट में कहा कि चिनार कोर कुपवाड़ा जिले में ऑपरेशनल ड्यूटी निभाते हुए बहादुर हवलदार इकबाल अली के सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करती है। उनका साहस और समर्पण हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा। सेना ने कहा कि चिनार वॉरियर्स इस बहादुर हवलदार की वीरता और बलिदान को सलाम करते हैं। सेना ने कहा कि हम शोक संतप्त परिवार के साथ एकजुटता से खड़े हैं और उनकी भलाई के लिए प्रतिबद्ध हैं।*

### नेपाल के रास्ते बिहार में घुसे पाक आतंकी

## 50 हजार का इनाम, जांच अभियान चला रही पुलिस, हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश

एजेंसी ▶▶ मोतिहारी

नेपाल के रास्ते भारतीय क्षेत्र के बिहार में घुसे पाकिस्तान के तीन आतंकियों की खोज में जिले की पुलिस व सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल व अन्य सुरक्षा एजेंसियां जुटी हैं। खुफिया एजेंसी की ओर से दी जानकारी के आधार पर जैश-ए मोहम्मद के जिन तीन आतंकियों की खोज की जा रही है। उनमें रावलपिंडी पाकिस्तान का निवासी हसनैन अली, उमरकोट का आदिल हुसैन एवं बहावलपुर का मोहम्मद उस्मान शामिल है। राज्य पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी अलर्ट के बाद पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने जिले से लगी नेपाल की सीमा पर स्थित सभी थानों और सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने को कहा है।

### वाहनों की तलाशी ली जा रही



*एसपी की ओर से जारी निर्देश के बाद पूरे जिले में सघन वाहन जांच की जा रही है। खास तौर पर भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी व पुलिस की टीम एक-एक व्यक्ति की तलाशी ले रही है।*

### पासपोर्ट लगी तस्वीर जारी की

पुलिस अधीक्षक ने सभी आतंकियों के पासपोर्ट लगी तस्वीर व उनका नाम पता जारी करते हुए कहा है कि आतंकियों के सिर पर 50 हजार के इनाम की घोषणा की गई है। एसपी ने आम आदमी के लिए दो नंबर जारी किए हैं। एसपी ने अपने संदेश में साफ किया है कि इन तीनों के दिखने या उनके बारे में किसी भी तरह की जानकारी होने पर नजदीकी थाना को सूचना दें। पुलिस के डायल 112 पर भी सूचना दी जा सकती है । साथ ही पुलिस अधीक्षक के मोबाइल नंबर 9031827100 , 9431822988 पर भी वाट्सएप संदेश या फोन कर जानकारी दी जा सकती है।

### रूस का कीव पर हमला, 10 की मौत, कई घायल, ईयू की बिल्डिंग को भारी नुकसान

**कीव।** रूस ने बुधवार रात यूक्रेन की राजधानी कीव पर मिसाइलों की बौछार कर दी, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों घायल हुए हैं। ताजा हमले में यूरोपीय यूनियन (ईयू) के प्रतिनिधिमंडल भवन को भारी नुकसान हुआ है। यूक्रेन में यूरोपीय यूनियन की राजदूत माथेरनोवा ने यह जानकारी दी है। वहीं, प्रतिनिधिमंडल भवन पर हुए हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। राजदूत कैटरीना माथेरनोवा ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे शांति प्रयासों के प्रति मास्को का सच्चा जवाब बताया। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने कहा कि वह इस हमले से भयभीत हैं और उन्होंने यूक्रेनी लोगों और यूरोपीय संघ के कर्मचारियों के प्रति समर्थन व्यक्त किया।




### आयरलैंड में भारतीयों को निशाना बना रहे कम उम्र के किशोर

## कर रहे नस्लवादी हिंसा, भारत वापस जाने को कह रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले 10 वर्षों में आयरलैंड जाने वाले भारतीयों की संख्या तीन गुना से अधिक हो गई है, जो 2015 में लगभग 20,000 से 2024 में 70,000 से अधिक हो गई है। भारतीय समुदाय के लोगों ने आयरलैंड की स्वास्थ्य सेवा और तकनीक से लेकर वित्त और फार्मा तक के क्षेत्रों में शानदार भूमिकाएं निभाई हैं। लेकिन हाल में यहां के कुछ नस्लवादी लोगों ने भारतीय प्रवासियों का विरोध करना शुरू कर दिया है। जुलाई के बाद से हमले भी होने लगे हैं।




हमलों का भारतीय समुदाय के लोग विरोध जताते हुए

### अप्रैल 2024 में भारतीयों की संख्या बढ़ी

*अप्रैल 2024 में समाप्त होने वाले वर्ष में लगभग 1.5 लाख लोग आयरलैंड आए, जो लगभग दो दशकों में 12 महीनों में सबसे बड़ी वृद्धि है।*

### भारतीय दूतावास ने जारी की एडवइजरी

भारतीय समुदाय ने हाल के दिनों में अपने ऊपर हुए हमलों की अन्य घटनाओं की भी सूचना दी है। 1 अगस्त को, डबलिन स्थित भारतीय दूतावास ने एक एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि हाल ही में आयरलैंड में भारतीय नागरिकों पर शारीरिक हमलों की घटनाओं में वृद्धि हुई है। आयरलैंड में सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए उचित सावधानी बरतें और सुनसान इलाकों में जाने से बचें, खासकर इस समय में।

### 2025 में कब-कब हुए हमले

19 जुलाई: डबलिन के एक उपनगर में एक 40 वर्षीय भारतीय व्यक्ति पर बेरहमी से हमला किया गया। 1 अगस्त: भारतीय मूल के टैक्सी चालक 40 वर्षीय लखवीर सिंह पर डबलिन के एक उपनगर में उन्हें छोड़ने के बाद दो लोगों ने हमला कर दिया।

### पूर्व पीएम भारतीय मूल के

आयरलैंड की राजधानी डबलिन में नवंबर 2023 में भारतीय मूल के लोगों के खिलाफ प्रदर्शन उस समय तेज हो गए थे, जब बसों में आग लगा दी गई थी और दुकानों में लूटपाट की गई थी। लियो वराडकर, जिनके पिता महाराष्ट्र से हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109